वर्ष-31, अंक- 222, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 04, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
30 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### बारात में नाचने के क्रम में हर्ष फायरिंग, युवक की मौत

**चतरा।** शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड के बरवा कोचवा गांव की है। मृतक का नाम अभिषेक कुमार (22 वर्ष) है। मृतक के परिजनों की शिकायत पर प्रतापपुर पुलिस ने गुरुवार को एक देसी कट्टे के साथ दो युवक विक्रम कुमार और सुमित कुमार को हिरासत में लिया है। घटना बुधवार देर रात की है। पुलिस ने मृतक युवक का पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के जीजा नंदलाल यादव ने बताया कि इमामगंज के बरडीह से बारात प्रतापपुर के बरवाकोचा गया था। अभिषेक गया में रहता था। उसके दोस्त की शादी हो रही थी। उसने जबरदस्ती शादी में बुलाया। नाचने के दौरान लड़ाई हुई थी। इसी बीच गोली चलने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कंधे और हाथ में गोली लगने से वह गिर गया था। शरीर से सारा खून निकल गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना प्रतापपुर पुलिस को दी गई। प्रतापपुर पुलिस देशी कट्टे के साथ विक्रम कुमार और सुमित कुमार को हिरासत में लिया है। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

# जनता का विश्वास, हमारी ताकत है : डीआईजी नौशाद आलम

- नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने की अपील, संगठित अपराधियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई का एलान

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नौशाद आलम अंसारी एक संवेदनशील, अनुशासित और जनपक्षधर पुलिस अधिकारी हैं। वे जन-संवेदना को प्राथमिकता देने और पुलिस को जनता के करीब लाने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। उनका फोकस पुलिस-जन सहयोग, कानून व्यवस्था की मजबूती और संगठित अपराध पर सख्ती से कार्रवाई पर है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास और मुख्यधारा में वापसी की पहल उनके कार्य की एक अहम विशेषता है। उनका मानना है कि झारखंड के समग्र विकास के लिए पुलिस, प्रशासन और आम नागरिकों को मिलकर सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। प्रस्तुत है **राष्ट्रीय नवीन मेल के स्थानीय संपादक राणा अरुण सिंह** से हुई खास बातचीत के प्रमुख अंशः

**सवाल :** पलामू प्रमंडल में आपकी प्राथमिकताएं क्या रहेंगी?

**जवाब :** जनता की समस्याओं का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता है। पुलिस को सरल और सौम्य तरीके से काम करना होगा, ताकि पीड़ित ग्रामीणों का विश्वास जीता जा सके।

**सवाल :** पुलिस और आम जनता के बीच दूरी कैसे कम की जाएगी?

**जवाब :** पुलिस को "पीपुल फ्रेंडली" बनाना होगा। जनता के बीच एक्सेस बढ़े, इसके लिए संवाद, सहयोग और संवेदनशीलता जरूरी है।



**सवाल :** क्या समाज के हर वर्ग को साथ लेने की कोशिश की जाएगी?

**जवाब :** बिल्कुल। समाज में कुछ असामाजिक तत्व होते हैं, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं जो उनसे परेशान हैं। हमें उन्हीं का भरोसा जीतना है।

**सवाल :** लापरवाह पुलिसकर्मियों पर क्या कार्रवाई होगी?

**जवाब :** जो पुलिस अधिकारी कसौटी पर खरे नहीं उतरेंगे, उन पर सख्त कार्रवाई होगी। शिकायत मिलते ही तत्काल कदम उठाए जाएंगे।

**सवाल :** नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को लेकर आपकी क्या रणनीति है?

**जवाब :** मैंने नक्सलियों से अपील की है कि वे सरकार की पुनर्वास योजनाओं का लाभ लें और मुख्यधारा में लौटें। जंगल में रहकर वे अपना और समाज का कोई भला नहीं कर सकते।

**सवाल :** अगर वे नहीं लौटे तो?

**जवाब :** फिर पुलिस की शक्ति से उनका मुकाबला किया जाएगा। लेकिन हमारी कोशिश है कि वे खुद लौटकर समाज में योगदान दें।

**सवाल :** झारखंड के विकास में पुलिस की भूमिका क्या हो सकती है?

**जवाब :** हम सभी झारखंडी हैं। जब तक सब मिलकर काम नहीं करेंगे, झारखंड का विकास संभव नहीं। हर व्यक्ति और संस्था को अपनी भूमिका रेखांकित करनी होगी।

**सवाल :** संगठित अपराध को लेकर क्या विशेष कदम उठाए जाएंगे?

**जवाब :** ऑर्गेनाइज्ड क्राइम के खिलाफ हमारी कार्यवाही तेज होगी। चिन्हित अपराधियों पर फोकस करते हुए कार्रवाई की जाएगी। कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सवाल :** क्या यह अभियान लगातार जारी रहेगा?

**जवाब :** हां, संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस का अभियान निरंतर तेज गति से चलता रहेगा।

# बारात की खुशियां मातम में बदली सड़क हादसे में चार की मौत, कई घायल

- तरहसी थाना क्षेत्र के ब्रहकुरवा गांव में डीजे वाहन से टकराकर पलटी बारातियों की गाड़ी, मृतकों के घरों में मचा कोहराम
- हादसे से पूरे गांव में शोक, शादी की खुशियां पलभर में बदल गईं मातम में।
- पुलिस ने सवारी वाहन जब्त किया, डीजे चालक मौके से फरार।

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रहकुरवा गांव में बुधवार रात करीब 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। बारातियों को ले जा रही सवारी गाड़ी और डीजे वाहन के बीच हुई जोरदार टक्कर में सवारी वाहन पलट गया, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि दो अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह बारात मनातू प्रखंड के रंगेया पंचायत स्थित चुनका-पसिया गांव से सतबरवा प्रखंड के बोहिता गांव जा रही थी। रास्ते में ब्रहकुरवा गांव के पास सामने से आ रहे डीजे वाहन ने बारातियों की सवारी गाड़ी को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि गाड़ी में लोग ऊपर और नीचे दोनों ओर बैठे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि सवारी गाड़ी पलट गई।

हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। सभी घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छह घायलों को गंभीर स्थिति में रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया।

मृतकों की पहचान विकास सिंह (17 वर्ष), पिता राजेश्वर सिंह, गांव सिक्की खुर्द, पाटन; चंदन यादव (14 वर्ष), पिता राजदेव यादव, मनातू; विकेश कुमार (22 वर्ष), पिता जयराम सिंह, नावा जयपुर; और विशेष कुमार सिंह (15 वर्ष), पिता शिवनाथ सिंह, नावा चुनका के रूप में हुई है। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार या पड़ोसी बताए जा रहे हैं।

घायलों में चंदन, दीपक कुमार सिंह, कंचन कुमार सिंह, राहुल, अखिलेश सिंह, सूर्यनारायण सिंह, विवेक कुमार सिंह, मनोज सिंह, संजय सिंह, रंजीत सिंह समेत कई अन्य शामिल हैं। इनमें से मनोज और चंदन समेत छह लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार और मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सवारी वाहन को जब्त कर लिया है। हालांकि टक्कर मारने वाला डीजे वाहन मौका पाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

इस हादसे ने पूरे गांव को गहरे शोक में डाल दिया है। जिस घर में शादी की खुशियां होनी थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। मृतकों के परिजन बदहवासी में हैं और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## शराब घोटाले में आईएएस विनय चौबे सहित चार अधिकारी सस्पेंड



- एसीबी ने रिमांड पर लेकर शुरू की पूछताछ

**रांची।** झारखंड सरकार ने शराब घोटाले में गिरफ्तार किए गए सीनियर आईएएस विनय चौबे सहित चार अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। इन अफसरों में उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, झारखंड राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची के महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास और पूर्व महाप्रबंधक सुधीर कुमार शामिल हैं। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। शराब घोटाले की जांच कर रही राज्य सरकार की एजेंसी एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 20 मई और अन्य दो अधिकारियों को 21 मई को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। इन सभी का निलंबन जेल जाने की तिथि से ही प्रभावी होगा। इस बीच एसीबी ने विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को सुबह 10 बजे से दो दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने दोनों से पिछले तीन वर्षों में उनके एवं उनके परिजनों के नाम पर अर्जित संपत्ति, निवेश और उनके स्त्रोतों के बारे में सवाल किए हैं। उनसे वर्ष 2022 में राज्य में नई उत्पाद नीति लागू होने के बाद थोक कारोबार का टेंडर लाने वाले सिंडिकेट में शामिल लोगों से रिश्तों के बारे में भी जानकारी मांगी गई। एसीबी ने अब तक की जांच में पाया है कि इन अधिकारियों की साजिश की वजह से राज्य सरकार को 38 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है। यह रकम और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।झारखंड में शराब घोटाले की शुरुआत वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ की तर्ज पर नई एक्साइज पॉलिसी लागू होने के साथ ही हो गई थी। इस पॉलिसी को जमीन पर उतारने के लिए बतौर कंसल्टेंट छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के साथ करार किया गया था। झारखंड में इस पॉलिसी को लागू करने की प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गईं। आरोप है कि एक खास सिंडिकेट को शराब का टेंडर दिलाने के लिए मनमाने तरीके से शर्तें बदल दी गईं।

## आज / कल




## भारतीय सेना को नमन

### भारत की तरफ दूसरा देश अब आंख नहीं उठाएगा

भारतीय सेना का पराक्रम अद्वितीय है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने जो पराक्रम दिखाया उसका पूरे विश्व में डंका बज रहा है। हमारी सेना सामने से पाकिस्तान के साथ लड़ रही थी, लेकिन पीछे से तीन देश उसके सपोर्ट में खड़े। उन देशों में चीन भी शामिल था। जिसे भारतीय सेना के पराक्रम के आगे झुकना पड़ा। हम ऐसे देश में है, जहां की जनता सेना के भरोसे पूरी तरह सुरक्षित है। अब हमारे देश की तरफ कोई दूसरा दूसरा देश आंख उठाकर देखने की कोशिश भी नहीं करेगा।




**रोहण देव पाठक**
**सिंगर एवं म्यूजिक कंपोजर**
**रांची**

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से वर्चुअल माध्यम से इरफान अंसारी ने की बैठक, कहा -

# झारखंड को मिले विशेष स्वास्थ्य पैकेज, राज्य में एम्स और 5 मेडिकल कॉलेज खोली जाए

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि राज्य की सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति और आदिवासी बहुलता को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष पैकेज दिया जाए। उन्होंने यह मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में रखी। नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आरसीएच सभागार से इस बैठक में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अंसारी ने भाग लिया। उनके साथ अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक अबु इमरान, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ. चंद्र किशोर शाही एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान, खसरा-रूबेला टीकाकरण, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन, 15वां वित्त आयोग अनुदान, और पीएसए प्लांट संचालन पर चर्चा की गई। डॉ. अंसारी ने बताया कि झारखंड में टीबी मरीजों को अब "निक्षय आहार योजना" के तहत 500 रुपये के स्थान पर 1000 रुपये प्रति माह पोषण सहायता दी जा रही है। अब तक 12 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से मरीजों को हस्तांतरित किए जा चुके हैं। राज्य में अब तक 226 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। साथ ही 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान को राज्य में गंभीरता से चलाया जा रहा है। खसरा एवं रुबेला की रोकथाम के लिए वर्ष 2023 में 9 उच्च जोखिम जिलों – साहेबगंज, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, धनबाद, देवघर, गिरिडीह, कोडरमा और दुमका में 45 लाख बच्चों का टीकाकरण किया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में MR-1 टीका 8,41,319 बच्चों को और MR-2 टीका 7,83,165 बच्चों को दिया गया। इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।



डॉ. अंसारी ने रांची में एम्स की स्थापना, पांच नए मेडिकल कॉलेज और एक मेडिकल सिटी की मांग दोहराते हुए कहा कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य को स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने राज्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि "आप अच्छा कार्य कर रहे हैं, मैं आपकी सोच की सराहना करता हूं और हर संभव मदद करूंगा"। उन्होंने डॉ अंसारी को निर्देशित किया कि वे एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट के साथ दिल्ली आएं, जिससे झारखंड की आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की जा सके। डॉ. अंसारी ने जानकारी दी कि 1170 पंचायतों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है, और स्वास्थ्य विभाग तेजी से कार्य कर रहा है ताकि दूर-दराज और दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराई जा सकें।

# इंडिया ये लड़ाई है देशभक्ति भरे सिंदूर और जातीय आरक्षण से लाभ उठाने की



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

दुआलोचना करना हमारे स्वभाव में है पर जब से सोशल मीडिया का प्रचालन बढ़ा है तब से हम अधिक मुखर हुए हैं । कुछ मामलों में आलोचना सार्थक भी होती है पर आजकल चलन राजनीतिक विद्वेष के लिए चरित्र हनन से लेकर झूठे मामलों पर भी आलोचना की जा रही और पैसे देकर इन्हें वायरल भी कराया जाता है जिससे ऐसा लगे जैसे जनता नाराज है । अभी बिहार सहित कुछ राज्यों में चुनाव हैं तो ऐसे मामले उछाले जा रहे हैं । हम सबसे अधिक आलोचना खराब व्यवस्था की करते हैं पर जब कोई सफल लेखक, पत्रकार, अधिकारी या जज राजनीति में आकर उसे सुधारना चाहता है तो उसकी भी नीयत पर सवाल उठाए जाते हैं । भारत में सबसे अधिक आलोचना नेताओं की होती है और दूसरी ओर सत्ता का आकर्षण भी सबसे बड़ा होता है जिसे हर कोई प्राप्त करना चाहता है । हजारों साल की गुलामी के बाद मिली आजादी के बाद सबसे बड़ा संकट नेतृत्व का था क्योंकि गलत आदमी के हाथों सत्ता जाने पर उसके दूरगामी प्रभाव पड़ते हैं । अनेक मामलों में विभिन्न राज्यों के साथ झारखंड भी अपेक्षित विकास नहीं कर पाया जिसका दोष नेतृत्व पर ही थोपा जाता है । राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां जब तक सत्ता से दूर रहती हैं तब तक जमीनी स्तर के नेताओं को अवसर देने की बात करती है और सत्ता में आने पर समर्पित कार्यकर्ताओं के बजाय उन पर टिकट बेचने के आरोप लगने लगते हैं । आजकल चलन में है कि अपने काले धंधे को कवर करने या नेतागीरी की आड़ में करोड़ों कमाने के लिए अनेक लोग राजनीति में आना चाहते हैं और उनका समाज सेवा से दूर का भी रिश्ता नहीं होता । जबकि विभिन्न पार्टियों की विचारधारा से प्रभावित हजारों समर्पित कार्यकर्ता किनारे कर दिए जाते हैं । जैसे जैसे लोगों में राजनीतिक चेतना और परिपक्वता विकसित हो रही है टिकट खरीदवाले या समाज सेवा का ढोंग करने वाले आपराधिक प्रवृति के कथित नेताओं को पब्लिक ने नकारना शुरू कर दिया है । पिछली लोकसभा में अपेक्षित सफलता से दूर भाजपा भी इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में जिस तरह महीनों पहले से सक्रिय है उससे लग रहा है कि इस बार टिकट वितरण में सावधानी बरतेगी । अन्य पार्टियां भी चुनाव जिताने वाले उम्मीदवारों की तलाश में धन के साथ जन से मजबूत लोगों को प्रश्रय देगी ।



फैसला तो जनता के हाथों में है पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में परिवारवाद व जातिवाद को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि राजनीति में ऐसे नए लोगों को अवसर मिलना चाहिए जिनके परिवारों का पहले से कोई राजनीतिक बैकग्राउंड न हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक दलों को परिवारवाद से बचाने के लिए एक लाख ऐसे युवाओं को आगे लाने की बात की ।उन्होंने कहा कि ये एक लाख युवा ऐसे परिवारों से आएं जिनका राजनीति से कोई संबंध न रहा हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे एक लाख लोग, फ्रेश ब्लड चाहे ग्राम पंचायत में आएं, नगर पालिका में आएं, जिला परिषदों में आएं, चाहे विधानसभाओं में आएं या लोकसभा में आएं। इससे पहले उनके परिवार का कोई राजनीतिक इतिहास न हो, ऐसे फ्रेश लोग राजनीति में आएं ।प्रधानमंत्री अभी ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा देश में कर रहे हैं तो कुछ विपक्षी पार्टियां जो पहलगाम में नृशंस हत्याकांड को ही फर्जी बताकर शुरू से आलोचना कर रही थी इसका राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगा रही है । सवाल यह उठता है कि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री यदि अपने नेतृत्व में कराए किसी कार्य या ऑपरेशन का श्रेय ले रहे हैं तो तो इसमें नया क्या है ? क्या सभी नेता ऐसा नहीं करते रहे हैं ? कोई जातीय जनगणना कराने के निर्णय को अपनी उपलब्धि बता रहा है तो कोई आरक्षण या मुफ्त बिजली या अन्य सुविधाओं का श्रेय लेकर जीत रहा है तो उसमें पाकिस्तान में घुसकर तीन बार उसकी दुर्गति करने का श्रेय लेने का प्रधानमंत्री का दावा उस हिसाब से सही लगता है पर उनका दो दिनों में चार राज्यों का दौरा और विकास योजनाओं की सौगात का क्या असर पड़ेगा यह समय बताएगा । वैसे तो प्रचार के सहारे सभी पार्टियों को मजबूती मिलती है पर दिल्ली में हारी और पंजाब में जीती आम आदमी पार्टी का सभी टीवी चैनलों पर धुंवाधार प्रचार लोगों के बीच सबसे चर्चित रहा है जिस पर कम और पीएम मोदी पर सबसे ज्यादा फोकस विपक्ष का रहता है । आपसी नोंक-झोंक से अलग अगले कुछ महीनों में तय हो जाएगा कि पब्लिक किसके दावे को सही मानती रही और किसे झूठ ।

## तीर्थ यात्रा पर पत्नी संग निकले मुख्यमंत्री हेमंत



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केदारनाथ दर्शन के लिए रांची एयरपोर्ट से गुरुवार को अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ रवाना हुए। मुख्यमंत्री रांची से दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं ,वहां से वह उत्तराखंड जाएंगे। मुख्यमंत्री को एक जून को रांची लौटने की संभावना है। मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर 30 मई को 16वें वित्त आयोग की टीम के साथ होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगे और झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि 2024 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद हेमंत सोरेन लगातार तीर्थ स्थलों का दौरा कर रहे हैं। पूजा-अर्चना कर रहे हैं। फरवरी में मुख्यमंत्री अपनी धर्म पत्नी कल्पना सोरेन के साथ कोलकाता स्थित शक्तिपीठ कालीघाट में मां काली के दर्शन किए। दोनों ने गर्भगृह में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की थी।

## नीलगाय ने बाइक पर किया हमला, दो घायल



**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** गुरुवार को जपला छतरपुर मुख्य पथ के कचरा मोड़ के समीप नीलगाय के हमले से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया गया। घायलों में हुसैनाबाद के महुअरी गांव निवासी अभिषेक कुमार पासवान एवं बादल कुमार पासवान शामिल हैं। बताया जाता है कि दोनों युवक अपने किसी रिश्तेदार के बाइक से जा रहे थे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मेदिनीनगर रेफर कर दिया। क्षेत्र में नीलगाय का झुंड फसलों सब्जियों को नुकसान करने के साथ साथ राहगीरों और बाइक सवारों पर भी हमला करना शुरू कर दिया है। हैदरनगर कबरा कला, जपला नबीनगर, जपला दंगवार, जपला छतरपुर सड़क में कब कहां कौन नीलगाय का शिकार हो जाएगा, कहा नहीं जा सकता है।

**प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर रेफर**

# कलेक्शन एजेंट से लूट करते एक गिरफ्तार

### आठ अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता**
**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के लादी स्कूल के पास फ्यूजन फाइनेंस कंपनी के सेल्समैन धर्मेन्द्र विश्वकर्मा से 45 हजार रूपए लूट लेने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार देर शाम बताया जाता है। इस संबंध में गुरूवार को थाना में मामला दर्ज कराया गया है। घटना को 7-8 की संख्या में अपराधियों ने अंजाम दिया। पुलिस ने तत्काल ही कार्रवाई करते हुए लादी के मुकेश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। उसके अन्य साथियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार छतरपुर के बगैया के रहने वाले और फिलहाल बारालोटा में रह रहे फ्यूजन फाइनेंस कंपनी के सेल्समैन धर्मेन्द्र विश्वकर्मा लादी समेत अन्य क्षेत्रों से समूह का पैसा कलेक्शन कर लौट रहे थे। जैसे ही लादी स्कूल के पास पहुंचे, पहले से वहां मौजूद 7-8 की संख्या में अपराधियों ने उन्हें रोका और लूटपाट शुरू कर दी। कलेक्शन के 45 हजार रूपए लूट लिए। धर्मेन्द्र ने इस संबंध में चैनपुर थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लादी से एक आरोपी मुकेश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि मुकेश से उसके अन्य साथियों के बारे में पता लगाया जा रहा है। जल्द मामले का उद्भेन कर लिया जायेगा।




## 10वीं का जिला टॉपर आशुतोष आगे चलकर आईएएस बनना चाहता है



**नवीन मेल संवाददाता**
**पंडवा।** 10वीं बोर्ड में जिला टॉपर बना आशुतोष कुमार रंजन आगे चलकर आईएएस बनना चाहता है। वह प्रखंड अंतर्गत छेछौरी ग्राम का रहने वाला है। अध्यन के दौरान अगर दिनचर्या की बात करने पर उसने बताया कि लामीपत्रा हाई स्कूल व गाइड लाइन टीचिंग कटिंज जो की एलएलटीसी का दूसरी शाखा है का पूर्ण रूप से श्रेय जाता है। इसके परिणाम स्वरूप ही वह बोर्ड का रिजल्ट में 97.20 ला पाया है। स्कूल व कोचिंग के बाद पढ़ने का जो तरीका था वह साधारण था। घर पर छह से सात घंटा पढ़ने का कार्य करता था। जो भी विषय से जुड़ा सूत्र होता था उसको वह पढ़ाई के रूप में कागज पर लिखकर चिपका देता था। इससे सूत्र याद करने में सहूलियत होती थी। मेरे लिए मुख्य रूप से प्रेरणा के श्रोत मेरे शिक्षक माता पिता रहें है, जिसके सहयोग से अपने आप को वह हमेशा ऊर्जा महसूस करता था। उसने कहा कि मित्र ऐसे होने चाहिए, जिससे कुछ ज्ञान और प्रेरणा मिल सके। बताया कि मोबाइल व इंटरनेट का उपयोग सही तरीके से किया जाये तो एक वरदान स्वरूप है अन्यथा नुकसान भी है।

# 12 लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के कचरा गांव निवासी नारायण मेहता की पत्नी मुंगिया देवी ने हुसैनाबाद थाना को आवेदन देकर कहा है कि 5 ट्रैक्टर मिट्टी मुरम लेकर उनके खेत से होते हुए ट्रैक्टर ले जाया जा रहा था। उन्होंने ड्राइवर को कहा कि मेरे खेत सी ट्रैक्टर लेकर मत ले जाओ। तब ड्राइवर ने कहा कि इसी जमीन में मिट्टी डालना है। इसमें रोड बनाना है। इतना कहते हुए ट्रैक्टर से मिट्टी मोरम जमीन में गिरा दिया गया। जब शोर मचाया तो आस पास में ही खड़े गांव के उपेंद्र वर्मा,सुदर्शन मेहता, कमलेश मेहता, मनीष मेहता, विपिन कुमार मेहता, मनोहर वर्मा, उर्मिला देवी, सुमति देवी, शारदा देवी,रंजना देवी, उपेंद्र मेहता व जितेंद्र मेहता की पत्नी ने जानलेवा हमला किया व हथौड़ी से सिर पर वार कर माता फोड़ दिया जिससे वह जमीन पर गिर गई। गिरने के बाद भी लाठी डंडे से पीटा गया। हल्ला सुनकर जब घर के लोग पुत्रवधु और नातिन बाहर निकली तो उन्होंने पुत्रवधु का बांह पकड़ कर पटक दिया व बदसुलूकी भी की। साथ ही नातिन को भी डंडे से पीटा गया है। उन्होंने धमकी दिया कि इसकी सूचना थाना पुलिस को दिया तो कभी भी जान से मार देंगे। मुंगिया देवी ने थाना प्रभारी हुसैनाबाद से प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई का आग्रह किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टया यह भूमि विवाद का मामला प्रतीत होता है।

## केसीसी ऋण माफी योजना रथ को बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**
**ऊंटारी रोड़।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन से गुरूवार को केसीसी ऋण माफी योजना का रथ रवाना किया गया। रथ का रवाना बीडीओ श्रवण कुमार भगत,सीओ वासुदेव राय, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि रथ पूरे प्रखंड का भ्रमण करेगा, जिसके माध्यम से किसानों की ऋण माफी योजना की जानकारी। केसीसी आवेदन का सृजन व ब्लॉक चैन में किसानो को निबंधन कराने की जानकारी दी जाएगी। मौके पर पंचायत सचिव शिला कुमारी, मुन्ना सिंह, अरविंद , प्रमुख प्रतिनिधि अरूण कुमार, आवास कॉर्डिनेटर विमलेश कुमार मौजूद थे।

## सोनरे नदी पुल पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**
**पांकी।** सोनरे नदी पुल पर गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान लेस्लीगंज प्रखंड के पिंडरा गांव निवासी हिरनाथ यादव के पुत्र गोविंद यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार चिप्स लदे ट्रैक्टर पांकी से मेदिनीनगर की ओर जा रहा थी। इस बीच मेदिनीनगर से पांकी की ओर आ रही एक बाइक से उसकी टक्कर सोनरे नदी पुल पर हो जाने से बाइक सवार की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के तत्काल बाद प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद व उप प्रमुख अमित कुमार चौहान मामले की जानकारी पांकी थाना को देते हुए दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉ. किरण सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से बाइक व ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। घटना के काफी देर बाद मृतक की पहचान की जा सकी। इसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है।

## चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान को सफल बनाने की दिलाई गई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**
**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान केछठे चरण को सफल बनाने को लेकर आयोजित बैठक में बीडीओ रणवीर कुमार ने शपथ दिलाई। बैठक में शामिल पंचायत प्रतिनिधियों, विभागीय अभियंता, समन्वयक, अधिकारियों, पंचायत सचिव, प्रखंड व अंचल कर्मियों सहित अन्य सभी ने इसकी शपथ ली। सभी ने उक्त अभियान के तहत 100 किशोरियों और महिलाओं को माहवारी स्वचछता के प्रति जागरूक करने,परिवार और समुदाय में इसे लेकर फैली भ्रांतियों और मिथक को तोड़ने को लेकर सही जानकारी देने की बात कही गई। माहवारी अपशिष्ट के उचित निपटारा, भष्मक के उपयोग के लिए सजगता बढ़ाने के साथ ही इस प्रथा को अपनाकर संक्रमण से बचाव के लिए प्रोत्साहित करने की जानकारी दी गई। इसके अलावा इसे लेकर परिवारिक और सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए तन मन व धन से योगदान करते हुए स्वस्थ व स्वास्थ्यवर्धक वातावरण के निर्माण में कर्त्तव्य का इमानदारी के साथ निर्वहन करने की शपथ ली। बीडीओ ने इस अभियान को सफल बनाने को लेकर 30 मई से 8 जून तक निर्धारित कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेकर तय विंदुओं पर काम करते हुए इस अभियान को घर-घर पहुंचाने की कोशिश करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर रैली और छोटे-छोटे समूह के बीच संदेश देकर बड़े समुदाय में इसके प्रति जागरूकता कायम की जा सकती है। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों और महिला समूह की दीदीयां जल सहियाओं के साथ समन्वय स्थापित कर इस अभियान को सफल बनाने में कारगर साबित हो सकते हैं। उन्होंने पंचायत स्तर पर इसके लिए बैठक आयोजित कर अभियान को सफल बनाने की हिदायत मुखिया को दी। बैठक में प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष ज्याउद्दीन खान, उपप्रमुख नगीना सिंह, मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, उमेश राम, विकास सिंह, उपमुखिया पप्पू कुमार प्रजापति, कनीय अभियंता 15 वें वित्त आयोग विवेक कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह और अन्य कई शामिल थे।

## स्वस्थ जीवन के लिये किशोरियों व महिलाओं को स्वयं करनी होगी पहल: बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**
**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार हैदरनगर में गुरुवार को चुप्पी तोड़ो-स्वस्थ रहो अभियान के छठे आयेजन पर प्रतिनिधियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने बैठक कर इसकी सफलता के लिये एक साथ संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि सभी किशोरियों, महिलाओं के स्वस्थ और कुशल जीवन शैली को स्वयं प्रभावी बनाने पर पहल करनी होगी। प्रशासनिक स्तर पर उन्हें ससमय पूरी मार्गदर्शन व जागरुकता लाने का कार्य किया जा रहा है। संचालन कर रहे प्रखंड वॉश समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने उपस्थित प्रतीभागियों ने चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान की सफलता व सबकी सहभागिता की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने प्रधानमंत्री के माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के जोड़ने के विषय के प्रति कहा कि महिलाओं के सकारात्मक सोंच से ही बेहत्तर परिणाम आयेंगे। उप प्रमुख पप्पू कुमार पासवान ने समाज में फैली कुरितियां यथा मासिक के दौरान स्नान से परहेज करना, परिजनों से अलग रहना, रसोई न बनाने जैसी भ्रांति को तोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि स्वयं को स्वच्छ रहकर कोई भी काम किये जा सकते हैं। साथ ही उन्हें स्वस्थ स्वास्थ्य का भी लाभ मिलेगा। वरिष्ठ समाज सेवी सज्जू खान, मुखिया सुदर्शन राम ने स्वच्छ वातावरण के लिये मासिक काल के दौरान उपयोगी पैड का उपयुक्त स्थान पर निपटान किये जाने की व्यवस्था व जरुरत पर जोर दिया। अंचल अधिकारी संतोष कुमार ने सामुदायिक स्तर पर चेंजिंग रुम, 15 वें वित्त से भष्मक व इंसीनेटर की व्यवस्था विद्यालयों व समुदाय स्तर पर किया जाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि सभी कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में इन्सीनेटर स्वच्छ भारत अभियान अधीन पेयजल विभाग से उपलब्ध कराई गई है। जिससे बालिकाओं में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन करना सुलभ हो सका है। चर्चा के दौरान उप मुखिया पवन कुमार ने 15 वें वित्त से आगामी बजट में भष्मक निर्माण कार्य करने का सुझाव दिया है। जिससे सेनेटरी पैड के उचित निपटान किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला स्तर के बाद यह छठा चरण का अभियान प्रखंड, पंचायत व ग्रामीण स्तर तक चौपाल के माध्यम 10 जून तक जारी रहेगी। इस कार्यक्रम का समापन 11 जून को होगा। इसमें सहभागिता व व्यापक संदेश के साथ पिरियड फ्रैंडली के रुप में इस प्रखंड को अव्वल बनाया जा सके।

### बस बाइक की टक्कर में तीन घायल

**रंका।** एनएच 343 मुख्य सड़क पर बस व बाइक की टक्कर में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा रंका थाने को सूचना देने पर रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह व एसआई राजेश झा ने 108 एंबुलेंस से तीनों घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराय। वहां पर डॉ. मोहम्मद इश्तियाक ने तीनों को उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए गढ़वा रेफर कर दिया है। घायलों की पहचान बाइक चालक संतोष कुमार पिता शिवराम 19 वर्ष रामकंडा का बताया जा रहा है। छोटी कुमारी रामकंडा बिचला टोला व शिवानी कुमारी पिता सुखन राम बिचला टोला रामकंडा के रूप में हुई है। तीनों आर्केस्ट्रा पार्टी में काम करते हैं। वह कहीं से शादी समारोह से प्रोग्राम कर अपने घर वापस लौट रहे थे।

## एसबीएम ने जल सहियाओं को दी टास्क



**नवीन मेल संवाददाता**
**हैदरनगर।** उपायुक्त और जिला जल स्वच्छता समिति पलामू के निर्देश के आलोक में गुरुवार को हैदरनगर प्रखंड के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधियों की विशेष बैठक की हुई। इसके बाद बीडीओ विश्व प्रताप मालवा के आदेश जल सहियाओं की आवश्यक बैठक प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने की। जिसमें उन्हें जिला प्रशासन के निर्देश पर गुरुवार से ही शुरू की गई चुप्पी तोड़ो-स्वस्थ रहो अभियान की सफलता के अलावा इस गर्मी में जल की समस्या और उसकी जांच कार्य को गंभीरता से जारी रखने का टास्क दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव, पंचायत में जलस्रोतों के खराबी की जानकारी मिले तो उन्हें तत्काल सूचना दी जाए। बैठक में शामिल कुल 49 सहियाओं ने अपने क्षेत्र के पेयजल श्रोतों की वर्तमान अद्यतन स्थिति को रखने का काम किया है। जानकारी देने के बाद विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस भीषण तपती गर्मी में इस कार्य के प्रति उनका योगदान बहुमूल्य है। साथ ही उन्होंने पंचायत क्षेत्र के गांवों में शौचालय विहिन घरों को भी चिन्हित कर उन्हें उसका लाभ पहुंचाने में सहयोग की महत्ती भूमिका निभाने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि उनकी रिपोर्ट पर तत्काल कार्रवाई के प्रति जिला जल स्वच्छता समिति सतत गंभीर है। हालांकि उपस्थित सहियाओं की रिपोर्ट पर इस गर्मी में तत्काल अधिकांश स्थानों पर खराब पड़े जलश्रोतों को अविलंब दुरुस्त कराने का सराहनीय प्रयास किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने जल संचयन व संरक्षण के कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा कर जल सहियाओं की कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का भाव की प्रशंसा की। ग्रामीणों के बीच बनी रहे। बैठक में मुशरत परवीन, निर्मला देवी, प्रमिला देवी, रिंकी देवी, गीता देवी, रीमा, पिंकी देवी, संगीता देवी, आरती देवी, सबाना परवीन सहित कई अन्य जल सहिया ने भाग लिया।

## प्रधानमंत्री आज करेंगे सोन नगर-मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाईन राष्ट्र को समर्पित



**नवीन मेल संवाददाता**
**मोहम्मदगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को बिहार दौरा क्रम में सोननगर-मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाईन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसकी जानकारी रेलवे की सोशल मीडिया ग्रुप में शेयर की गई है। इसमें बताया गया है कि सोन नगर और मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाईन से ट्रेन संचालन क्षमता में वृद्धि होगी। इससे अंकोरहा और नवीनगर में बिजली संयंत्रों तक कोयले की तेज और अधिक कुशल आवाजाही संभव हो सकेगी। इससे यात्रा समय में कमी आएगी। यह डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) लाइन के लिए फीडर रूट के रूप में कार्य करता है। बगहा बिशुनपुर स्टेशन यार्ड में रेलवे के साथ कनेक्टिविटी प्रदान करता है। जिससे लौह अयस्क, कोयला, उर्वरक, सीमेंट और चीनी आदि के परिवहन को बढ़ावा मिल रहा है। तीसरी लाइन भारी मालगाड़ियों की आवाजाही को सक्षम बनाएगी। अतिरिक्त यात्री ट्रेनों व मालगाड़ियों का सुचारू रूप से संचालन होगा। बढ़ी हुई रेलवे कनेक्टिविटी और दक्षता से आस पास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलेगा।

## चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान को लेकर बैठक का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अंतर्गत चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान को लेकर हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी व बीडीओ सुनील कुमार वर्मा ने उपस्थित पंचायत सेवक,रोजगार सेवक , पंचायत प्रतिनिधियों व अन्य विभाग के कर्मियों को अभियान के उद्देश्य व रूप रेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि माहवारी बेहद महत्वपूर्ण विषय है। इस विषय पर सिर्फ बात नहीं कार्य करने की आवश्यकता है। इस अभियान का सकारात्मक परिणाम आए यह सुनिश्चित होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक रूप से अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किशोरियों और महिलाओं में माहवारी संबंधी जागरूकता और स्वच्छता के स्तर में काफी सुधार लाने की आवश्यकता है।

## बुनियादी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए उच्च न्यायालय के अधिवक्ता ने डीसी को भेजा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** उच्च न्यायालय रांची की अधिवक्ता व हुसैनाबाद की निवासी कुमारी रश्मि मेहता ने पलामू उपायुक्त समीरा एस को प्रेषित पत्र देकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र की बुनियादी व्यवस्थाओं पर बल देने की जरूरत की ओर ध्यान आकर्षित कराई है। उन्होंने प्रेषित पत्र में कहा है कि हुसैनाबाद झारखंड की अंतिम छोर यानी पश्चिम उत्तर दिशा में बिहार सीमा पर अवस्थित है। इस कारण प्रदेश विकास की किरणें यहां बहुत ही कम पहुंचती है । मैं आपके माध्यम से राज्य सरकार को यहां की जरूरत की निम्न बुनियादी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की जरूरत की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूं। जैसे की शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी एवं पर्यावरण संरक्षण आदि प्रमुख हैं। उन्होंने ने कहा कि यहां की विद्यालयों की शैक्षणिक स्तर निम्न है, उसे सुधार कर गुणवत्ता युक्त शिक्षा व्यवस्था पर बल देने की जरूरत है। स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष कर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में जनरल फिजिशियन, महिला डॉक्टर व चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर की आवश्यकता है। यह क्षेत्र कृषि पर आधारित है, यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली पहुंच की स्थिति अत्यंत जर्जर और अप्रयाप्त है । जल ही जीवन है महिला एवं बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित योजनाएं जल जीवन मिशन भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है, इस माध्यम से हर घर को नल से जल पहुंचने की योजना थी। परंतु वह कहीं नजर नहीं आ रही है।

### पीएम किसान सैचुरेशन अभियान शुरू

मोहम्मदगंज। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सैचुरेशन अभियान गुरुवार से शुरू कर दिया गया है। पहले दिन रामबांध पंचायत में विशेष कैंप लगाया गया। इस कैंप की क्या उपलब्धि रही। इसकी जानकारी संबंधित अधिकारी को कॉल, वॉट्सएप मैसेज करने के बाद भी उपलब्ध नहीं कराई गई। बल्कि यूं कहा जाए कि उन्होंने इसका कोई रिस्पांस नहीं दिया। शुक्रवार को पंसा पंचायत सचिवालय के बाद शनिवार को कोल्हुआ-सोनबरसा और 2 जून को लटपौरी,3 गोड़ाडीह, 4 भजनियां,5 मोहम्मदगंज और 6 जून को कादलकुर्मी पंचायत सचिवालय में इसे लेकर विशेष कैंप लगाए जाएंगे। बीडीओ रणवीर कुमार ने पत्र निर्गत कर दिया है। इसमें कहा गया है कि कैंप में इस योजना के मृत लाभुकों के नाम हटाकर नये योग्य, पीवीटीजी, आदिवासी और वंचित किसानों की पहचान, सत्यापन व आवेदन प्राप्त कर रिकार्ड को अपडेट करते हुए उन्हें लाभांवित किया जाना है।

## मौसम की आंख मिचौली से असहज बना वातावरण

# गर्मा फसलों के लिए फायदेमंद



### नियमित बारिश को लेकर अशुभ संकेत

**नवीन मेल संवादाता**
**मोहम्मदगंज।** हाल के दिनों में मौसम की आंख मिचौली से जनजीवन के लिए असहज वातावरण बन गया है। किसानों का कहना है कि अभी मृगशिरा नक्षत्र में जहां मौसम को तपना चाहिए था, वहां कभी धूप कभी छांव से आर्द्रा नक्षत्र में अच्छी बारिश को लेकर अशुभ संकेत मिल रहा है। आसमान में कभी घनघोर घटाएं छा रही है, तो कभी धूप निकल जाती है। ऐसी स्थिति में मौसम का मिजाज आदमी और जानवर के लिए स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। इससे मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गई है। मगर ऐसा मौसम गर्मा फसलों मुंगफली, मूंग और मक्का की जरूरत बताई जाती है। यही वजह से जिन किसानों ने इन फसलों को बोया है, उनके लिए मौसम का मिजाज बल्ले-बल्ले का एहसास करा रहा, बताया जाता है।

**नक्षत्र के प्रतिनुकूल मौसम का मिजाज चिंता का कारण बना**

किसान रामजन्म राम, कृष्णा मेहता, कमलेश मेहता, कामता मेहता और लल्लू मेहता का कहना है कि बारिश नहीं होने पर भी सिंचाई के वैकल्पिक संसाधन से बीते साल रोहिणी नक्षत्र में बिचड़ा डाला गया था। जिसे बचाने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ी थी। इस वजह से इसकी जोखिम नहीं उठाकर गर्मा फसलों मक्का, मुंगफली और मूंग बोया गया है, जो इन फसलों के लिए फायदेमंद मौसम की वजह से लहलहा रही हैं। भले ही नीलगाय के झुंड से बचाने के लिए रतजगा करनी पड़ रही है। मगर, इसमें पूंजीनिवेश और मेहनत फल लाभांश सहित मिल सकता है। ऐसी आशा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जब सिंचाई के लिए भगवान भरोसे की स्थिति तब चहूंओर की खेत भदई और खरीफ फसलों से हराभरा नजर आती थीं। जबकि रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद भी अब ऐसा देखने को नहीं मिलता है। लगातार अतिवृष्टि, अनावृष्टि अथवा छायावृष्टि का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि व्यापक क्षेत्र में धान, मक्का, अरहर, तील, बाजरा,सांवा, कोदो, मडुआ,बोदी,बराई और खीरा उत्पादन पहले जैसा नहीं मिल रहा है। इनमें कई किस्में तो विलुप्त भी हो गई, बताई जाती हैं। उन्होंने कहा कि मौसम चक्र में गड़बड़ियों की वजह हरियाली का दोहन बना है। इससे पर्यावरण संरक्षण चिंता का विषय बन गई है। यही वजह है कि नक्षत्र अनुसार बारिश और खेतीबाड़ी करना जोखिम भरा और मुश्किल काम हो गए हैं।

## चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**
**उंटारी।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छता विभाग के निर्देश पर गुरुवार को उंटारी रोड प्रखंड के सभागार कक्ष में चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखंड स्तरीय उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ श्रवण कुमार भगत ने की। बीडीओ ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान 11 जून तक चलेगा। मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, जल सहिया, सेविका व अन्य कर्मियों ने माहवारी स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम को पंचायत से लेकर ग्रामवार आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान स्वच्छता और स्वास्थ्य के साथ साथ सामाजिक सोच में बदलाव लाने की दिशा में बड़ा कदम है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कोई भी कर्मी, जनप्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए जिसपर बीडीओ ने खेद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का सहयोग की जरूरी है। बैठक में सीओ वासुदेव राय, शिक्षा विभाग के बीपीओ नरेंद्र कुमार सिंह, जल सहिया, सेविका मौजूद थे।

### कांग्रेस प्रखंड कमेटी का विस्तार, नवीन व राकेश बने उपाध्यक्ष

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सुलतानी गांव स्थित हाई स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को कांग्रेस प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। मुख्य रूप से कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू व जिला महासचिव नवल किशोर पाठक उपस्थित हुए। प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में संगठन सृजन के तहत प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। इसमें नवीन सिंह और राकेश प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सचिन सिंह, साकेत सिंह, मो. महफूज आलम, नरेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, सीमा दास, सजंती देवी, रामनरेश यादव व संजीव सिंह को महासचिव नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव व प्रखंड अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से इन्हें मनोनयन पत्र और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवध बिहारी सिंह, कोषाध्यक्ष अजय साहू, पर्यवेक्षक तुलसी पासवान, शहजाद अली, पिपरा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, शैलेश सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष अंबिका सिंह सहित कई लोग उपस्थित थें।

# निर्माण कार्य शुरू नहीं, अनुसूचित जाति छात्रावास की बदहाली से छात्र बेहाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बाईपास रोड स्थित अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है। करीब 70 साल पुराना यह भवन जर्जर हो चुका है, लेकिन इसके स्थान पर प्रस्तावित नए छात्रावास का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। इससे छात्र नारकीय स्थिति में रहने को मजबूर हैं।

सरकार ने जनवरी 2025 में इस छात्रावास के स्थान पर बहुमंजिला इमारत निर्माण की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिसंबर 2022 में निरीक्षण के दौरान छात्रों की शिकायतों और भवन की जर्जर स्थिति को देखकर नए भवन की स्वीकृति दी थी। निर्माण के लिए लगभग 28 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, जिसमें 520 बेड, लिफ्ट, मैस और अन्य आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की जानी थी। लेकिन आज तक निर्माण स्थल पर कुछ पेड़ों की कटाई के अलावा कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। छात्रों के अनुसार, वर्तमान भवन में जगह कम है, जबकि 300 से अधिक छात्र यहां रह रहे हैं। शौचालयों की संख्या बेहद कम है और जल निकासी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। वर्षों से बंद मेस की वजह से छात्र घर से अनाज लाकर स्वयं खाना बनाने को मजबूर हैं। गर्मी में कमरों की छतें तपती हैं और बारिश में टपकती हैं, जिससे पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों पर असर पड़ रहा है। छात्रावास अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि उन्होंने निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी से संपर्क किया है। पदाधिकारी ने जल्द निर्माण शुरू होने का आश्वासन दिया है, लेकिन बार-बार मिल रहे आश्वासन के बावजूद छात्रों का भरोसा टूटता जा रहा है।

# गर्मी और उमस से बेहाल लोग पंखे-कूलर भी हो रहे बेअसर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिले में लगातार बढ़ती गर्मी और उमस ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तीन दिन पहले हुई बारिश से मिली थोड़ी राहत अब खत्म हो चुकी है और एक बार फिर तेज धूप और चिपचिपी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। गुरुवार को सुबह से ही सूरज ने तेवर दिखाए, जिससे तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान एक डिग्री बढ़कर 36.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। दोपहर में गर्म हवा चलने से स्थिति और बिगड़ गई। लोगों को पसीने और उमस से निजात नहीं मिल रही है।

तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते दोपहर के समय बाजार और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। अधिकतर लोग घरों में ही रहने को मजबूर दिखे। रात में भी गर्मी से कोई राहत नहीं मिल रही है, जिससे लोगों की नींद प्रभावित हो रही है।

बिजली की बार-बार कटौती ने परेशानियों को और बढ़ा दिया है। लोग पंखे और कूलर चलाकर भी राहत महसूस नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि उमस ने इन उपकरणों को भी बेअसर कर दिया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई तो हालात और भी खराब हो सकते हैं। मौसम विभाग ने फिलहाल गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं जताई है।

## युवक ने खुद को लगाई आग, मौके पर ही मौत, नाली से मिला अधजला शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा स्थित सुरेश सिंह चौक के पास बुधवार देर रात एक युवक ने आत्मदाह कर लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 23 वर्षीय राजकुमार चंद्रवंशी, पिता संजय चंद्रवंशी, निवासी देवी मंडप, रेड़मा के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह उसका अधजला शव नाली में पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टीओपी-2 प्रभारी राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। आत्मदाह की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें साफ दिख रहा है कि युवक ने खुद पर तेल डालकर आग लगाई। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन इसके पीछे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। मृतक के भाई के अनुसार, राजकुमार रतन किरण नामक दुकान में काम करता था और आमतौर पर रात 10 बजे के बाद घर लौटता था। बुधवार रात जब वह घर नहीं लौटा, तो परिवार ने उसे फोन किया। उसने बताया कि वह रांची रोड स्थित पानी टंकी के पास है। घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़कर भी जांच की जा रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुलिसकर्मियों के परिजनों के लिए मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन, 20 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे सेवा

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस प्रशासन एवं लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर लायंस फेमिना के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय पुलिस स्टेडियम में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगा, जिसमें मुख्य रूप से पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि यह आयोजन समाज के प्रति पुलिस परिवारों के योगदान को सम्मान देने का एक प्रयास है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक पलामू का विशेष आभार जताया, जिन्होंने पुलिस लाइन परिसर निःशुल्क उपलब्ध कराते हुए आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था संभाली है। डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि जो लोग समाज की सुरक्षा में तैनात हैं, उनके स्वास्थ्य की देखभाल भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि लायंस क्लब समाज सेवा के साथ पर्यावरण एवं पशु-पक्षियों की रक्षा में भी सक्रिय है।

इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे, जिनमें डॉ. अनुपम कुमार (हृदय रोग), डॉ. उदय कुमार (चर्म रोग), डॉ. प्रसून कुमार (नेत्र रोग), डॉ. श्याम चरण बस्ती (जनरल सर्जन), डॉ. अलका शुक्ला (स्त्री रोग), डॉ. अमित कुमार (फिजियोथेरेपी), डॉ. मयंक शेखर (पेट व कैंसर), डॉ. विनीत सिंह (दंत रोग), डॉ. अभय कुमार व डॉ. गौरव विशाल (शिशु रोग), डॉ. सृष्टि गुंजन (माइक्रोबायोलॉजिस्ट), डॉ. सुभाष कुमार (ईएनटी), डॉ. श्वेता शेखर (पैथोलॉजिस्ट), डॉ. रवीश कुमार (मस्तिष्क रोग), डॉ. निशांत कुमार (दंत रोग), डॉ. आनंद कुमार, डॉ. राजरतन व डॉ. आरके रंजन (जनरल फिजिशियन) शामिल हैं।

कार्यक्रम में कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए मास्क और सैनिटाइजर की व्यवस्था रहेगी। लायन गुरबीर सिंह ने इसे पलामू ही नहीं, झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बताया और सभी डॉक्टरों व पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद दिया। आयोजन की सफलता में अनूप कुमार, मनोज सोनी, ऋषिकेश दुबे, फिरोज अंसारी, निलेश चंद्र, मुकेश अग्रवाल, रणजीत मिश्रा समेत क्लब के सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पेयजल व शौचालय की दुर्दशा बर्दाश्त नहीं : आशुतोष

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के पलामू जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने मेदिनीनगर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया और वहां की अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय अब भ्रष्टाचार और समस्याओं का अड्डा बन चुका है, जहां बिना लेन-देन के कोई भी कार्य नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि आम जनता के लिए लगे पंखे खराब पड़े हैं, भीषण गर्मी में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। डीएमएफटी फंड से स्थापित आरओ प्लांट पूरी तरह निष्क्रिय है। शौचालय की स्थिति अत्यंत खराब है, जिससे महिलाओं को खुले में जाने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर व्यवस्था में अविलंब सुधार नहीं हुआ तो पार्टी आंदोलन करेगी, जिसकी जवाबदेही प्रशासन की होगी। तिवारी ने कार्यालय में हेल्प डेस्क की मांग भी की ताकि आम लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि हम पार्टी गरीबों के हक के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी।

## पशु टीकाकरण अभियान को मिल रही गति, रोगों से बचाव को लेकर उत्साहित दिखे पशुपालक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में केंद्र सरकार की पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम योजना के तहत निःशुल्क पशु टीकाकरण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित इस अभियान के तहत पशुओं को खुरहा-मुंहपका और लंपी स्किन डिजीज जैसी घातक बीमारियों से बचाने हेतु टीका लगाया जा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक लंपी स्किन डिजीज का टीका 26,410 गायों को तथा खुरहा-मुंहपका रोग से बचाव हेतु 31,171 पशुओं को टीका लगाया जा चुका है। टीकाकरण का कार्य 19 मई से प्रारंभ हुआ है और यह 18 जुलाई तक चलेगा। इस अवधि में जिले के कुल 5.75 लाख पशुओं को टीकाकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सबसे अधिक टीकाकरण चैनपुर प्रखंड में हुआ है, जहां लंपी स्किन डिजीज का टीका 4,230 पशुओं तथा खुरहा-मुंहपका का टीका 8,510 पशुओं को लगाया गया है। वहीं, ऊंटारी रोड प्रखंड में सबसे कम टीकाकरण हुआ है। इस अभियान को लेकर पशुपालकों में जागरूकता बढ़ी है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर सिन्हा ने बताया कि विभाग की ओर से लगातार पशुपालकों को जानकारी दी जा रही है ताकि वे समय रहते अपने पशुओं का टीकाकरण करवा सकें। उन्होंने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं की सुरक्षा के लिए निःशुल्क टीकाकरण अवश्य कराएं। यह अभियान न केवल पशुधन की रक्षा करेगा, बल्कि पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा में भी सहायक सिद्ध होगा।

## सेवा से दी श्रद्धांजलि: विकास कुमार की पुण्यतिथि पर बांटा भोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वर्गीय विकास कुमार की पहली पुण्यतिथि पर उनके भाई रूपेश कुमार और मित्र तन्नू नागरे ने भूखे लोगों के बीच भोजन और लस्सी वितरित कर एक सराहनीय पहल की। यह सेवा कार्य स्व. विकास को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ समाज के जरूरतमंदों के लिए राहत का जरिया बना। रूपेश कुमार ने बताया कि यह पहल मां के आग्रह पर की गई और उन्हीं के आशीर्वाद से संभव हो पाई। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस पुण्यतिथि को सामाजिक सेवा के रूप में मनाते रहेंगे। रूपेश और तन्नू द्वारा किया गया यह कार्य स्थानीय लोगों के बीच प्रेरणा का स्रोत बना, जिसे स्व. विकास कुमार की स्मृति को सम्मानपूर्वक जीवित रखने का एक मानवीय प्रयास माना गया।

## चैनपुर-रामगढ़-हुटार मार्ग के निर्माण का शिलान्यास, 94.84 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

- **सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा – 2.70 अरब की लागत से 243.3 किमी सड़कों का होगा निर्माण, पीएम जन मन व पीएमजीएसवाई योजना से मिलेगा ग्रामीणों को लाभ**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने चैनपुर के कुट्टी मोड़ से रामगढ़ प्रखंड होते हुए हुटार तक 24.10 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह सड़क 94 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से केंद्रीय अवसंरचना निधि के तहत बनाई जाएगी।

रामगढ़ बाजार में आयोजित शिलान्यास समारोह में सांसद ने बताया कि इस सड़क निर्माण के लिए कुल 23 मौजा में आने वाली 75.4126 एकड़ भूमि के अधिग्रहण हेतु 14 करोड़ 76 लाख 34 हजार 284 रुपये की राशि भू-अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराई जा चुकी है। जल्द ही यह राशि प्रभावित भूमि मालिकों के बीच वितरित की जाएगी।

सांसद ने बताया कि उनके प्रयास से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत 'पीएम जन मन' योजना अंतर्गत पलामू जिले में कुल 21 सड़कों (100.137 किमी) के निर्माण को 79 करोड़ 33 लाख 12 हजार रुपये की मंजूरी मिल चुकी है, जिनका टेंडर जल्द ही निकाला जाएगा। इनमें चैनपुर व रामगढ़ प्रखंड की 10 सड़कों का निर्माण भी शामिल है।

उन्होंने आगे कहा कि पीएमजीएसवाई फेज-4 के तहत पलामू जिला में 53 नई सड़कों (143.175 किमी) को 1 अरब 91 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत से मंजूरी मिलने जा रही है, जिनमें विशेष रूप से चैनपुर और रामगढ़ क्षेत्र की 10 सड़कें शामिल होंगी। इस प्रकार कुल 2 अरब 70 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से 243.3 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण कराया जाएगा।

सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना से काम कर रही है। उनकी मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी वही सुविधाएं मिलें जो शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि जहां 50% से अधिक जनसंख्या आदिवासियों की है, वहां प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत सुरक्षित आवास, स्वच्छ जल, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बेहतर सड़क और दूरसंचार जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि स्थायी आजीविका और समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, छोटन सिंह, गोबिंद सिंह, विधायक प्रतिनिधि भीष्म चौरसिया, प्रमुख प्रेमी देवी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, अमलेश चौरसिया, कार्यपालक अभियंता अनिल कुमार, संवेदक अरुण सिंह, वरिष्ठ नेता जय दुबे, ईश्वरी पांडेय, मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय, कामेश्वर सिंह, सिकंदर चौधरी, उपप्रमुख सुनील सिंह, नरेश चौरसिया, आनंद सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा, अविनाश सिन्हा, दिलीप चंद्रवंशी, भोला पांडेय, रामगढ़ मुखिया उमा प्रसाद, उलडंडा मुखिया राजकुमारी देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पलामू डीआईजी नौशाद आलम ने संभाला पदभार



**मेदिनीनगर।** 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी नौशाद आलम ने गुरुवार को पलामू रेंज के डीआईजी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे पुलिस मुख्यालय में डीआईजी (कार्मिक) पद पर कार्यरत थे। पलामू पहुंचने पर उन्हें पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन सहित कई अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान उपस्थित थे।



**मेदिनीनगर।** भारतीय पुलिस सेवा के 2010 बैच के अधिकारी नौशाद आलम अंसारी ने पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के पश्चात उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने डीआईजी कार्यालय पहुंचकर अंसारी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों के बीच क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक समन्वय को लेकर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई।

## ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में मनाई गई स्व. ज्योति प्रकाश की पुण्यतिथि

- **शिक्षा, संगीत व समाज सेवा में उनके योगदान को किया गया याद**

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बी.एड कॉलेज में स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद विष्णु दयाल राम, आनंद शंकर, ज्ञान शंकर, माता द्रौपदी देवी, चार्टर्ड अकाउंटेंट सरस जैन, जनता शिवरात्रि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राणा सिंह, वरिष्ठ पत्रकार देवव्रत राम, एस.सी. मिश्रा, एलिट कॉलेज के प्राचार्य जगदंबा प्रसाद, अविनाश वर्मा, डिंपल, पूर्व जीएम (बिजली विभाग) आर. प्रसाद, प्रो. विजय प्रसाद, अजय तिवारी, विजय ओझा, अरविंद गुप्ता, कृष्ण अग्रवाल, कॉलेज के प्राचार्य अनुपम गुप्ता और स्व. ज्योति प्रकाश के परिजनों अरुणा शंकर, संगीता शंकर, आकर्ष आनंद व शिवानी आनंद द्वारा सामूहिक माल्यार्पण के साथ हुई।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के बाद वक्ताओं ने स्व. ज्योति प्रकाश को संगीत, साहित्य और शिक्षा का संगम बताया। सभी ने उनके सामाजिक कार्यों को याद करते हुए उन्हें एक दानवीर और युगदृष्टा कहा। बताया गया कि उन्होंने न केवल जनता शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना की, बल्कि उस समय जब टीबी को छुआछूत माना जाता था, तब पूरा टीबी वार्ड बनवाकर अस्पताल को समर्पित किया।

संगीत के क्षेत्र में उनके प्रयासों से बिस्मिल्लाह खान, किशोर महाराज और गिरिजा देवी जैसी महान हस्तियों की प्रस्तुतियाँ शहर में संभव हो सकीं। उनके द्वारा लिखित पुस्तकें आज भी शांतिनिकेतन (रविंद्रनाथ टैगोर की संस्था) में पढ़ाई जाती हैं, जिससे उनके लेखन की महत्ता स्पष्ट होती है।

स्व. ज्योति प्रकाश द्वारा रोटरी स्कूल का निर्माण, आनंद शंकर रोड का निर्माण, ज्ञान शंकर दुर्गा मंडप की स्थापना जैसे अनेक समाजोपयोगी कार्य किए गए।

कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं के साथ-साथ शहर के प्रसिद्ध भजन गायक राम और श्याम ने भजन प्रस्तुत किया। मौके पर शहर के अनेक व्यवसायी और चेंबर के सदस्य भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का समापन कॉलेज के अध्यक्ष आनंद शंकर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** कृषि विज्ञान केंद्र, पलामू की ओर से "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के तहत गांवों में जाकर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में टीम वन द्वारा टेमराई, चैनपुर, नावाडीह और रामगढ़ गांवों में कृषि संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में वैज्ञानिकों ने किसानों से सीधे संवाद किया और खरीफ मौसम में की जाने वाली खेती को बेहतर ढंग से करने के उपाय बताए।

वैज्ञानिकों ने सिंचाई के आधुनिक तरीकों जैसे ड्रिप और स्प्रिंकल इरीगेशन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए किसानों से इसे अपनाने की अपील की। साथ ही जलवायु परिवर्तन से निपटने, कीट और बीमारियों के प्रबंधन, फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को रोकने और खेती से आय दोगुनी करने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर आत्मा परियोजना के डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनसे योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। जिला कृषि कार्यालय के प्रतिनिधि ने ड्रिप सिंचाई प्रणाली की विशेषताओं को साझा किया।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख सुधीर झा ने अभियान के उद्देश्यों पर बात करते हुए कहा कि यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने की बात कही, जबकि डॉ. अशोक कुमार सिन्हा ने कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने पर बल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान व जनप्रतिनिधि शामिल हुए और उन्होंने विशेषज्ञों से खेती को लेकर अपने सवाल भी पूछे।

## नए एसपी ने की मीटिंग, दिए निर्देश

**गढ़वा।** नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, सभी थाना व ओपी प्रभारी के साथ मीटिंग की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गढ़वा ने विगत माह में दर्ज कांडों की समीक्षा कर अनुसंधान में तेजी लाने, एससी, एसटी व पॉक्सो एक्ट के कांडों के अनुसंधान पर विशेष ध्यान देने, वारंट, कुर्की निष्पादन, चोरी, लूट से संबंधित मामले इत्यादि में तेजी लाने का निर्देश दिया। जवानों को सोमवार को नियमित रूप से साप्ताहिक परेड कराने, अनुसंधानकर्ता को साक्ष्य पर कांडों की इंट्री करने, कोर्ट में गवाही को लेकर विशेष ध्यान देने से संबंधित सभी थाना,ओपी प्रभारी को निर्देश दिया गया।

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट में 10 घायल

### घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल में चल रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के घुरुवा गांव में मंगलवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इस हिंसक झड़प में दोनों ओर से कुल 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से खैरूद्दीन खान (60 वर्ष) और उनके पुत्र रेयाजुद्दीन (32 वर्ष) को गंभीर चोटें आई हैं। खैरूद्दीन के सिर में गहरी चोट लगी है, जबकि रेयाजुद्दीन के हाथ में गंभीर चोटें पाई गईं। इसके अलावा अली असगर को भी मामूली चोटें आई हैं। घायलों का इलाज मझिआंव रेफरल अस्पताल में डॉ. विनोद कुमार सिंह की देखरेख में किया जा रहा है। दूसरे पक्ष से सफीर खान (50 वर्ष), अहदें आलम खान (20 वर्ष), शहीदे आलम (17 वर्ष), रींफत आरा, सानिया परवीन और मनजाहीं वीबी सहित सात लोग घायल हुए हैं। इन सभी का इलाज भी मझिआंव रेफरल अस्पताल में चल रहा है। सूत्रों के अनुसार विवाद काफी समय से चला आ रहा था। इसके बाद यह विवाद हिंसक रूप में सामने आ गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।



## देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** एसपी के निर्देश पर एंटी क्राइम अभियान के तहत एनएच 343 गढ़वा-अंबिकापुर सड़क पर गुरुवार वाहन जांच के दौरान एक युवक को देसी केट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार लरकोरिया के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। उसी दौरान बाइक सवार इब्राहीम अंसारी उर्फ छोटू अंसारी के वाहन की भी जांच की गई। उसे कागजात दिखाने को कहा गया। उसपर वह पुलिस को चकमा देकर भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़कार पकड़ा। उसके बाद उसकी तलाशी ली गई। तलाशी की दौरान एक देसी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने बताया कि लरकोरिया गांव के पास एसपी के निर्देश पर एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी क्रम में लरकोरिया गांव निवासी रशीद अंसारी के 26 वर्षीय पुत्र इब्राहिम अंसारी उर्फ छोटू अंसारी वहां पहुंचा। उसे रोककर गाड़ी की कागजात की मांग की गई। उसी दौरान वह पुलिस को चकमा देकर भागने लगा। मौके पर मौजूद जवानों ने तत्परता दिखते हुए उसे पकड़ लिया। उसके बाद उससे पूछताछ की गई। उसकी तलाशी दौरान उसके कमर में देसी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में उसने बताया बाइक का कागजात नहीं दिया। पुलिस बाइक के संबंध में भी जांच कर रही है।

## आठ लाख का भेड़ चोरी थाना में मामला दर्ज

**रमना।** भागोडीह पंचायत के मांझीगावां झुरहा के भेड़ पालक प्रमोद पाल व पारसनाथ पाल का बुधवार की रात्रि भेड़ चोरी की घटना से पशुपालक पालक भयभीत हैं। जानकारी अनुसार प्रमोद पाल और पारसनाथ पाल के भेड़ गम्हरिया पंचायत के प्रसाद साह के खेत में रखा जा रहा था। प्रतिदिन के तरह मंगलवार के रात्री भी उक्त व्यक्ति के खेत में भेड़ रखा गया था। प्रमोद पाल के पिता व पारसनाथ के भेड़ चरवाहा रखवाली के लिए भेड़ों के जाल लगे झुण्ड के बगल में ही सोया था, लेकिन जाल काटकर कब भेड़ चोर ले गये पता नहीं चला। सुबह में जाल कटा और भेड़ गायब थे। इसकी सूचना चरवाहा ने घर वालो को दी। घरवालों ने भेड़ो को खोजने लगे। इस क्रम में सुबह सिलीदाग पंचायत के दोकरी में मूंगालाल के खेत में भेड़ के बच्चे चरते दिखने पर खेत मालिक द्वारा भेड़ पलकों को सूचित किया। प्रमोद पाल के 46 और पारसनाथ पाल के 40 कुल 86 भेड़ की कीमत आठ लाख साठ हजार रुपए को चोर ले उड़े। इस बात की जानकारी पशु पालकों ने थाना को दी। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया की भेड़ चोरी की लिखित शिकायत मिली है। प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही।

## सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का खराब एंबुलेंस मरीज को बीच रास्ते से ही वापस लेकर लौटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किए गए गंभीर मरीज को ले जा रही 108 एंबुलेंस रास्ते में खराब हो जाने से मरीज को फिर से भवनाथपुर अस्पताल वापस लाना पड़ा। चिंताजनक बात यह रही कि आदिम जनजाति समुदाय से आने वाला यह मरीज घंटों तक दूसरी एंबुलेंस की प्रतीक्षा करता रहा। मरीज की पहचान सत्येंद्र कोरवा के रूप में हुई है, जो कोरवा आदिम जनजाति समुदाय से संबंध रखते हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए भवनाथपुर से गढ़वा रेफर किया गया था। एंबुलेंस चालक ने बताया कि गाड़ी जैसे ही छमिलवा के पास पहुंची, अचानक इंजन गर्म हो गया और एंबुलेंस बंद हो गई। किसी तरह मरीज को दोबारा भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां भी घंटों तक दूसरी एंबुलेंस का इंतजार करना पड़ा। चालक ने बताया कि गाड़ी की खराबी की जानकारी पहले ही, करीब 15 दिन पूर्व, जिला कोऑर्डिनेटर शमसाद अंसारी को दे दी गई थी, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। इस लापरवाही का खामियाजा अब सीधे मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। इस मामले पर भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने से भवनाथपुर की दोनों 108 एंबुलें खराब हैं। इसकी सूचना जिला कोऑर्डिनेटर को समय रहते दे दी गई थी, लेकिन अब तक किसी ने संज्ञान नहीं लिया है। कल शाम मैंने जिला कोऑर्डिनेटर शमसाद अंसारी को फोन कर सख्त लहजे में कहा कि यदि जल्द वाहन दुरुस्त नहीं कराया गया, तो वरीय पदाधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी जाएगी। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला कॉर्डिनेटर शमसाद अंसारी ने बताया कि हम छूटी पर चले गए थे आज दोनो एंबुलेंस को मंगाए है आज हीं एक एंबुलेंस को ठीक कर के भेज देंगे और कल ठीक हो कर जाएगा।



## मांगों के समर्थन में किसान मित्र गए अनिश्चित हड़ताल पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के किसान मित्र अपने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश कमेटी कृषक मित्र महासंघ झारखंड के निर्देश पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इसे लेकर मेराल प्रखंड कृषक मित्र संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र महतो ने प्रधान सहायक सुनील कुमार एवं बीटीएम प्रवीण मिश्रा को हड़ताल पर जाने को लेकर लिखित आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन के अनुसार झारखंड सरकार द्वारा पिछले कई वर्षों से कृषक मित्रों को प्रोत्साहन राशि नहीं दिया है। जिस कारण कृषक मित्रों में भारी नाराजगी एवं असंतोष व्याप्त है। कृषक मित्र के प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र महतो ने बताया कि सरकार द्वारा किसान हित में कृषक मित्रों द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। बेहतरीन फसल उत्पादन के लिए समय समय पर किसानों को जागरुक एवं प्रोत्साहित करना, मिट्टी के जांच कराना, केसीसी फॉर्म भरवाना, किसानों को फसल बीमा कराने में सहयोग करना , किसानों के बीच निः शुल्क बीज वितरण करने में सहयोग करना, किसानों के खेत एवं खेती का सर्वेक्षण करना सहित कई तरह के काम सरकार द्वारा किसान मित्रों से कराया जाता है। लेकिन इसके बावजूद भी सरकार द्वारा किसान मित्रों को उपेक्षित करते हुए विगत कई वर्षों से प्रोत्साहन राशि नहीं दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में बाध्य होकर प्रदेश के कृषक मित्र महासंघ अध्यक्ष शशि कुमार भगत के निर्देश पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। इसकी प्रतिलिपि कृषि सचिव झारखंड सरकार कृषि मंत्री झारखंड सरकार मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को दे दिया गया है।

## शादी में आए युवक का शव कुआं से बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के सिंहपुर, मर्चवार गांव में बुधवार की रात्रि में बारात आए एक नवयुवक का शव गुरुवार सुबह कुआं से बरामद हुआ है। युवक की पहचान अंबिकापुर, गांधीनगर के रामाशीष विश्वकर्मा के पुत्र विकास विश्वकर्मा 32 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक विकास अपने भाई के दोस्त का बारात डंडई प्रखंड के महूडंड गांव के कैलाश ठाकुर के पुत्र राकेश कुमार ठाकुर का सिंहपुर मर्चवार गांव में प्रमोद ठाकुर के यहां आया था। मृतक विकास विश्वकर्मा उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला के ओबरा में बिजली विभाग में जेई के पद पर कार्यरत था। वह अपने दोस्तों के साथ ओबरा से डायरेक्ट मर्चवार गांव में आया था। वह अपने दोस्तों के साथ बारात में डांस कर रहा था। इस क्रम में वह मध्य रात्रि में अचानक गायब हो गया। कुछ देर बाद नहीं आने पर दोस्तों ने फोन लगाया। फोन नहीं लगने पर खोजबीन शुरू किया। लेकिन नहीं मिलने पर इसके बारे में विकास के परिजनों को सूचना दिया। इस घटना के बारे में श्री बंशीधर नगर पुलिस को भी जानकारी दिया गया। ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति का शव नाथ भोग आटा मिल के बगल के कुआं में तैरते देखा। इसकी सूचना प्रशासन को दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर प्रशासन स्थल पर पहुंच कर विकास का शव कुआं से बाहर निकल मामले की जानकारी लिया। घटना की सूचना मिलने पर श्री बंशीधर नगर डीएसपी सत्येंद्र नारायण सिंह, इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक घटना स्थल पहुंच कर मामले की जानकारी ली। मृतक का शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया हैं।



## बीडीओ ने मनरेगा के 14 आपूर्तिकर्ताओं को कटौती बकाया रॉयलटी जमा करने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** बीडीओ राकेश सहाय ने मनरेगा 14 प्रखंड आपूर्तिकर्ता के विरुद्ध मनरेगा अंतर्गत कटौती की गयी रॉयल्टी की बकाया राशि जमा नही करने को लेकर पत्र जारी किया है। उक्त सभी प्रखंड आपूर्तिकर्ता के ऊपर छह सत्र 2018 -19 से 2024-25 तक 42 लाख 45 हजार 206 रुपए रॉयल्टी की राशि बकाया है। जिसमें मेसर्स मां इंटरप्राइजेज, दुबे इंटरप्राइजेज, त्रिदेव स्टोन चिप्स,सच्चिदानंद पाण्डेय,अर्शी इंटरप्राइजेज, प्रिंस ट्रेडर्स, जगदम्बा ट्रेडर्स,त्रिदेव इंटरप्राइजेज, कमलेश सिंह,गुप्ता इंटरप्राइजेज, अजय कुमार गुप्ता,एस. के. ट्रेडर्स व अरविन्द कुमार के नाम शामिल हैं। बीडीओ राकेश सहाय ने अपने आदेश में कहा है कि मनरेगा अंतर्गत कटौती की गई रॉयल्टी की बकाया राशि जमा नही करना स्वेच्छाचारिता व सरकारी राशि के गबन करने की मंशा को दर्शाता है, जो अत्यंत खेद जनक है। बीडीओ ने 4 जून 2025 तक रॉयल्टी कटौती की बकाया राशि जिला खनन कार्यालय गढ़वा में ऑनलाइन या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करने का आदेश जारी किया है। राशि जमा नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## शादी के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट में दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में बुधवार की रात एक शादी समारोह के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए जिन्हें मौके से उठाकर पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। सतबहिनी झरना तीर्थ में बुधवार की रात झरना घाटी के पूरब नवीन यज्ञशाला के निकट नवनिर्मित सामुदायिक भवन में एक शादी का आयोजन किया गया था। इस दौरान लड़का निगम कुमार पिता लखन राम निवासी ग्राम चौरा थाना केतार जिला गढ़वा एवं आरती कुमारी पिता संजय राम ग्राम जंगीपुर नगर ऊंटरी जिला गढ़वा के बीच शादी हो रही थी। इस दौरान किसी बात को लेकर अचानक मारपीट शुरू हो गई। विवाह स्थल से यज्ञशाला, गेट व कार्यालय तक दौड़ा दौड़ा कर लोग मारपीट कर रहे थे। काफी देर तक मारपीट की घटना हुई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने कहा कि काले स्कॉर्पियो पर सवार होकर कुछ लोग पहुंचे थे। उन्हीं लोगों ने मारपीट की घटना शुरू की। नवनिर्मित सामुदायिक भवन में शादी की रस्में चलती रहीं। सतबहिनी झरना तीर्थ के पुजारी आदित्य पाठक शादी करा रहे थे। इस बीच किसी ने मोबाइल से मारपीट की सूचना कांडी थाना को दे दी। मौके पर पहुंचे गश्ती दल ने दो घायल व्यक्तियों को उठाकर थाना ले गई। जिन में उदय कुमार चंद्रवंशी 24 वर्ष पिता भारत चंद्रवंशी व उर्मिला देवी उम्र 50 वर्ष पति भरत राम दोनों निवासी ग्राम सड़की थाना कांडी का नाम शामिल है। पुलिस ने इंजूरी काटकर इन्हें इलाज के लिए कांडी अस्पताल में भेजा। वहां से गहरी चोट देखकर मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल मझिआंव रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी अविनाश राज ने कहा कि दोनों पक्षों को थाना बुलाया गया है। अभी तक किसी पक्ष से थाना को कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है।

## विधायक अनंत प्रताप ने सड़क का किया शिलान्यास

**धुरकी।** प्रखंड के पंचायत रक्सी के कबिसवा टोला मुख्य पथ से धुरकी मुख्य सड़क को जोड़ने वाली सड़क का शिलान्यास बुधवार को विधायक अनंत प्रताप देव ने विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि वह धुरकी प्रखंड में चार माह में करीब छह करोड़ की लागत से चार योजनाओं का शिलान्यास किए है। उसमें से आज ग्रामीण कार्य विभाग से दो किलोमीटर सड़क की स्वीकृति मिली है। यह सड़क धुरकी मुख्य सड़क को जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने लोगों से जो वादा किया था, उसे एक-एक कर पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। वह पूर्व में भी विधायक रहे हैं। इस क्षेत्र की जनता ने उन्हें बड़ी उम्मीद से जिताया है। वह इस उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद,पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 05/2025-26**

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 02.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 02.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 09.06.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 11.06.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मेदिनीनगर | कार्यालय जिला परिषद, पलामू के नये भवन परिसर का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य। | 2493500.00 | 49870.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | मेदिनीनगर | जिला परिषद कार्यालय भवन का सुन्दरीकरण कार्य। | 2498800.00 | 49976.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 |
| 3 | चैनपुर | प्रखण्ड चैनपुर में मझिगांवा ट्रांसफार्मर से पीपल पेड़ होते हुए PWD रोड तक ग्रेड–1 पथ निर्माण। | 1011700.00 | 20234.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में तृतीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 353835 District(25-26).D


## बाना के मुसहर परिवारों के बीच पहुंचे सदर एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार गुरुवार दोपहर को अचानक मेराल प्रखंड के बाना गांव स्थित मुसहर टोली पहुंचे। वह अपने साथ मेराल अंचल के सीओ यशवंत नायक को भी लेकर गए थे। यहां सर्वप्रथम उन्होंने स्थानीय बुजुर्गों से इस गांव के मुसहरों की पृष्ठभूमि, उनकी जमीन विवरणी, उनके परिवारों का विवरण और उनकी वर्तमान जीविका की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्थानीय बुजुर्ग भोला सिंह खरवार एवं अन्य लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस इलाके में बीते 40-50 सालों से मुसहर समुदाय के लोग रह रहे हैं, जिन्हें जमीनें भी बंदोबस्ती में मिली हुई थीं। कालांतर में 8-10 मुसहर परिवारों में से कुछ परिवारों के सदस्य या तो मर गए या पलायन कर गए। धीरे-धीरे इनकी संख्या घटती गई। आज यहां मौके पर तीन परिवार ही अस्थायी झोपड़ियां बनाकर रहते हुए मिले। मुसहर परिवारों की जमीनों पर स्थानीय अनुसूचित जाति के कुछ परिवारों ने अवैध दखल कब्जा कर वहां पर या तो घर बना लिए हैं, या जोत कोड़ कर रहे हैं। अवैध कब्जा होने के बावजूद भी अभी लगभग एक एकड़ से अधिक भूमि खाली पड़ी है, जिस पर भविष्य में अवैध कब्जा न हो इसको लेकर अंचल अधिकारी मेराल यशवंत नायक को अनुमंडल पदाधिकारी ने आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। साथ ही किहा कि जिन लोगों ने मुसहर समुदाय की बंदोबस्त जमीनों पर कब्जा कर लिया है उन्हें चिन्हित कर व नोटिस कर उनसे कागजात मांगे और जरूरी पड़े तो नियमानुसार जमीन मुक्त भी करायें। एसडीएम को जानकारी मिली कि यहां के रामस्वरूप मुसहर तथा मनोज मुसहर के नाम से पहले से ही सरकारी आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हैं किंतु उनके आवास निर्माण का काम शुरू नहीं हो सका है। इस पर एसडीएम ने मौके पर ही मेराल बीडीओ सतीश भगत को फोन पर निर्देश दिया कि वे अपनी निगरानी में समन्वयात्मक सहयोग से इन दोनों मुसहर परिवारों के पूर्व स्वीकृत आवासों का निर्माण इसी हफ्ते शुरू करवाना सुनिश्चित करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी ने यहां के इन तीनों मुसहर परिवारों को मौके पर ही चावल उपलब्ध करवाया। एसडीएम ने रामस्वरूप मुसहर की 13 वर्षीय पुत्री से पढ़ाई लिखाई के बारे में पूछा और उसे प्रोत्साहित किया कि यदि वह पढ़ना चाहती है तो उसका प्रवेश कस्तूरबा गांधी विद्यालय या किसी अन्य विद्यालय में करवा दिया जाएगा, साथ ही उसके कैरियर से संबंधित सभी प्रकार का सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### समस्याओं के सर्वेक्षण का निर्देश

अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि बाना ही नहीं बल्कि अनुमंडल क्षेत्र के अन्य ग्रामों के दूरदराज क्षेत्रों, पहाड़ों की तलहटी, जंगल से सटे इलाकों आदि में कई मुसहर परिवार छुटपुट संख्या में क्लस्टर बनाकर दयनीय हालत में निवास कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि महा दलित व अंत्योदय से भी नीचे की आर्थिक स्थिति में खानाबदोश जीवन-यापन करने वाले इन परिवारों की समस्याओं और उनके न्यूनतम जीवन स्तर से जुड़ी आवश्यकताओं का सर्वेक्षण कर संबंधित बीडीओ और सीओ पूरी संवेदनशीलता के साथ जरूरी पहल करें।

## विधायक के प्रयास से बिजली विभाग ने विद्युत प्रवाहित तार को ठीक किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के मेराल पूर्वी के पंचायत के वार्ड नंबर 11 में प्राथमिक विद्यालय से दक्षिण दिशा में 11 हजार बिजली तार के नीचे 440 वोल्ट का तार लगभग 5 फीट की ऊंचाई पर सैकड़ो फीट की दूरी में प्रवाहित हो रही थी। ग्रामीणों द्वारा कई बार आवाज उठाया गया। लेकिन बिजली विभाग द्वारा इस पर कोई कारवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को दिया। तत्काल संज्ञान में लेते हुए विधायक ने बुधवार को स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और संबंधित अधिकारी से फोन कर अभिलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया।उनके निर्देश पर बिजली विभाग के द्वारा 24 घंटे के अंदर पोल व तार को ठीक कर दिया गया। बिजली पोल तार की समस्या दूर होने पर स्थानीय ग्रामीणों में काफी हर्ष है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि डॉ लाल मोहन ने कहा कि पिछले कई सालों से जनता का कोई सुनने वाला नहीं था, लेकिन जब से विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी विधायक बने हैं लगातार जनहित में काम कर रहे है। विधायक को बधाई देने वालों में विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन के अलावें अलमुदिन अंसारी, आदि शामिल है।

## मनरेगा में मशीन से कार्य कराने की शिकायत पर बीडीओ ने स्थलीय जांच की

**भवनाथपुर।** प्रखंड में मनरेगा योजना के अंतर्गत जेसीबी मशीन से कार्य कराए जाने की शिकायत पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने स्थल पर पहुंचकर जांच की। मामला डोभा निर्माण से जुड़ा है, जिसमें कथित रूप से जेसीबी के उपयोग की बात सामने आई थी। बीडीओ के पूछने पर लाभुक बाला यादव ने स्पष्ट किया कि डोभा खुदाई का कार्य मजदूरों से कराया गया है। जेसीबी मशीन बगल के खेत में जमीन समतलीकरण के कार्य में लगी थी, जिसका बोकेट डोभा स्थल से सट गया था, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। बीडीओ ने जानकारी देते हुए कहा कि वह जांच के लिए आए हैं और पूरी स्थिति का अवलोकन करने के बाद जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

## राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों संग जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

# निबंधन कार्यालय को अनुमंडल परिसर भवन में शिफ्ट करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा दिनेश कुमार यादव ने जिला मुख्यालय (पुराने समाहरणालय परिसर) में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि की उपस्थिति में वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख-रखाव समेत अन्य बिंदुओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख-रखाव समेत अन्य चीजें संतोषजनक व निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार पाए गए। इस दौरान उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमेरा, अग्निशामक समेत अन्य सुरक्षा मानकों की भी जांच की। जांच में सीसीटीवी, अग्निशामक व्यवस्था समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। मौके पर प्रतिनियुक्त सुरक्षा कर्मियों से भी उपायुक्त ने विभिन्न प्रकार की जानकारी लेते हुए पूरी तरह से सक्रिय होकर कर्तव्यों के निर्वहन का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि समेत उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा पुराने समाहरणालय भवन परिसर का भी निरीक्षण किया गया व उनमें संचालित किये जा रहे विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रधान को कार्यालय परिसर में समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में निबंधन कार्यालय गढ़वा का भी निरीक्षण किया गया, जिसकी स्थिति काफी जर्जर अवस्था में पाई गई। उपायुक्त ने निबंधन कार्यालय को अनुमंडल परिसर स्थित निर्मित भवन में शीघ्र ही शिफ्ट करने का निर्देश दिया।



## नगर पंचायत ईओ शैलेश कुमार बेहोश, भर्ती

**मझिआंव (गढ़वा)।** मझिआंव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) शैलेश कुमार गुरुवार सुबह अचानक अपने आवास पर बेहोश हो गए। घटना के बाद उन्हें तुरंत मझिआंव रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शैलेश कुमार सुबह करीब 9:30 बजे अपने विवाह मंडप स्थित आवास पर नाश्ता कर रहे थे, तभी अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। सूचना मिलते ही नगर पंचायत के पदाधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोविंद प्रसाद सेठ और डॉ. विनोद कुमार सिंह उनकी देखरेख में इलाज कर रहे हैं। करीब दो घंटे के इलाज के बाद वे आंशिक रूप से होश में आए और अपनी आंखें खोलीं। उनके साथ उनकी पत्नी भी अस्पताल में मौजूद हैं। शैलेश कुमार की तबीयत बिगड़ने की खबर मिलते ही नगर पंचायत की निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, सीटी मैनेजर समेत कई अधिकारी और कर्मचारी अस्पताल पहुंचे और उनका हालचाल जाना।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 02.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 02.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 09.06.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.06.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पण्डवा | कजरी–पाटन | कजरी–पाटन मेन रोड से सखुआ गांव तक सड़क निर्माण। | 2465800.00 | 49316.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-04/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | पण्डवा | गाड़ीखास | ग्राम गाड़ी (बड़का भीट्ठा) शंकर सिंह के घर से दुर्गावती नदी तक सड़क निर्माण। | 2489300.00 | 49786.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-04/ 2025-26/ Gr-02 |
| 3 | नौडीहा बाजार | करकट्टा | ग्राम हरनी में हरनी स्कूल से पाल्हे पतरा करमा गाँव तक सड़क निर्माण। | 9535800.00 | 190716.00 | 10000.00 | 06 माह | NIT-04/ 2025-26/ Gr-03 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.353837 District(25-26):D

# बराती वाहन ओरसा घाटी में दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत व दर्जनों घायल

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ओरसा घाटी मेंढारी मोड़ पर बुधवार की रात नौ बजे ओरसा पंचायत के चीरोपाठ गांव से नेतरहाट थाना क्षेत्र के बेलवार गांव लौट रहे एक बराती गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से दो की मौत होने के साथ दर्जनों घायल हो गए हैं। हेरारियुस बेंग पिता स्व जुनस बेंग (45), सुनील नगेसिया पिता एलियस नगेसिया (40) की मौके पर मौत हो गई। धर्मपाल नगेसिया, लवकुश कुमार, सतपाल नगेसिया, अर्जुन नगेसिया, अनूप नगेसिया, अनीता नागेसिया बीनसरी देवी, सुनीता देवी गंभीर रूप से घायल है। कई की स्थिती गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त के बाद मेंढारी गांव के ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। धर्मपाल नगेसिया, लवकुश कुमार, सतपाल नगेसिया, अर्जुन नगेसिया, अनूप नगेसिया की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा दिया। इस संबंध में बताया गया कि बुधवार सुबह बेलवार गांव से बारात गए थे। वहां देर राज बारात से लौटने के दौरान दुर्घटना हुई।



## राजद के प्रखंड अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को टंडवा स्थित नगर भवन में राजद की प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई।अध्यक्षता सुभाष यादव, संचालन मोहन राणा ने किया। पार्टी की ओर से पर्यवेक्षक के तौर पर शारदा देवी व दिलीप यादव प्रतिनियुक्त थे। वहां पंचायत अध्यक्षों ने सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष के पद पर नीरज तिवारी को चुना और माला पहनाकर स्वागत किया। जिप सदस्य सुभाष यादव,मोहन राणा, जियाउल अंसारी,रामजतन यादव,मोईन अंसारी, रामदेव गंझू, उपेन्द्र यादव, सुरेश यादव,मोबिन अंसारी,गुलाम सरवर ने बधाई दिया है।

## नए पुलिस कप्तान सुमित अग्रवाल ने दिया योगदान



**चतरा।** झारखंड सरकार ने राज्य पुलिस प्रशासन में फेरबदल करते हुए चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय का तबादला कर दिया है। उनकी जगह अब सुमित कुमार अग्रवाल चतरा के नए पुलिस कप्तान (एसपी) बनाए गए हैं। युवा आईपीएस अधिकारी श्री अग्रवाल ने बुधवार शाम को योगदान देते हुए समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में निवर्तमान एसपी से प्रभार ग्रहण किया। नए पुलिस अधीक्षक ने प्रभार लेने के बाद कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था को बनाए रखना, सड़क हादसों पर नियंत्रण और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अवैध अफीम की खेती व तस्करी पर अंकुश लगान के साथ क्षेत्र में शांति कायम करना मेरी प्राथमिकता होगी। कहा जिला के लोग किसी भी समस्या के लिए थाना में निडर होकर पहुंचे, कोई भी मामला हो तो मेरे मोबाइल पर फोन कर सकते हैं। बाता दें कि श्री अग्रवाल ग्रामीण एसपी रांची में रह कर कई कांडों का उद्भेदन कर चुके हैं। इनसे चतरा के लोगों को काफी उम्मीद है। निवर्तमान एसपी श्री पांडेय ने कहा की मेरे अधूरे कार्य को वर्तमान पुलिस कप्तान पूरी संजीदगी से निभाएंगे।

## चंदवा में स्व. प्रभाकर मिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**चंदवा।** शहर के हाई स्कूल खेल स्टेडियम में कमांडो क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित स्व प्रभाकर मिश्रा दिवारात्रि कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार की रात्रि शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन कुमार, विशिष्ट अतिथि पूर्व रणजी खिलाड़ी अजात शत्रु,सीओ जयशंकर पाठक,बीडीओ चंदन प्रसाद,हिनडालको एचआर प्रकाश कुमार,उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा,पं बालकृष्ण मिश्र, पं रामकृष्ण मिश्र,घनश्याम मिश्रा,संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद स्व प्रभाकर मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। टूर्नामेंट की शुरूआत मैत्री मैच पत्रकार एकादश व हिंडाल्को 11 के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में हिंडाल्को की टीम विजयी रही।



**मैकलुस्कीगंज ने आजाद 11 चतरा को हराया :** पहले मैच में मैकलुस्कीगंज ने आजाद 11 चतरा को 5 रन से शिकस्त दी। दूसरे मैच में महुआमिलान ने बुलेट 11 चतरा को 7 विकेट से हराया। तीसरे मैच में मैकलुस्कीगंज ने स्माल ब्लास्टर चंदवा की टीम को 7 रन से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. चन्दन कुमार ने कहा कि चंदवा जैसे छोटे शहर में इस तरह के आयोजन से नए प्रतिभावान खिलाड़ी निकलकर राज्य व देश में अपना व अपने शहर का नाम रौशन कर सकते है। चंदवा में भी प्रतिभावान क्रिकेट खिलाड़ियों की कमी नहीं है, जो हमलोगों के लिए गर्व का पल होता है। पूर्व रणजी खिलाड़ी अजात शत्रु ने कहा कि स्व प्रभाकर मिश्र के हमसबो के मार्गदर्शक थे। उनके साथ बिताए हुए पल हमेशा याद आते है। उन्होने सभी टीमों का हौसला अफजाई भी किया। उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा ने स्व प्रभाकर मिश्र द्वारा समाज के लिए किये गए कार्यो को विस्तार पूर्वक बताया। कहा कि उनके द्वारा ही पूर्व में भी इस तरह के टूर्नामेंट की शुरूआत चंदवा में की गई थी। उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर कमांडो क्रिकेट क्लब के अगुवाई में यह टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सौरभ श्रीवास्तव कर रहे थे। मौके पर अलौदीया मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, रामयश पाठक, वरिष्ठ पत्रकार राजेश चन्द्र पांडेय,महेंद्र प्रसाद साहू,लाल कौशल नाथ शाहदेव,निर्मल कुमार शर्मा, सतेंद्र यादव,प्रमोद दुबे,अमर लाल शाहदेव,डॉ. शम्स रजा,मंटू केशरी,सुधाकर मिश्रा,विभाकर मिश्रा,आदर्श रवि राज,मुकेश सिंह,मन्नु कुमार गुप्ता,दारा सिंह के अलावा बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## बीमा के तहत अनीता को मिला दो लाख का चेक

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत बोरसीदाग गांव निवासी शोभन गंझू की मृत्यु 19 मार्च को बीमारी के कारण हो गई थी। शोभन गंझू द्वारा प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा कराया गया था। जेएसएलपीएस के सहयोग उनका दस्तावेज तैयार कर ग्रामीण बैंक टोरी में जमा किया गया। गुरुवार को बीमा क्लेम के तहत उनकी पत्नी अनीता देवी को दो लाख रुपये का चेक जेएसएलपीएस के बीपीएम मुजिबुल आरफीन और ग्रामीण बैंक मैनेजर टोरी द्वारा दिया गया। मौके पर मौजूद बैंक सखी सुल्ताना खातून और क्लस्टर कोर्डिनेटर अशेश्वर प्रजापति उपस्थित थे।

## देवी मंडप रोड की स्थिति दयनीय,जीर्णोद्वार की मांग

**चंदवा।** शहर से सटे देवी मंडप मुहल्ले को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्ग की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग पर प्रतिदिन कई भारी वाहनों का प्रवेश से बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं, जिससे उक्त पथ पूरी तरह जर्जर हो गया है। प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चों व ग्रामीण आवागमन करते हैं, हल्की बारिश के बाद सड़क पर बने गड्ढों में भारी जल जमाव हो जाता है, जिसके कारण आवागमन में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की समस्या को उन्होंने कई बार जन प्रतिनिधियों के समक्ष रखा है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से देवी मंडप सड़क जीर्णोद्धार की मांग की है।

## डीएमओ ने अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर किया जब्त

**बालूमाथ।** जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने गुरुवार को चार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने बताया कि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड,बाजार टांड,झारखंड ढाबा के समीप अवैध बालू लदे अलग अलग चार ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर द्वारा जो चालान प्रस्तुत किया गया था। उसमें एक ही चालान पर कई बार बालू का परिवहन किया जा रहा था। पकड़े गए ट्रैक्टर में दो ट्रैक्टर में नंबर अंकित नहीं था। अन्य दो ट्रेक्टर में रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित है। जिसे खनन पदाधिकारी ने पकड़े गए ट्रैक्टर को जब्त कर बालूमाथ थाना को सुपुर्द कर दिया। जिला खनन पदाधिकारी की इस कार्रवाई से अवैध बालू का परिवहन व भंडारण करने वाले बालू के माफियाओं में हड़कंप व्याप्त है।

## प्रधानमंत्री फसल राहत योजना के नाम पर की जा रही ठगी

**मयूरहंड(चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री फसल राहत योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार हो रहे हैं लोग। जानकारी के अनुसार प्रखंड कार्यालय कर्मी के नाम से साइबर क्राइम के लिए ठग क्षेत्र में पैर पसारना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के भोले भाले जनता को इस मोबाइल नंबर 6238195347 से फोन आ रहा है। ग्रामीणों को मयूरहंड प्रखंड के स्टाफ के नाम से प्रधामंत्री फसल राहत योजना के लिए डाटा अपडेट के नाम पर कॉल जा रहा है। एक एक कर आधार,मोबाइल नंबर समेत कई प्रकार के डाटा का मांग किया जाता है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित तिलरा गांव के सुमन कुमार,करीम ठाकुर ब्लॉक पहुंच कर गुहार लगाई। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि प्रखंड कार्यालय द्वारा किसी प्रकार का कॉल कर डाटा दूरभाष से नही मांगा जा रहा है। ठगी का शिकार ना हो अनजान नंबर से कॉल आने पर बैंक एवं आधर से संबंधित किसी तरह की जानकारी साझा ना करें। इसकी सूचना प्रखंड कार्यालय आकर दे ताकि चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

## चाल धंसने से चार महिला घायल, दो रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के मकईयाटांड़ खरटीया ग्राम के मॉडल विद्यालय के नजदीक मिट्टी खोदने के दौरान चाल धंसने से चार महिलाएं दबकर घायल हो गई हैं। घायलों में रीना देवी पति संतोष गंझू, कर्मी देवी पति मनोज गंझू, आरती देवी पति करम गंझू,सुनीता देवी पति दाशो गंझू ये सभी ग्राम चोरबोरा थाना सिमरिया जिला चतरा के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि सभी लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत धातु पंचायत के खरठिया ग्राम स्थित मिट्टी (घर पुताई करने वाला मिट्टी) लाने के लिए गुरुवार को एक ट्रैक्टर से आए थे। ये सुरंग नुमा गड्ढे में घुस मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। इस दौरान ऊपर से मिट्टी का चाल धंस गया और यह सभी उसके नीचे दब गए। आसपास के लोग व झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू को घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्तर पर पहुंच सभी को बाहर निकाला।

## उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक, लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कीर्ति श्री ने विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ गुरुवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त ने विभागों द्वारा संचालित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। विशेष रुप से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास कार्य विभाग, भवन प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित कार्यों संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा एक-एक कर अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। पुल, पुलिया, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मती कार्य की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। पेय जल व स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप आंगनवाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में शत-प्रतिशत पेयजल आपूर्ति, शौचालय से संबंधित कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना की भी समीक्षा की गई। साथ ही निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से राज्य स्तर से पारित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा वैसी विकास योजनाएं जिसके निर्माण कार्य में वन विभाग या अन्य के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है, उन योजनाओं की सूची उपलब्ध कराएं। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला अभियंता, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## महिला कार्डधारियों ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन

**लातेहार।** बरवाडीह प्रखंड के जुरुहार के बड़ी संख्या में महिला ग्रामीण कार्डधारी गुरुवार को समाहरणालय पहुंचे। ग्राम जुरुहार में राशन नहीं लेने के संबंध में उपायुक्त लातेहार को आवेदन सौंपा है। साथ ही महिला कार्डधारियों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने कहा कि हमलोग ग्राम जुरुहार में राशन नहीं लेना चाहते है। क्योंकि ग्राम जुरुहार में पहले मोगल उरांव राशन बांटता था। मोगल उरांव का बेटा रविंद्र उरांव व डिंपल उरांव अभद्र व्यवहार करता था। मोगल उरांव का बेटा बोलता है कि जुरुहार में राशन बांटेंगे, लेकिन हम सभी राशन कार्डधारियों जुरुहार में राशन नहीं लेना चाहते है।


## शपथ पत्र

मैं, अरविन्द कुमार उपाध्याय पिता बसंत कुमार उपाध्याय ग्राम-बेलचम्पा, पो.-बेलचम्पा, थाना+जिला- गढ़वा, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि अमीषा कुमारी उपाध्याय मेरी पुत्री हैं जिसका आधार कार्ड संख्या- 2118 6823 3515 में मेरा नाम अरविन्द कुमार उपाध्याय (ARVIND KUMAR UPADHYAY) हैं जबकि मेरी उक्त पुत्री के शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम अरविन्द उपाध्याय ( ARVIND UPADHYAY) है। मेरा नाम अरविन्द कुमार उपाध्याय (ARVIND KUMAR UPADHYAY) एवं अरविन्द उपाध्याय (ARVIND UPADHYAY) दोनों नाम मेरा ही है। मैं दोनों नाम का एक ही व्यक्ति होने का प्रमाण स्वरुप यह शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूं।

शपथ पत्र संख्या : 01/65 दिनांक : 20/05/2025

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

पत्रांक– 343 /दिनांक–28.05.2025

**सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक–332 दिनांक–22.05.2025 के द्वारा निविदा शुद्धि पत्र सूचना विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी जिसका PR No-353670 (water resource) 25-26( D) है, को निरस्त किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 353771 Water Resource(25-26)#D

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

पत्रांक– 342 /दिनांक–28.05.2025

**सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक–331 दिनांक–22.05.2025 के द्वारा निविदा शुद्धि पत्र सूचना विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी जिसका PR No-353667 water resource( 25-26) D है, को निरस्त किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 353770 Water Resource(25-26).D


## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर रात्रि में किया जा रहा रक्त नमूना संग्रह

**प्रतापपुर (चतरा)।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतापपुर प्रखंड के कसमार, रामपुर, रामपुर भारतीय टोला, मस्जिद टोला, बभने सहित अन्य गांव, टोलों में रात्रि के समय रक्त पट्टिका (ब्लड स्लाइड) संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। चिन्हित व्यक्तियों से देर रात रक्त नमूना लेकर फाइलेरिया परजीवी की उपस्थिति की जांच की जा रही है, क्योंकि यह परजीवी सामान्यतः रात में सक्रिय होता है। प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि यह अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के अंतर्गत फाइलेरिया के समूल उन्मूलन के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जांच से संक्रमित लोगों की पहचान कर समय रहते इलाज सुनिश्चित किया जा सकेगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग करने और जागरूक रहने की अपील की है। बताते चले कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का अनुश्रवण करने के लिए जिला और राज्य से भी टीम लगातार अनुश्रवण कर रही है। मुख्य रूप से राज्य और जिला टीम से अमित कुमार भारती, श्रवण झा एवं रणजीत मिश्रा है। जबकि इस अभियान को सफल बनाने में नागेश्वर प्रसाद, एमपीडब्ल्यू संजय पटेल, सचिन कुमार, रजनीश राज, चंद्रशेखर शर्मा के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में लगातार सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक में 15 लाभुकों को राशि देने की अनुशंसा

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि के लिए प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों की समीक्षा के बाद 15 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। बैठक में अनुसूचित जाति के 1, अनुसूचित जनजाति के 5, पिछड़ी जाति के 9 आवेदकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने का अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित 15 आवेदनों में 1 कैंसर पीड़ित मरीज का आवेदन हैं। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को अनुमोदन के बाद शीघ्र सभी लाभुकों को अनुदान राशि हस्तान्तरित करने का निर्देश दिया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर प्रसाद यादव, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले लातेहार, बरवाडीह एमओ का वेतन स्थगित

# उपायुक्त ने नियमित राशन वितरण करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत अप्रैल और मई में जिले में किए गए खाद्यान्न वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुकूल काम न कर पाने वाले प्रखंडों में लातेहार, बरवाडीह के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पर नाराजगी जाहिर करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। साथ ही सुधारात्मक प्रगति लाने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न उठाव व वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण ससमय कराना सुनिश्चित करें। जिले में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना से दी जाने वाली राशन संबंधित समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों को ससमय शतप्रतिशत डाकिया योजना का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करें।

बीएसओ व डीएसओ लॉगिन में लंबित मामलों को अविलंब निष्पादित करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड में लाभुकों की ई-केवाइसी से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने जिले के शत-प्रतिशत लाभुकों का समय पर ई-केवाइसी कराने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त द्वारा खाद्यान्न वितरण, जन वितरण प्रणाली दुकानों से संबंधित मामले, पीवीटीजी डाकिया योजना, गमुख्यमंत्री दाल-भात योजना, धान अधिप्राप्ति एवं भुगतान, चना दाल वितरण योजना, लाभुकों का ई केवाईसी, पीजीएमएस शिकायत, सुसुप्त राशन कार्ड, समेत अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सभी सुयोग्य लाभूको को योजना का लाभ मिले इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जनसेवक संबंधित उपस्थित थे।


## जिला कृषि कार्यालय, पलामू

वर्ष 2025–26 खरीफ में बीज विनिमय एवं वितरण योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर आवंटित बीज की विवरणी

| क्र० सं० | फसल का नाम | पत्रांक/दिनांक | प्रभेद | आपूर्तिकर्ता | कृषक अंशदान राशि (50%) | अनुदान की राशि (50%) | स्वीकृत दर (रूपया/क्विंटल) | आवंटित बीज की मात्रा (क्वींटल में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | धान | 1730/21.05.2025 | PAC-801 | HIL | 17985 | 17985 | 35970 | 200 |
| | | | PNPH-24 | | 18825 | 18825 | 37650 | 100 |
| | | 1731/21.05.2025 | AZ8433DT (IET28160) | NCCF | 22500 | 22500 | 45000 | 75 |
| | | | BS-129G Arize 6129 gold) | | 19000 | 19000 | 38000 | 50 |
| | | 1732/21.05.2025 | DRRH-2 | HACA | 11100 | 11100 | 22200 | 1000 |
| | | 1733/21.05.2025 | MTU-1010 | NSC | 2100 | 2100 | 4200 | 200 |
| | | | IR-64-DRT | | 1995 | 1995 | 3990 | 100 |
| | | | IR-64 | | 2100 | 2100 | 4200 | 100 |
| | | | Rajendra Mansuri | | 1950 | 1950 | 3900 | 250 |
| | | | Sava-7301 | | 21350 | 21350 | 42700 | 200 |
| | | | कुल | | | | | 2275 |
| 2 | अरहर | 1745/22.05.2025 | Ranendra Arhar-1 | NCCF | 6232.5 | 6232.5 | 12465 | 50 |
| | | 1746/22.05.2025 | IPA-203 | NSC | 7000 | 7000 | 14000 | 50 |
| | | | कुल | | | | | 100 |
| 3 | ज्वार | 1745/22.05.2025 | CSV-15 | NCCF | 2525 | 2525 | 5050 | 50 |
| 4 | रागी | 1746/22.05.2025 | VL-379 | NSC | 3700 | 3700 | 7400 | 50 |
| 5 | जौ | 1746/22.05.2025 | RD-2794 | NSC | 2100 | 2100 | 4200 | 30 |
| 6 | उरद | 1747/22.05.2025 | PU-31 | HIL | 6825 | 6825 | 13650 | 50 |
| 7 | मूँगबीनी | | IPM-205-07 | | 6825 | 6825 | 13650 | 100 |
| 8 | मूँगफली | | Girinar-4 | | 5500 | 5500 | 11000 | 100 |
| 9 | तील | | RT-351 | | 13000 | 13000 | 26000 | 20 |
| 10 | मक्का | 1748/22.05.2025 | HQPM-1 | HIL | 11850 | 11850 | 23700 | 155 |
| | | | NMH-803 | | 12600 | 12600 | 25200 | 50 |
| | | | IMH-224 | | 8400 | 8400 | 16800 | 50 |
| | | 1749/22.05.2025 | BIO-9682 | NCCF | 14500 | 14500 | 29000 | 50 |
| | | 1750/22.05.2025 | DMRH-1308 | HACA | 11500 | 11500 | 23000 | 50 |
| | | 1751/22.05.2025 | DHM-117 | NSC | 9300 | 9300 | 18600 | 50 |
| | | | DMRH-1301 | | 7250 | 7250 | 14500 | 50 |
| | | | DHM-121 | | 5250 | 5250 | 10500 | 50 |
| | | | कुल | | | | | 505 |

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR.NO.353857 District(25-26):D

## न्यूज बॉक्स

### शिशु विद्या मंदिर सेन्हा का मैट्रिक परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा मैट्रिक परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा का परीक्षा फल परिणाम शत प्रतिशत रहा। उल्लेखनीय है कि मैट्रिक की परीक्षा में 14 भैया बहन परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें सभी उतीर्ण हुए वही 80.02 प्रतिशत के साथ बहन अंशु कुमारी विद्यालय टॉपर बनी तथा मानशी कुमारी का 79.40 प्रतिशत मृत्युंजय कुमार 78.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल रहे। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले सभी भैया बहनों को विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने शुभकामना देते हुए कहा की अनवरत कठिन परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होता है। कहा कि विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या और अभिभावकों का मार्गदर्शन से सभी बच्चे बच्चियां झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किये है। इस निमित विद्यालय प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामना दिया है।

### हम हिन्दुस्तानी विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संसाधन केंद्र में जिला शिक्षा विभाग और सिनी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हम हिन्दुस्तानी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला गुरुवार को सम्पन्न हुआ. आयोजित कार्यशाला में सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 से 10 वीं तक 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वही कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था बच्चों को हिंदुस्तानी होने की पहचान, अपनी जिम्मेदारियां तथा गौरव का बोध कराना था। वही कार्यशाला का संचालन सुप्रसिद्ध फिल्ममेकर, लेखिका और शिक्षिका समीना मिश्रा द्वारा किया गया. जिस पर समीना मिश्रा द्वारा बच्चे बच्चियों के लिये बनाये गये प्रेरणादायक पॉडकास्ट और बाल-केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को भारतीयता के विभिन्न आयामों से परिचित कराया गया। उन्होंने बच्चे बच्चियों को बताया कि हम हिन्दुस्तानी हैं. हमारी पहचान क्या है. और हमारी आज़ादी के मायने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद और गतिविधियां आयोजित की गई। वही कार्यक्रम के दौरान बच्चों मे समूह चर्चा करते हुए चित्र, पोस्टर निर्माण, आजादी का रूपक बनाना और अभिव्यक्ति की आजादी जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया साथ ही बच्चों ने अपने विचार साझा करते हुए भारतीय होने पर गर्व महसूस किया और समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका को समझने की कोशिश की वही कार्यशाला को प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से छात्र छात्राओ का न केवल बौद्धिक विकास में सहायक होता है. बल्कि बच्चों के भीतर आत्मविश्वास और सोच समझ भी विकसित होता है. मौके पर कार्यशाला में अंजू कुमारी, मुस्कान परवीन, आंचल कुमारी शिवानी कुमारी, आयुष यादव, आलिया परवीन, सृष्टि कुमारी, चाहत नाच दानिश राज अंसारी नफीस आलम, गुलजेबा परवीन नजमीन प्रवीण नसीहत परवीन, कशिश परवीन, निकिता कुमारी समेत अन्य छात्र-छात्राओं के अलावे अम्बिकाशरण पाण्डेय, तरुण कुमार, सबन टोपनो, उदित कुमार, राहुल कुमार उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां अंतिम चरणों में



**कुडू (लोहरदगा)।** कुडू स्थित नवनिर्मित बिड़ला शिव मंदिर में आगामी 01 जून से 05 जून तक भव्य शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत बिहार के बक्सर स्थित सिद्धाश्रम धाम से आए हुए प्रसिद्ध आचार्य पौराणिक जी प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे प्रवचन देंगे। इस आयोजन की जानकारी मंदिर निर्माण समिति के वरीय सदस्य एवं ट्रस्टी बीरेंद्र प्रसाद ने देते हुए बताया कि महायज्ञ के सफल संचालन हेतु स्थानीय श्रद्धालुओं, नवयुवकों एवं बुद्धिजीवियों की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है। आयोजन की प्रमुख तिथियाँ में 1 जून (रविवार): प्रातः 8 बजे भव्य शोभायात्रा, जलभरी नगर भ्रमण एवं जलाधिवास, 2 जूनः पूजन, हवन एवं अन्नाधिवास, 3 जूनः मूर्ति का नगर भ्रमण एवं शय्याधिवास, 4 जूनः देव पूजन एवं स्नपन पूजा व 5 जूनः देव प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोजन, श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद ग्रहण व महा भंडारा का आयोजन किया गया है। बीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि यह आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से ऐतिहासिक होगा। ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और मंदिर परिसर व आस-पास के क्षेत्रों को सजाया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ मिलेगा और सामाजिक एकता को भी बल मिलेगा।

### संकरे पुल पर कार हुई दुर्घटनाग्रस्त



**बसिया (गुमला)।** बसिया अनुमंडल मुख्यालय के बीचो बीच बहनेवाली दक्षिणी कोयल नदी पर स्थित संकरे पुल ने आज फिर से एक कार को अपनी चपेट में ले लिया। गत जनवरी माह से शताधिक दुर्घटनाओं को देख चुका यह पुल न केवल दुर्भाग्य का पर्याय बना हुआ है बल्कि प्रशासनिक अक्षमता का भी मिसाल बना हुआ है। दोनों छोर से चौड़े व व्यस्त सड़क को अपने संकरे बनावट के साथ जोड़ने वाले इस पुल पर अभी जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। इस कार्य में सुरक्षा मानकों के घोर अवहेलना का मामला प्रशासन के संज्ञान में है और समय समय पर संवेदक को भी इस संबंध में आगाह किया गया है। इसके बावजूद दुर्भाग्य का विषय यह है कि यहां पर दुर्घटना से लोगों को बचाए रखने का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। इस लापरवाही का नतीजा सामने है जबकि लगभग प्रतिदिन हो रहे दुर्घटनाओं के बीच गुरुवार की सुबह लगभग 6 बजे फिर से ट्रक की चपेट में आकर एक कार बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में ओड़िशा के बलांगीर निवासी अक्षय प्रसाद रथ (45), आरती रथ (42), प्रभावती रथ (86) और दो छोटी छोटी बच्चियां अपने घर की जगह अस्पताल पहुंचने को विवश होकर रह गई।

## अंचलाधिकारी ने सलगी पंचायत की योजनाओं का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुडू/लोहरदगा।** कुडू प्रखंड की बीडीओ सह अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा ने सलगी पंचायत के विभिन्न गांवों में चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आम बागवानी योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना समेत कई योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से मानसून के आगमन से पहले सभी सिंचाई कूप योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया, ताकि किसानों को समय पर लाभ मिल सके। इस मौके पर पंचायत के जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के कर्मचारी एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित थे। श्रीमती मिश्रा ने कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया।

जमगाई पंचायत में संचालित विकास योजनाओं का बीडीओ ने किया निरीक्षण

## अपूर्ण आवास योजनाओं को एक सप्ताह के भीतर पुरा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा (लोहरदगा)।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत जमगाई पंचायत में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रतिमा कुमारी ने विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा के तहत संचालित बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने जॉन लकड़ा, मंगलदास लकड़ा और विनोद लकड़ा के बागवानी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, वहीं सावित्री देवी और सनीचरिया देवी के अधूरे आवास योजनाओं को भी देखा। इस दौरान बीडीओ ने लाभुकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने की हिदायत दी। सख्त रुख अपनाते हुए बीडीओ ने कहा "विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि लाभुक तय समय में योजना पूर्ण नहीं करते हैं तो उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा।" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लाभुकों ने आवास योजना की राशि तो ले ली है, लेकिन कार्य प्रारंभ नहीं किया, उन्हें चिन्हित कर राशि वसूली की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत की मुखिया धनेश्वरी उरांव को निर्देश दिया कि वे विकास कार्यों की नियमित निगरानी करें और कार्य में तेजी लाएं, ताकि सभी योजनाएं समय पर पूर्ण हो सकें।

### निवर्तमान उपायुक्त को संयुक्त संगठनों द्वारा किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट एवं भारतीय डाक मजदूर संघ (गुमला प्रमंडल) के संयुक्त तत्वावधान में निवर्तमान उपायुक्त डॉ. बाघमारे कृष्ण कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों और सामाजिक सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने उनके आवास पर जाकर उन्हें शॉल भेंटकर विदाई दी और कुम्हार प्रजापति समुदाय के प्रति उनके सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया।

डॉ. बाघमारे ने कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट को चाक दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसे समुदाय के लोगों ने सराहा। इस कार्यक्रम में भारतीय डाक मजदूर संघ गुमला प्रमंडल के सचिव राधेश्याम प्रजापति, कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति, संरक्षक वासुदेव प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने डॉ. बाघमारे को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके योगदान को सदैव स्मरणीय बताया।

### केंद्रीय मुक्तिधाम समिति को मिला इलेक्ट्रॉनिक शव फ्रिज

**लोहरदगा।** लोहरदगा में अंतिम संस्कार हेतु उपयोग होने वाले इलेक्ट्रॉनिक शव फ्रिज की लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता अब पूरी हो गई है। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से यह फ्रिज लोहरदगा केंद्रीय मुक्तिधाम समिति को सौंप दिया गया। इस पुनीत कार्य की जानकारी देते हुए समिति ने बताया कि जब किसी व्यक्ति की असमय मृत्यु होती थी और परिजनों को दूरदराज से आने में समय लगता था, तब शव के सुरक्षित संरक्षण में काफी कठिनाई होती थी। ऐसी परिस्थिति में शव को एक या दो दिन सुरक्षित रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक शव फ्रिज की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

### सरना कोड पर सियासत कर रही है कांग्रेसः मनीर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्री मनीर उराँव ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कांग्रेस पर सरना कोड को लेकर राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 1961 में आदिवासी कोड को समाप्त करने वाली पार्टी खुद कांग्रेस थी, और अब सत्ता से बाहर होने के बाद घड़ियाली आँसू बहाकर आदिवासी समाज को गुमराह करने का कार्य कर रही है। श्री उराँव ने कहा कि भारत के आदिवासी मूलतः प्रकृति पूजक हैं और उनकी धार्मिक पहचान की रक्षा हेतु सरना कोड की मांग स्वाभाविक है। लेकिन यह भी तथ्य है कि आजादी के समय झारखंड में आदिवासियों की संख्या लगभग 86 लाख थी, जिनमें से लगभग 14 लाख लोग धर्म परिवर्तन कर ईसाई बन गए हैं। उन्होंने चिंता जताई कि झारखंड में एन्टी कन्वर्जन बिल लागू होने के बावजूद धर्म परिवर्तन की घटनाएं थमी नहीं हैं, और यह आदिवासियों की संस्कृति, परंपरा एवं अस्मिता के लिए बड़ा खतरा है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा, "सरना कोड तब तक सार्थक नहीं होगा, जब तक हम आदिवासी समाज को धर्मांतरण से नहीं बचा पाते। कांग्रेस के समर्थन से चल रही सरकार को पहले धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने के ठोस कदम उठाने चाहिए।" उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि "सरना कोड की मांग करने वाले अधिकांश नेता ईसाई धर्म अपना चुके हैं, ऐसे में उन्हें पहले 'घर वापसी' करनी चाहिए, फिर आदिवासी धर्म के हित की बात करनी चाहिए।" मनीर उराँव ने कहा कि भाजपा सदैव आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और पहचान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और भविष्य में भी इस दिशा में प्रयास करती रहेगी।

कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली', केंद्र सरकार पर जमकर साधा निशाना हमला

## केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को कमजोर करने की साजिश कर रही है : डॉ. बेला प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को राजेंद्र भवन परिसर में 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन किया गया। रैली में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी व एआईसीसी सचिव डॉ. बेला प्रसाद ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को कमजोर करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग जैसे स्वतंत्र संस्थानों का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को खतरे में डाला जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर संविधान की रक्षा के लिए लोगों को जागरूक करें।

सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि जनगणना से "अन्य" कॉलम हटाकर आदिवासी पहचान मिटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने सरना धर्म कोड को जल्द मान्यता देने की मांग की। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा-आरएसएस की सरकार दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को खत्म करना चाहती है। विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने भाजपा पर धर्म के नाम पर नफरत फैलाने और संविधान को बदलने की कोशिश का आरोप लगाया। हिंदू मुसलमान को आपस में लड़ा कर सत्ता हासिल करते आई है। जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि संगठन को गांव-स्तर तक मजबूत किया जाएगा और आगामी दिनों में सभी प्रखंड कमेटियों का सत्यापन कर नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पर्यवेक्षक राजेश गुप्ता छोटू प्रदेश के प्रवक्ता रियाज अंसारी, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी, डॉ अजय सहदेव, मोहन दुबे रीना कुमारी भगत साजिद अहमद चंगू निशीथ जायसवाल, रूपा देवी, सुनील राम आदि मौजूद थे।


**प्रेस विज्ञप्ति**
**आम सूचना**

**कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा।**
**उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन।**

सूचित किया जाता है कि प्रबंध निदेशक, जिडको, राँची (उद्योग विभाग) झारखण्ड के निदेशानुसार MSME इकाइयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निःशुल्क उद्यम पंजीकरण हेतु जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा के सभागार (नया समाहरणालय परिसर) में दिनांक–02.06.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में MSME उद्यमियों के उद्यम का निबंधन किया जाएगा।

अतः आप सभी उद्यमी/व्यवसायी निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर आयोजित जागरूकता शिविर में अपने इकाई के उद्यम निबंधन हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार से लिंक मोबोइल नम्बर के साथ भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता हैं। (विशेष जानकारी हेतु मो0–9155700111 एवं 9430389449 से सम्पर्क किया जा सकता है।)

निवेदक,
महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा

PR 353792 Lohardaga(25-26)#D

**e-Procurement Cell**
**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD CHATRA, JHARKHAND**

**Very Short e-procurement Notice**

**e-Tender Reference No.- UDD/CH/NPC/04/2024-25 ($3^{rd}$ Call)** **Dated-29.05.2025**

| Sl. No. | Particular | Details ($15^{th}$ Finance Untied Grant Scheme) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Name of Work (Group No. -04) | Construction of RCC drain from Ekbal Lala house to Kaso Babu house in ward no.-20 under Nagar Parishad, Chatra | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 24,90,750/- | 50,000/- | 5,000/- | 03 Months |
| 02 | Name of Work (Group No. -07) | Construction of RCC drain from Mathura Saw house to Mahua Chowk via Liyakat Ali Road in ward no. -19 under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 21,23,000/- | 42,500/- | 5,000/- | 03 Months |
| 03 | Date of Tender Uploading in Website- http://jharkhandtenders.gov.in | 03.06.2025 at 10:00 AM | | | |
| 04 | Bid Submission Start Date & Time | 04.06.2025 at 10:00 AM | | | |
| 05 | Last Date/Time for Receipt of Bid | 11.06.2025 upto 3:00 PM | | | |
| 06 | Date & Address for Opening of Bid. | 12.06.2025 upto 3:00 PM, in the e-Procurement Cell, Nagar Parishad Chatra. | | | |
| 07 | Name & Address of Office inviting Tender | Administrator, Nagar Parishad, Chatra (Jharkhand) | | | |
| 08 | Contact No. of Procurement Office | +91- 7004394602, 9060162974 | | | |
| 09 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | |

Any change can be seen on Website *http://jharkhandtenders.gov.in*
*Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in*
*Note:- According to Secretary, Information Technology & e-Governance Department Order memorandum no.-120, dt.-03.10.2023, the entire process of receiving the tender fee and EMD amount is done through online method.*

**Administrator,**
**Nagar Parishad Chatra.**

PR 353829 (Urban Development) 25-26 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
**($1^{st}$ Call)**

निविदा सूचना संख्या - **DWSD/GAR-02/2025-26** दिनांक - **28.05.2025**

| कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| Construction of RCC Fou ndation for steel Structure , Galvanized tubular steel structure staging ( 4.5 mtr.) for HDPE water storage tank & Solar panel, Supplying & Installation of 2000 liters capacity water storage tank (1No.),Laying of Rising and distribution pipe line including House connection up to 20 Nos, Provision of 1.0 HP DC Solar Motor pump complete set with Annual repair & maintenance for 5 years **at Chaplasi Village , Bhandaria Block under Garhwa district.** | **6,47,642/-** | **13,000/-** | **1250/-** | 03 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – | 09.06.2025 समय 02:00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 17.06.2025 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम – | ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9431325479 | |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – 0651–2490920 | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।

**PR 353821 Drinking Water and Sanitation(25-26)D**

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj • e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e-NIT Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm/agency/contractors for the following work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Name of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST@18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **156/PR/JUSNL/2025-26** | Repair & maintenance, Painting (inside & outside area), Sanitary work, Septic Tank and other miscellaneous work of E-02 Quarter at colony campus of 132/33 KV G.S.S. Garhwa Road. | 03 Months | 1476/- | 17000/- | 8,46,082.00 |
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | | | | **03.06.2025 at 12:00 PM** | | |
| Start Date & Time of upload of BID | | | | **03.06.2025 at 12:00 PM** | | |
| End date and time of upload of BID | | | | **24.06.2025 at 12:00 PM** | | |
| BID Opening date for Technical Part (Part -I) | | | | **25.06.2025 at 02:00 PM** | | |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | | | | **Will be communicated later on** | | |
| Tender Inviting Authority and address for communication | | | | **General Manager, Transmission Zone - IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand** | | |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager**
**Transmission Zone-IV, Medininagar**

PR 353815 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

## न्यूज बॉक्स

### ऑटो की टक्कर से दो युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के खटखोर गांव के समीप बुधवार रात करीब 8 बजे एक खड़ी बाइक में ऑटो की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों में समसेरा निवासी कृष्ण खड़िया और पिंजराडीपा निवासी राहुल साहू शामिल हैं। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर डोबडोभी गांव में आयोजित एक शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान कृष्ण खड़िया के मोबाइल पर कॉल आने पर उन्होंने बाइक सड़क किनारे रोक दी और बात करने लगे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ऑटो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में कृष्ण खड़िया का एक हाथ टूट गया, जबकि राहुल साहू के पैर में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। वहीं, ऑटो चालक के पक्ष में कुछ लोग सामने आ गए और उल्टा बाइक सवार को ही दोष देने लगे, जिससे मौके पर माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया और मामले की जांच में जुट गई है।

### नाबालिग ने की आत्महत्या की कोशिश, समय पर बचाई गई जान

**गुमला।** शहर के एक मोहल्ले में गुरुवार को एक 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। सूत्रों के अनुसार, किशोरी आठवीं कक्षा की छात्रा है। गुरुवार दोपहर घर के काम को लेकर उसका अपनी छोटी बहन से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि छात्रा को गुस्सा बहुत जल्दी आता है। जब घर के बाकी सदस्य बाहर बैठे थे, तभी उसने कमरे के अंदर पंखे में दुपट्टा फंसाकर खुदकुशी की कोशिश की। अचानक कमरे से अजीब आवाज आने पर परिजन भागकर अंदर पहुंचे और पंखे का स्विच बंद कर उसे नीचे उतारा। इसके बाद बिना देर किए उसे सदर अस्पताल लाया गया। परिजनों का कहना है कि घर के छोटे-मोटे काम को लेकर उसकी बहन से झगड़ा हुआ था, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। फिलहाल किशोरी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। चिकित्सक लगातार निगरानी में रखे हुए हैं।

### युवती ने पीया निरमा पाउडर, हालत नाजुक

**गुमला।** गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम संबंध में आहत होकर एक 17 वर्षीय किशोरी ने निरमा पाउडर पी लिया। गंभीर हालत में उसे घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, किशोरी पिछले तीन महीने से एक युवक के साथ प्रेम-प्रसंग में थी। युवक दूसरी जाति का होने के कारण उसके परिजन इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। बुधवार को युवक नौकरी के लिए दूसरे राज्य जा रहा था और ट्रेन पकड़ने के लिए बस से चंदवा पहुंचा। इसकी जानकारी मिलने पर किशोरी भी चंदवा पहुंच गई। वहां दोनों के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ, लेकिन युवक ने उसे समझा-बुझाकर घर भेज दिया। घर लौटने के कुछ देर बाद ही किशोरी ने निरमा पाउडर पी लिया। इसके बाद उसे बेचैनी और पेट में तेज दर्द होने लगा। समय रहते परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जिससे उसकी जान बच सकी। फिलहाल किशोरी की हालत नाजुक बताई जा रही है और चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। प्रेमी के शादी से इनकार और उसके परदेश चले जाने से किशोरी इतनी आहत हुई कि उसने यह खतरनाक कदम उठा लिया। मामला प्रेम-प्रसंग और सामाजिक बाधाओं से जुड़ा होने के कारण गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### अंतर जिला बिजली तार चोर गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार



**गुमला।** रायडीह पुलिस ने अंतर जिला बिजली तार चोरी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह चोरों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में चोरी के भारी मात्रा में सामान और घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त किए गए हैं। यह गिरोह झारखंड के कई जिलों में सक्रिय था और योजनाबद्ध तरीके से चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। गिरफ्तार आरोपियों में सुरेंद्र उरांव (32 वर्ष), निवासी रुद्र बानटोली, थाना-चंदवा, जिला-लातेहार; दीपक कुमार (31 वर्ष), थाना-पतरातू, जिला-रांची; ख्रीस्तीयानुस एक्का (45 वर्ष) एवं कृष्णा लोहरा (35 वर्ष), दोनों निवासी चिरगांव, थाना-रायडीह, जिला-गुमला; अनुज महतो (28 वर्ष), थाना-तपकारा, जिला-पालकोट; तथा फादर लोहरा (35 वर्ष), निवासी गढ़सारू, थाना व जिला-गुमला शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने करीब ढाई सौ किलो हाई टेंशन बिजली तार के चार बंडल, पांच हेक्सा ब्लेड कटर, एक बोलेरो वाहन, एक बोलेरो पिकअप, एक बड़ी इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन, एक आई स्मार्ट मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ रायडीह थाना में कांड संख्या 41/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ललित मीणा ने जानकारी दी कि चोरी की योजना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम का गठन किया गया। रायडीह थाना क्षेत्र के मुरमकेला जंगल के एक खेत से चोरी के तारों को वाहन में लोड किया जा रहा था, तभी पुलिस ने छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### नन बैंकिंग कंपनियों के विरुद्ध ग्रामीण करेंगे राजभवन मार्च




**बसिया(गुमला)।** नन बैंकिंग कंपनियों के द्वारा ठगे गए लोग अब आंदोलन के माध्यम से अपने हक की लड़ाई को दिशा देंगे। इसके लिए ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच का गठन किया गया है। इस मंच की एक बैठक में आज यह निर्णय लिया गया सरकार की लापरवाही के कारण मेहनतकश लोगों की गाढ़ी कमाई से जमा रकम का भुगतान बाधित है। इसके भुगतान के लिए संघर्षरत लोगों की इस बैठक में सहारा इंडिया, एपीलाईन, साईं प्रकाश, पल्स, वेलफेयर जैसे संगठनों पर जमा किये गए रकम की चर्चा करते हुए कहा गया कि अब बड़े पैमाने पर आंदोलन की जरूरत है। बसिया के सरहुल मैदान में आयोजित इस बैठक में इग्निस सुरीन, प्रकाश उराँव, कृष्ण गोप, अजय बिलूंग, प्रकाश उरांव, अगस्टिना बाघा, कलावती देवी, शीला देवी, आशा कुमारी, सुषमा टोपनो, कविता देवी आदि वक्ताओं ने यह आह्वान किया कि तथाकथित नन बैंकिंग कंपनियों के जमाकर्ताओं को एकजुट हो कर बड़े पैमाने पर आंदोलन करने की जरूरत है।

मनरेगा, पीएम आवास और हरित ग्राम योजना की हुई समीक्षा

# राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार के लिए करें प्रयास : उपायुक्त

- खेल और हरियाली को मिलेगा बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिले में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर क्रियान्वयन की गति एवं गुणवत्ता में सुधार लाना था। बैठक की शुरुआत में उपायुक्त ने अधिकारियों से औपचारिक मुलाकात कर उनके कार्यक्षेत्र और दायित्वों की जानकारी ली। इसके बाद मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना समेत अन्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए राज्य स्तरीय रैंकिंग सुधारने हेतु ठोस प्रयास किए जाएं।

पोटो हो खेल मैदानों की स्थिति पर चर्चा करते हुए निर्माण गुणवत्ता में सुधार और मैदानों की संख्या में वृद्धि पर बल दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना में डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। आवास योजना के तहत लाभुकों को समय पर किस्तों का भुगतान सुनिश्चित करने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया गया। राजस्व शाखा की समीक्षा के दौरान म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, लंबित प्रमाण पत्रों के निष्पादन एवं राजस्व संग्रहण में सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिए गए।

### चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने कार्यपालक अभियंता से की मुलाकात



**गुमला।** गुरुवार को गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजेश सिंह की अगुवाई में गुमला बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता बिनय सिंह से उनके कार्यालय में मिले। बैठक में पूर्व निर्धारित एजेंडे के तहत बिजली आपूर्ति से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष राजेश सिंह ने सबसे पहले नगर क्षेत्र में बरसात से पहले सभी जर्जर तारों को दुरुस्त करने की मांग की। इसके अलावा डुमरडीह स्थित उर्मि चौक के पास खराब पड़े स्विच को तत्काल ठीक करने, ट्रॉली ट्रांसफार्मर की संख्या बढ़ाने और हाइड्रा व पिकअप वाहन की व्यवस्था करने की मांग रखी गई। कार्यपालक अभियंता बिनय सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से लेते हुए डुमरडीह स्विच को शीघ्र पुनः चालू कराने का आश्वासन दिया।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सुगासरवा गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, केड़ेग गांव निवासी किशोर टोप्पो (53) पुत्र स्वर्गीय मार्टिन टोप्पो और याकूब एक्का पुत्र प्रकाश एक्का अपनी हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल गाड़ी संख्या जेएच02जे2290 से केड़ेग से हराडिप्पा अपने निजी काम से गए थे। लौटते समय, सुगासरवा के पास अचानक उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक फुटकल के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिल से गिर पड़े। इस दुर्घटना में, किशोर टोप्पो ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, याकूब एक्का गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल केड़ेग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, उनकी हालत अब स्थिर है। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के एएसआई निर्मल राय मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है और दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को थाने ले आए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नशीली दवाईयों के साथ एक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले को नशामुक्त बनाने के दिशा में गुमला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर एसपी गुमला के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने टोटो थाना क्षेत्र के अटरिया गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की हैं।

इस कार्रवाई में एक नशा कारोबारी मुबारक खान को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका सहयोगी इम्तियाज खान फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस टीम का नेतृत्व एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव कर रहे थे, जिसमें गुमला थाना प्रभारी अवर निरीक्षक महेन्द्र कुमार करमाली, टोटो थाना प्रभारी अवर निरीक्षक उदेश्वर पाल एवं सशस्त्र बल शामिल थे। छापेमारी के दौरान मुबारक खान के घर से ऑन रेक्स कफ सिरप 100 एमएल के 338 नग, नशीली दवा कैप्सूल 2160 पीस और नशीली टेबलेट 160 पीस बरामद किए गए। गुमला थाना प्रभारी महेन्द्र कुमार करमाली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दोनों आरोपियों के घर से भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की गईं, जिनके संबंध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस ने मौके से जब्त दवाओं को सील कर लिया है और मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### 45 गोवंशीय पशुओं के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**गुमला।** गुमला जिले के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंडरा गांव के पास पुलिस ने मवेशी तस्करी का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक ट्रक और एक कार को जब्त कर 45 गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराया, जिसमें पांच मृत पाए गए। मौके से एक तस्कर विरेन्द्र सुमन, निवासी मटासी, थाना नारायणपुर, जिला जशपुर (छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। छापेमारी सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुडू व रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में एसडीपीओ ललित मीणा के निर्देश पर की गई। कार चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा, जबकि ट्रक चालक जंगल में ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पशु चिकित्सक की टीम द्वारा सभी मवेशियों की जांच की गई। इस कार्रवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर जुटे। टीम में सुरसांग थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त






**चैनपुर।** चैनपुर थाना ने अवैध बालू तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आज छठ घाट के समीप से बालू से लदे दो ट्रैक्टरों (जेएच 01सीटी4811, सीजी 14एमडी7484) को जब्त कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में बालू तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी को गुप्त सूचना मिली थी कि सफी नदी से दो ट्रैक्टरों द्वारा अवैध रूप से बालू का उठाव तस्करी के उद्देश्य से किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए एक छापामारी दल का गठन किया और तत्काल बालू घाट पर पहुंचे। पुलिस को अपनी ओर आता देख, दोनों ट्रैक्टर चालक और उनमें कार्यरत मजदूर मौके से फरार होने में सफल रहे। गौरतलब है कि चैनपुर में शंख नदी और सफी नदी से प्रतिदिन हजारों सीएफटी बालू का अवैध उठाव धड़ल्ले से जारी है। पुलिस इस अवैध गतिविधि पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए थी और सही समय पर इन दो गाड़ियों को धर दबोचा।

भरनो में जंगली हाथी का कहर

## चार गांवों के कई घरों को तोड़ा, ग्रामीणों में दहशत

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो(गुमला)।** भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कठितकुरा, पातुटोली, जोरेया पुरनाडीह और अलमोरा गांव में बीते बुधवार की रात एक जंगली हाथी ने जमकर तांडव मचाया। हाथी ने चार अलग-अलग गांवों में घरों को तहस-नहस कर दिया और घरों में रखे कई क्विंटल अनाज को भी चट कर गया।

कठितकुरा गांव में बुध्धु मुंडा, पातुटोली में अर्जुन गोप, जोरेया पुरनाडीह में ठेपई खड़िया और अलमोरा गांव में किशोर मुंडा के मिट्टी के घर को हाथी ने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घरों की दीवारें गिरने से बर्तन और अन्य जरूरी सामान भी टूटकर बर्बाद हो गए।

ग्रामीणों ने मशाल जलाकर किसी तरह हाथी को खदेड़ा। बताया जा रहा है कि यही हाथी पिछले तीन-चार दिनों से भरनो और करंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में तांडव मचा रहा है। अब तक वन विभाग द्वारा हाथी को भगाने या पकड़ने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और लोग रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114**
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(1st Call)
निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-03/2025-26 दिनांक - 28.05.2025

| कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| Supplying & Installation of 2000 liters capacity water storage tank (1No.) and Laying of Rising and distribution pipe line including House connection up to 07Nos, **at Chaplasi Village, Bhandaria Block under Garhwa district.** | 1,87,900/- | 4,000/- | 500/- | 03 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – | 09.06.2025 समय 02:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 17.06.2025 समय 05.00 बजे अपराह्न |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम – | ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – | 9431325479 |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – | 0651–2490920 |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।
PR.NO.353822 Drinking Water and Sanitation(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना– N.I.T. No.-04/2025-26
पत्रांक :– 449 दिनांक :– 29.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 04.06.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 05.06.2025 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 05.06.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0 01 चतरा का कार्यालय। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, भवन प्रमण्डल चतरा। |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction Of Car Parking,Drain andLaying Of Paver Block for Open Gym , Boundary Wall Painting at Judicial Officers Colony, Chatra. | 15,48,300.00 | 31000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Renovation Of HSC at 22 Court Chatra , Dist-Chatra For The Year 2024 -25 | 6,64,600.00 | 14000.00 | 1250.00 | 01 Months |

नोट :– 1. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचनापट् पर देखा जा सकता है।
2. बैंक ड्राफ्ट निविदाकार के नाम से ही निर्गत होना चाहिए।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा
PR 353842 Building (25-26)_D



**e-Procurement Cell**
**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD CHATRA JHARKHAND**

Very Short e-procurement Notice
e-Tender Reference No.- UDD/CH/NPC/08/2024-25 (3rd call) Dated-29.05.2025

| Sl. No. | Particular | Details (15th Finance Untied Grant Scheme) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Name of Work (Group No.-02) | Construction of PCC Road and Drain from Pradip Rastogi's House to Enamul House + Nasim House to Laxman Saw House + Salendra Ramhouse to Kishori Ram House in Ward No.-02 under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 41,13,000/- | 82300/- | 10,000/- | 04 Months |
| 02 | Name of Work (Group No.-03) | Construction of PCC Road and Drain Md Firoj's House to Santosh Bhunya via Pucca Kunwa in Ward No.-03 under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 57,53,000/- | 1,15,100/- | 10,000/- | 06 Months |
| 03 | Date of Tender Uploading in Website - http://jharkhand tenders.gov.in | 03.06.2025 at 10:00 AM | | | |
| 04 | Bid Submission Start Date & Time | 04.06.2025 at 10:00 AM | | | |
| 05 | Last Date/Time for Receipt of Bid | 11.06.2025 upto 3:00 PM | | | |
| 06 | Date & Address for Opening of Bid. | 12.06.2025 upto 3:00 PM, in the e-Procurement Cell, Nagar Parishad Chatra. | | | |
| 07 | Name & Address of Office inviting Tender | Administrator, Nagar Parishad, Chatra (Jharkhand) | | | |
| 08 | Contact No. of Procurement Office | +91- 7004394602, 9060162974 | | | |
| 09 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | |

Any change can be seen on Website http:// jharkhandtenders.gov.in
Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in
**Note:-** According to Secretary, Information Technology & e-Governance Department Order memorandum no.-120, dt.-03.10.2023, the entire process of receiving the tender fee and EMD amount is done through online method.

Administrator,
Nagar Parishad Chatra.
PR.NO.353827 Urban Development(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(1st Call)
निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-01/2025-26 दिनांक - 28.05.2025

| कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| Construction of 125/115mm dia & 90 mtr. Deep drilled tube well, RCC Foundation for steel Structure & Solar panel, Galvanized tubular steel structure staging (6 mtr.) for HDPE water storage tank & Solar panel, Supplying & Installation of 5000 liters capacity water storage tank (1No.),Laying of Rising and distribution pipe line including House connection up to 20 Nos, Provision of 1.00 HP DC Solar Motor pump complete set with Annual repair & maintenance for 5 years **at Chaplasi Village, Bhandaria Block under Garhwa district.** | 10,00,300/- | 21,000/- | 2,500/- | 03 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – | 09.06.2025 समय 02:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 17.06.2025 समय 05.00 बजे अपराह्न |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम – | ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – | 9431325479 |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – | 651–2490920 |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।
PR.NO.353823 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

कोई आदमी चाहे लाखों चीजें जान ले, चाहे वह पूरे संसार को जान ले, मगर वह खुद को नहीं जानता है तो वह अज्ञानी है। - ओशो

## संपादकीय

# एमएसपी बढ़ाना उचित पर किसानों को समय पर हो भुगतान

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने खरीफ के मौसम की शुरुआत से पहले ही चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी देकर देश के किसानों को अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम उठाया है। एमएसपी दरअसल वह निर्धारित मूल्य होता है, जो किसानों को बाजार में उनकी उपज के मूल्य से अप्रभावित रहते हुए दिया जाता है। इसके पीछे सोच यही होती है कि बाजार में फसलों की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर किसानों पर न पड़े। इसीलिए, फसलों के हर मौसम से पहले सरकार कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिश पर एमएसपी तय करती है। ताजा निर्णय के तहत सामान्य धान की एमएसपी में 69 रुपए की बढ़ोतरी कर इसे 2369 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है, जबकि तुअर दाल की एमएसपी में 450 रुपए की उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। इसके अतिरिक्त ज्वार, बाजरा और रागी इत्यादि फसलों की एमएसपी भी बढ़ा दी गई है।

विशेष बात है कि यह वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की उस घोषणा के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को अखिल भारतीय औसत उत्पादन लागत के कम से कम डेढ़ गुना के स्तर पर तय करने की बात थी। एमएसपी में वृद्धि की यह घोषणा इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह ऐसे समय में की गई है, जब किसान बढ़ती लागत, असामान्य मौसमी प्रवृत्तियों और बाजार की अस्थिरता से जूझ रहे हैं। धान जो देश के बड़े हिस्से में खरीफ की मुख्य फसल है, की एमएसपी में बढ़ोतरी से लाखों किसान लाभान्वित होंगे। दूसरी तरफ, तुअर दाल और अन्य दलहनी फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी से दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए जरूरी प्रोत्साहन मिलेगा, जो देश की खाद्य सुरक्षा के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। कई बार देखा गया है कि एमएसपी में वृद्धि का फायदा बड़े किसानों या बिचौलियों तक सीमित रह जाता है। ऐसे में यह समझने की भी जरूरत है कि एमएसपी में बढ़ोतरी की घोषणा तभी सार्थक साबित होगी, जब इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। इसके लिए सरकार को पारदर्शी खरीद तंत्र, बेहतर भंडारण सुविधाएं और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने की जरूरत है। कैबिनेट का यह निर्णय यकीनन किसानों के लिए एक राहत भरा कदम है, लेकिन इसके साथ ही सरकार को दीर्घकालिक कृषि सुधारों पर भी ध्यान देना होगा। किसानों की आय व उत्पादकता में वृद्धि के लिए सिंचाई, गुणवत्तापूर्ण बीज, तकनीकी सहायता व प्रशिक्षण पर तो गौर करना होगा ही, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिहाज से भी यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि किसान को उसकी मेहनत का उचित मूल्य मिले। झारखंड में अगली खेती का समय आ गया पर अभी तक धान की सरकारी खरीद का पूरा भुगतान नहीं किया गया है।

*एमएसपी में वृद्धि की यह घोषणा इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह ऐसे समय में की गई है, जब किसान बढ़ती लागत, असामान्य मौसमी प्रवृत्तियों और बाजार की अस्थिरता से जूझ रहे हैं।*

## मर्द को भी दर्द होता है

# पुरुष डिप्रेशन और हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों के पीछे है चुप्पी

समाज में एक पुरानी कहावत चलती है – "मर्द को दर्द नहीं होता।" पर असलियत यह है कि दर्द तो मर्द को भी होता है, बस वो कह नहीं पाता। लड़कों को बचपन से सिखाया जाता है कि अगर गिर जाओ तो रोना मत, अगर चोट लगे तो सह लो, अगर मन उदास हो तो चुपचाप सो जाओ। उन्हें कभी ये नहीं बताया जाता कि भावनाओं को महसूस करना कमजोरी नहीं होती, बल्कि इंसान होने का प्रमाण होती है। समय बीतता है, और वही बच्चा बड़ा होकर पति बनता है, पिता बनता है, बेटा बनता है – लेकिन इंसान बनने की इजाज़त उसे कभी नहीं मिलती। वो हँसता है, काम करता है, घर चलाता है, लेकिन अंदर ही अंदर थक जाता है। कभी नौकरी का दबाव, कभी रिश्तों की उलझन, कभी खुद को अकेले महसूस करने का बोझ – लेकिन चेहरे पर मुस्कान बनी रहती है, क्योंकि उसे यही सिखाया गया है। आखिर ऐसा क्यों? क्यों पुरुष डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं? क्यों हार्ट अटैक के मामले पुरुषों में ज़्यादा हो रहे हैं? क्योंकि समाज ने पुरुषों के लिए एक ढाँचा तय कर दिया है –

तुम कमाओ, तुम निभाओ, तुम बर्दाश्त करो। अगर तुम्हारा रिश्ता टूट जाए, तो भी चुप रहो। अगर तुम्हारे मन में तूफान चल रहा हो, तो भी मुस्कुराते रहो। अगर कोई तुम्हें नहीं समझता, तो खुद को दोष दो। पति बनते ही जैसे भावनाओं की अनुमति छिन जाती है। अगर वह थक गया है, तो भी उसे घर आकर सब कुछ संभालना है। अगर मन टूटा है, तो भी उसे मजबूत बने रहना है।पर सच यह है कि पति, पिता, या बेटा होना जीवन की केवल भूमिका है। यह पूरा जीवन नहीं है। रिश्ते जीवन का हिस्सा हैं, जीवन नहीं।परिवार, पत्नी, बच्चे – यह हमारे कर्तव्य हैं, और हमें उन्हें पूरे मन से निभाना चाहिए। लेकिन अगर कभी कोई रिश्ता संवाद की जगह छोड़ दे, अगर साथ रहते हुए भी मन दूर हो जाए, तो उस दर्द को अपने ऊपर इतना हावी न होने दें कि जीवन ही बेकार लगने लगे। हर रिश्ता तभी सुंदर होता है जब उसमें सम्मान और संवाद हो। अगर संवाद की जगह हो, तो कोशिश करनी चाहिए।लेकिन अगर नहीं हो, तो कर्तव्य निभाते हुए, अपना ध्यान रखते हुए, अपने जीवन को जीते हुए भी रिश्ते निभाए जा सकते हैं।यह जीवन सिर्फ निभाने के लिए नहीं, जीने के लिए मिला है।

हमें यह समझना होगा कि केवल परिवार, पत्नी, बच्चे ही हमारी पहचान नहीं हैं। हमारा जीवन इससे कहीं बड़ा है। हम धरती पर कुछ उद्देश्य लेकर आए हैं – हम ग्रीन एनर्जी के लिए काम कर सकते हैं, गरीब बच्चों को पढ़ा सकते हैं, मिट्टी बचा सकते हैं, प्रकृति के लिए, समाज के लिए कुछ योगदान दे सकते हैं। हमारे वेदों ने भी चार आश्रम बताए – ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास। इसका अर्थ यही था कि जीवन को संतुलन के साथ जिएं। अगर हम एक ही अवस्था में फंसे रहेंगे – जैसे कि केवल गृहस्थ जीवन में – और बाकी जीवन को भूल जाएंगे, तो दुःख अवश्य आएगा। कर्तव्य करते रहिए, लेकिन स्वयं को मत खोइए।

स्वास्थ्य बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता, शिक्षा विशेषज्ञ

## अब सवाल उठता है-डिप्रेशन से कैसे बचें?

*यहां कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय दिए जा रहे हैं –*

1. **बात करें :** अगर आप तकलीफ में हैं, तो बोलिए। अपने किसी दोस्त, भाई, गुरु, या मनोवैज्ञानिक से बात करें। चुप रहना कभी हल नहीं होता।
2. **स्वयं को समझें :** आप केवल परिवार के लिए नहीं बने हैं, आप स्वयं के लिए भी हैं। अपने अस्तित्व की कद्र करें।
3. **कर्तव्य करें, पर खुद को मत खोइए :** पत्नी, बच्चे, परिवार – इन सबका सम्मान करते हुए भी, अपने सपनों, अपने मन की आवाज़ को मत दबाइए।
4. **रिश्तों को समर्पण दें, पर पूरा जीवन नहीं :** अगर कोई रिश्ता साथ छोड़ दे, तो टूट मत जाइए। जीवन में उद्देश्य की तलाश करें।
5. **किसी मिशन से जुड़िए :** समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कीजिए। जब हम किसी और की मदद करते हैं, तो अपना दर्द हल्का हो जाता है।
6. **शरीर और मन दोनों का ध्यान रखिए :** हर दिन थोड़ा चलें, ध्यान करें, अच्छा खाएं। शरीर का स्वास्थ्य ही मन की शक्ति है।

### अंत में यही कहना चाहूंगी

**मर्द हो या औरत–दर्द सबको होता है।**
और हर किसी को जीने का हक है, मुस्कुराने का हक है, खुलकर बोलने का हक है। अगर कोई रिश्ता आपका जीवन नहीं समझ सका, तो खुद अपने जीवन को समझिए। आपका जन्म किसी एक भूमिका को निभाने के लिए नहीं हुआ – आप एक उद्देश्य हैं। आपका जीवन केवल त्याग का नाम नहीं है, बल्कि एक रौशनी है, जिसे खुद भी देखना है और दूसरों तक पहुंचाना है। मैंने खुद अपने एक बैचमेट को खो दिया। मुझे पता ही नहीं चला कि वो अंदर से कितना टूटा हुआ था। जब तक समझ आता, तब तक देर हो चुकी थी। कुछ लोगो को बचा पाई, कुछ आज भी जूझ रहे हैं। यह व्यक्तिगत अनुभव ही मुझे यह लेख लिखने को प्रेरित किया।



(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# बदलता सियासी समीकरण : क्या तेज प्रताप बदल पाएंगे पासा?

बिहार के दो पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और राबड़ी देवी के बेटे तेज प्रताप यादव ने राज्य की चुनावी लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। कागजों में लालू यादव के छोटे और हकीकत में बड़े बेटे तेज प्रताप यादव अपनी माता राबड़ी देवी के लाडले बेटे माने जाते हैं। बिहार की राजनीति को और खासकर लालू यादव के परिवार को करीब से देखने वाले जानकारों की माने तो, वर्ष 2015 में जब नीतीश कुमार की सरकार में तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था,तभी से रिश्तों में यह खटास शुरू हो गई थी। तेज प्रताप यादव, बड़े बेटे होने के नाते अपने आपको लालू यादव का उत्तराधिकारी मान कर चल रहे थे लेकिन लालू यादव ने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव को अपना उत्तराधिकारी बना दिया। कई जानकर लोग तो यहां तक कहते हैं कि राबड़ी देवी ने अड़ कर तेज प्रताप यादव को जेडीयू-आरजेडी गठबंधन सरकार में मंत्री बनवाया था। ऐसे में अपने ही बेटे के खिलाफ लालू यादव द्वारा लिए गए एक्शन को काफी आश्चर्य से देखा जा रहा है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि क्या लालू यादव ने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव के दबाव में यह फैसला किया है ? एक तरफ जहां इस फैसले के लिए यादव परिवार के एकजुट होने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ किसी को भी इसका भरोसा नहीं हो पा रहा है कि राबड़ी देवी अपने बड़े बेटे को पार्टी और परिवार से निकालने पर तैयार हो गई होंगी? तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट से लालू यादव इतना बड़ा फैसला लेने के लिए मजबूर हो सकते हैं,यह कोई सोच भी नहीं सकता था। तेज प्रताप यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर ऐलान कर दिया था कि वो एक लड़की के साथ 12 साल से रिलेशन में हैं और वो दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं। हालांकि इसके बाद उन्होंने एक और पोस्ट कर यह दावा किया कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो गया था और उन्हें बदनाम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उसके बाद तेज प्रताप यादव के उस लड़की के साथ कई तस्वीरें और वीडियो वायरल होने लगे,जिसने यादव परिवार को असहज कर दिया। बिहार में तय समय के अनुसार, अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा के चुनाव होने हैं। एक दौर में बिहार की राजनीति को अपनी उंगलियों पर नचाने वाले लालू यादव तुरंत समझ गए कि बड़े बेटे की हरकतों का खामियाजा विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

देश की बात



**संतोष कुमार पाठक**

# हिन्दी पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, मिशन बनाना होगा

भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, नये बनते भारत में यह भूमिका अधिक महसूस की जा रही है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज़ उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुँचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक प्रसार को सुगम बनाता है। हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है, दरअसल दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर दूर तक मात्र अंग्रेजी, फ़ारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी "कलकत्ता" से हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था। इसके प्रकाशक और संपादक भी वे खुद थे। भले ही अब यह समाचार पत्र बंद हो गया है, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत और बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में हिंदी के अनेक दैनिक समाचार पत्र निकले जिनमें हिन्दुस्तान, भारतोदय, भारतमित्र, भारत जीवन, अभ्युदय, विश्वमित्र, आज, प्रताप, विजय, वीर अर्जुन आदि प्रमुख हैं। बीसवीं शताब्दी के चौथे-पांचवें दशकों में अमर उजाला, आर्यावर्त, नवभारत टाइम्स, नई दुनिया, जागरण, पंजाब केसरी, नव भारत आदि प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्र सामने आए। लोकतंत्र में मीडिया चौथे स्तंभ के रूप में खड़ा है, पत्रकारिता एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से हम देश की वर्तमान स्थिति से अवगत रहते हैं। पत्रकार अथक परिश्रम करते हैं, ताकि समाचार हमारे घर तक तुरंत पहुंचे। चाहे अखबारों के जरिए हो, टीवी चैनलों के जरिए हो या सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव के जरिए, नित-नये बनते एवं बदलते समाज में पत्रकारिता की शक्ति को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और सूचित संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हिन्दी पत्रकारिता में क्रांतिकारिता का रंग गणेश शंकर विद्यार्थी ने भरा था। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर से 9 नवंबर 1913 को 16 पृष्ठ का 'प्रताप' समाचार पत्र शुरू किया था। यह काम शिव नारायण मिश्र, गणेश शंकर विद्यार्थी, नारायण प्रसाद अरोड़ा और कोरोनेशन प्रेस के मालिक यशोदा नंदन ने मिलकर किया था। शिव नारायण मिश्र और गणेश शंकर विद्यार्थी ने 'प्रताप' को अपनी कर्मभूमि बना लिया। विद्यार्थीजी के समाचार पत्र प्रताप से क्रांतिकारियों को काफी बल मिला। मुंशी प्रेमचंद महान् लेखक-कहानीकार होने के साथ-साथ हिन्दी के क्रांतिकारी एवं जुझारू पत्रकार थे, उनकी पत्रकारिता भी क्रांतिकारी थी, लेकिन उनके पत्रकारीय योगदान को लगभग भूला ही दिया गया है। जंगे-आजादी के दौर में उनकी पत्रकारिता ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध ललकार की पत्रकारिता थी। वे समाज की कुरीतियों एवं आडम्बरों पर प्रहार करते थे तो नैतिक मूल्यों की वकालत भी करते थे। मेरा सौभाग्य है कि मैं राजस्थान के यशस्वी पत्रकार स्व. श्रीरामस्वरूप गर्ग के पुत्र होने के नाते विरासत में पत्रकारिता के मूल्यों को आत्मसात करने का मौका मिला। उन्होंने 1936 एवं उसके बाद के दौर में 'राष्ट्रवाणी' एवं 'परिवर्तन' जैसी पत्रिकाओं का प्रकाशन एवं सम्पादन किया। वे राजस्थान के प्रतिष्ठित दैनिक नवज्योति के साप्ताहिक रूप में निकले प्रारंभिक अंकों के सम्पादक रहे। इसका प्रारंभ पण्डित जवाहरलाल नेहरू के निजी सचिव रहे श्री रामनारायण चौधरी ने किया था। आज जबकि हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात



**ललित गर्ग**

हिंदी पत्रकारिता दिवस 30 मई

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

नैन सरोवर झील में, सपनों का स्नान।
भक्त, भक्ति को ज्यों मिली, एक नयी पहचान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जंक फूड से हार्मोनल असंतुलन और प्रजनन क्षमता पर असर

जंक फूड फास्ट फूड ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिनमें पोषक तत्वों की मात्रा कम होती है, योगाचार्य महेश पाल ने बताया की इन खाद्य पदार्थों में कैलोरी, वसा, नमक और चीनी की मात्रा अधिक होती है. ये अक्सर प्रसंस्कृत होते हैं और इनमें विटामिन, खनिज और फाइबर की कमी होती है, कुछ उदाहरणों में चिप्स, कैंडी, मीठे पेय( कोल्ड ड्रिंक),चॉकलेट, आइसक्रीम, सॉफ्ट ड्रिंक्स, बर्गर, पिज्जा, फ्रेंच फ्राइज, और अन्य तले हुए और प्रोसेस्ड फूड तले हुए खाद्य पदार्थ और फास्ट फूड वह भोजन होता है जो जल्दी तैयार हो जाता है और तुरंत उपलब्ध हो जाता है, जैसे बर्गर, पिज्जा, सैंडविच शामिल हैं, जंक फूड को अक्सर विवेकाधीन भोजन' या 'वैकल्पिक भोजन' के रूप में भी जाना जाता है,ज़्यादातर फ़ास्ट फ़ूड बहुत ज़्यादा प्रोसेस्ड होते हैं और उनमें सोडियम (नमक के रूप में), शर्करा और संतृप्त वसा की महत्वपूर्ण मात्रा होती है। शर्करा में फ्रुक्टोज़ या सुक्रोज़ शामिल हो सकते हैं। प्रोसेस्ड चीनी खाने को नशीला बना देती है और लीवर और कई अन्य प्रणालियों के लिए ज़हरीली हो जाता है लेकिन चीनी, नमक और संतृप्त वसा से भरे अत्यधिक प्रसंस्कृत भोजन का सेवन करने से आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा होता है जिनमें, मोटापा, पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम(PCOD), उच्च रक्तचाप,उच्च कोलेस्ट्रॉल, किडनी रोग, साइलेंट हार्ट अटैक, डायबिटीज, थायराइड, तनाव, चिड़चिड़ापन, कमजोर याददाश्त, स्पर्म काउंट कम होना, दुबलापन, गर्भाशय कैंसर , स्तन कैंसर और आंत्र कैंसर शामिल हैं,जंक फूड में उच्च वसा, चीनी और नमक की मात्रा होती है, जो शुक्राणुओं के उत्पादन को प्रभावित करती है,जिससे पुरुषों का टेस्टिकल फंक्शन प्रभावित हो जाता है और शुक्राणुओं के उत्पादन की क्षमता कम हो जाती है, कम शुक्राणुओं की संख्या प्रजनन क्षमता को प्रभावित करती है और पुरुषों मैं नपुंसकता की समस्या हो जाती है,फास्ट फूड और जंक फूड की लत भावनात्मक अस्थिरता और आवेगपूर्ण व्यवहार से जुड़ी होती है जिससे हमें बह लत लग जाती है,फास्ट फूड की लत लगने में कई कारक योगदान करते हैं जिनमें,इसे आकर्षक ढंग से पैक और प्रस्तुत किया गया होता है,मोटे लोग लेप्टिन और इंसुलिन हार्मोन के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं, जिसके कारण भूख का नियमन गड़बड़ा जाता है,फास्ट फूड में वसा और नमक की उच्च मात्रा भी आदत निर्माण में योगदान देती है, फास्ट फूड आपके मस्तिष्क में रिवॉर्ड सिस्टम को सक्रिय करता है। इसमें डोपामाइन का स्राव शामिल है, जो तंत्रिका तंत्र का एक शक्तिशाली रासायनिक संचारक है।डोपामाइन सुखद भावनाओं से जुड़ा हुआ है। चीनी, नमक और स्वाद से भरपूर खाद्य पदार्थ अधिक डोपामाइन स्राव को सक्रिय करते हैं।भोजन की लत वाले लोगों में मादक द्रव्यों के सेवन के विकारों के मामले में देखी जाने वाली तरह की खराब रिवार्ड प्रणाली होती है।,इस लत से बचने के लिए अपने दैनिक दिनचर्या को व्यवस्थित करें और अपने जीवन में योग प्राणायाम को स्थान दें, योग भावनात्मक अस्थिरता एवं डोपामाइन हार्मोन और टेस्टिकल फंक्शन को कंट्रोल करने का काम करता है और टेस्टिकल फंक्शन की कार्य क्षमता को बढता है जिससे पुरुषों मै नपुंसकता की समस्या से बचा जा सकता है और योग प्राणायाम से हम हमारी इच्छाओं को नियंत्रित कर फास्ट फूड जंक फूड की लत से भी बचा जा सकता है और हम विभिन्न प्रकार के रोगों से बच सकते हैं,इस लत से बचने के लिए, स्वस्थ भोजन उपलब्ध रखें, रेफ्रिजरेटर में लुभावने लेकिन अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों को न रखे, जंक फूड खाने की लालसा को बढ़ाने बाले टेलीविजन शो और विज्ञापनों से बचे,जंक फूड फास्ट फूड खाने से बचे और विभिन्न प्रकार की समस्याओं व रोगों से अपना बचाव कर योग प्राणायाम को अपने दैनिक दिनचर्या में स्थान दें जिससे हम पूर्ण रूप से स्वस्थ व सशक्त बने रहें और अपने जीवन को आनंद और उत्साह से जीते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अलग बात



**योगाचार्य महेश पाल**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 14 साल की मेहनत और लिख डाली उर्दू में रामायण

**बाराबंकी (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के छोटे से गांव असगरनगर मजीठा के रहने वाले विनय बाबू ने एक अनोखा कारनामा कर दिखाया है। जूनियर हाईस्कूल तक पढ़े विनय बाबू ने उर्दू भाषा में रामायण का भावानुवाद कर एक मिसाल कायम की है। उन्हें उर्दू और शेरो-शायरी से इतना गहरा लगाव हो गया था कि उन्होंने पूरे 14 साल का वक्त इस कार्य में लगा दिया। विनय का उर्दू से जुड़ाव बचपन में ही शुरू हो गया था। जब वे स्कूल जाते थे, तो रास्ते में कुछ लोगों को उर्दू बोलते सुनते थे। उन अल्फाज़ की मिठास ने उन्हें आकर्षित किया। बुजुर्गों की संगत और शायरों की महफिलों से धीरे-धीरे उन्होंने उर्दू सीखी। इस अद्भुत रचना के लिए विनय को कई जिलों में घूमना पड़ा, जिनमें अयोध्या, प्रयागराज और यहां तक कि हिमालय की यात्रा भी शामिल है। वहीं रुककर उन्होंने अपने इस सपने को साकार किया। अब विनय चाहते हैं कि उनकी इस किताब का विमोचन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के हाथों हो। विनय का सफर यहीं नहीं रुका है। अब उन्होंने महाभारत के भावानुवाद पर भी काम शुरू कर दिया है। कुछ अंश वे लिख भी चुके हैं। उनका कहना है कि जैसे रामायण को उर्दू में ढाला, वैसे ही वे महाभारत को भी उर्दू शायरी के अंदाज में पेश करेंगे।

- चाहते हैं कि उनकी किताब का विमोचन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के हाथों हो

## रामायण को मिला शायरी का रंग

शायरी का शौक बढ़ा तो अजीज बाराबंकवी जैसे शायर के शागिर्द बन गए और बाकायदा शेरो-शायरी करने लगे। इसी दौरान विनय को पता चला कि उर्दू में संपूर्ण रामायण अब तक नहीं लिखी गई है। किसी शायर ने कोई खंड लिखा तो किसी ने कुछ हिस्सा, लेकिन पूरी रामायण किसी ने नहीं लिखी थी। यहीं से विनय के मन में यह सपना पनपा कि वे रामायण को उर्दू शायरी के रूप में प्रस्तुत करेंगे। विनय ने बताया कि उन्होंने रामायण का अनुवाद नहीं, बल्कि भावानुवाद किया है, जिसमें भावों को शेरो-शायरी के अंदाज में पेश किया गया है। उनकी लिखी 'विनय रामायण' 500 पन्नों की है, जिसमें 24 खंड और करीब 7,000 शेर हैं।

- बचपन में स्कूल जाते समय रास्ते में उर्दू सुनने से रुचि बढ़ी
- बुजुर्गों की संगत और शायरों की महफिलों से उर्दू सीखी
- शायरी के अंदाज़ में प्रस्तुत करने की योजना

## नवी मुंबई में 2.7 लाख रुपये मूल्य की 'हाइड्रो' गांजा बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के नवी मुंबई इलाके में पुलिस ने 23 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 2.78 लाख रुपये मूल्य का 'हाइड्रो' गांजा बरामद किया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'हाइड्रोपोनिक्स' जल-आधारित खनिज पोषक घोलों का उपयोग करके कृत्रिम वातावरण में मिट्टी के बिना की जाने वाली खेती का एक प्रकार है। इसी प्रक्रिया से हाइड्रो गांजे की उपज तैयार की जाती है। पुलिस गश्ती दल ने मंगलवार तड़के वाशी क्षेत्र में जुई पुल के नीचे एक स्कूटर पर दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा। वाशी पुलिस थाने के अधिकारी के अनुसार, पुलिस ने उन्हें रोका और वाहन की तलाशी ली जिस दौरान स्कूटर की डिक्की से हाइड्रो गांजा मिला। उन्होंने बताया कि इनमें से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अब इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बरामद मादक पदार्थ कहां से लाया गया था।

## पीओके कहेगा, मैं भारत हूं, पाक अधिकृत कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद का कारोबार चलाना 'कॉस्ट इफेक्टिव' नहीं है, बल्कि इसकी एक भारी कीमत अदा करनी पड़ सकती है, इसका अंदाजा आज पाकिस्तान को हो चुका है। रक्षा मंत्री ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर में, पूरे देश की जनता ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा, समझा और महसूस किया है। आज यह साबित हो चुका है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए जरूरी है। भारत एक तरफ आर्थिक सफलता की सीढ़ियों पर तेजी से बढ़ते हुए आज, विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है, और जल्द ही यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में नजर आएगा।" रक्षा मंत्री गुरुवार को दिल्ली में सीआईआई की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा, "मैं मानता हूं कि पाक अधिकृत कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं, हमारे परिवार का हिस्सा हैं। हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें यह पूर्ण विश्वास है कि हमारे वो भाई जो आज हमसे भौगोलिक और राजनीतिक रूप से अलग हैं, वे भी अपने स्वाभिमान, आत्मा की आवाज और स्वेच्छा से भारत की मुख्य धारा में कभी न कभी जरूर लौटेंगे। वहां के अधिकांश लोग भारत के साथ गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं, कुछ गिने-चुने ही हैं, जिन्हें भटकाया गया है। पीओके में रहने वाले हमारे इन भाइयों की स्थिति कुछ ऐसी ही है, जैसे वीर योद्धा महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह की थी। छोटे भाई शक्ति सिंह के अलग हो जाने पर भी बड़े भाई महाराणा प्रताप का विश्वास अपने छोटे भाई के प्रति बना रहता है और वो बड़े विश्वास से कहते हैं- 'तब कुपंथ को छोड़ सुपथ पर स्वयं चला आएगा।

## एसीबी ने 25,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

**तेलंगाना।** तेलंगाना के हैदराबाद में एक राजस्व निरीक्षक (आरआई) ने कथित तौर पर एक व्यक्ति से पारिवारिक प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 1 लाख रुपये की मांग की। पीड़ित की शिकायत के आधार पर, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने छापा मारा और मुशीराबाद में तहसीलदार के कार्यालय में भूपाल महेश, आरआई को आंशिक भुगतान के रूप में 25,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। मामले की जांच अभी चल रही है और आरोपी को हैदराबाद के नामपल्ली में स्थित हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायालय में विशेष पुलिस स्थापना (एसपीई) और एसीबी मामलों के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश होना है।

## ओडिशा कैबिनेट ने एआई नीति को दी मंजूरी

### सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन की आयु सीमा बढ़ाकर 42 वर्ष की

**एजेंसी। ओडिशा**



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में ओडिशा कृत्रिम मेधा नीति, 2025 को मंजूरी दी गई और सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन की अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 42 वर्ष कर दी गई। मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि कैबिनेट ने वाणिज्य और परिवहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक निर्माण और सामान्य प्रशासन विभागों के पांच प्रस्तावों को मंजूरी दी। आहूजा ने कहा कि राज्य ने कृत्रिम मेधा (एआई) की परिवर्तनकारी संभावनाओं को अपनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। नई नीति शासन में सुधार, नवोन्मेष को बढ़ावा देने, डेटा-आधारित नीति निर्धारण को सशक्त करने और समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगी। यह नीति उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग क्षमता को सुलभ कराने, बड़े आंकड़ों तक पहुंच सुनिश्चित करने, उद्योग-अकादमिक सहयोग को प्रोत्साहित करने और सतत एवं हरित एआई तैनाती के लिए रणनीतिक ढांचा प्रदान करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे तीन नए जज, केंद्र सरकार जारी कर सकती है अधिसूचना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कॉलेजियम की सिफारिशों पर राष्ट्रपति की मुहर लगने के बाद केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में तीन नए जजों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर सकती है। उम्मीद है कि शुक्रवार सुबह भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण आर गवई इन जजों को शपथ दिलाएंगे। नियुक्तियों से संबंधित फाइलें बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास पहुंचीं और अब उन्हें मंजूरी मिल गई है। उम्मीद है कि केंद्रीय कानून मंत्रालय जल्द ही औपचारिक अधिसूचना जारी करेगा, जिससे सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा शुरू की गई प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। यह न्यायपालिका में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, जो कॉलेजियम की सिफारिश के तीन दिन बाद आया है। इस त्वरित कार्रवाई को सीजेआई गवई के कार्यकाल की सकारात्मक शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में पदभार संभाला था। पदोन्नति के लिए निर्धारित तीन न्यायाधीश हैं: न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया, कर्नाटक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, जिनका मूल हाई कोर्ट गुजरात है; विजय बिश्नोई, गुवाहाटी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, जिनका मूल उच्च न्यायालय राजस्थान है, और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर, बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश। उनकी नियुक्तियों के साथ, सुप्रीम कोर्ट अपने स्वीकृत 34 न्यायाधीशों की संख्या तक पहुंच जाएगा।

**पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी की हुंकार, बोले-**

# प्रदेश में मची है चीख पुकार नहीं चाहिए निर्मम सरकार

**एजेंसी। अलीपुरद्वार**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने टीएमसी को 'निर्मम सरकार' करार देते हुए कहा कि यह सरकार गरीबों और आम लोगों के हितों के खिलाफ काम कर रही है। पीएम मोदी ने यहां मंच से कहा कि बंगाल की जनता कह रही है कि 'मची है चीख पुकार, नहीं चाहिए निर्मम सरकार।' पीएम मोदी ने मुर्शिदाबाद और मालदा की घटनाओं का जिक्र करते हुए टीएमसी सरकार के समय में प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। जनसभा के दौरान मंच से पीएम मोदी ने अलीपुरद्वार और कूचबिहार में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। इस परियोजना से 2.5 लाख से अधिक घरों में पाइपलाइन के जरिए सस्ती और सुरक्षित गैस आपूर्ति होगी। इससे न केवल सिलेंडर खरीदने की परेशानी खत्म होगी, बल्कि परिवारों को स्वच्छ ऊर्जा भी मिलेगी। पीएम ने इसे सरकार की डोरस्टेप डिलीवरी का उदाहरण बताया। आयुष्मान योजना का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत देशभर में करोड़ों लोगों को मुफ्त इलाज मिल रहा है, जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग भी शामिल हैं। लेकिन पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार ने इस योजना को लागू नहीं होने दिया, जिसके कारण राज्य के लोग इस लाभ से वंचित हैं।

### 3 बार घर में घुसकर मारा, पीएम मोदी का पाकिस्तान को सीधा संदेश

- अभी खत्म नहीं हुआ है ऑपरेशन सिंदूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने सीमा पार से आतंकी ढांचे को नष्ट कर दिया है, जिसके बारे में पाकिस्तान ने कभी सोचा भी नहीं था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाने की हिम्मत की थी, लेकिन हमारी सेना ने उन्हें सिंदूर की ताकत का एहसास करा दिया। पश्चिम बंगाल के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राज्य व्यापक हिंसा, अराजकता, महिलाओं में असुरक्षा, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी की स्वार्थी राजनीति गरीब लोगों को उनके वाजिब अधिकारों से वंचित कर रही है। पाकिस्तान यह समझ ले कि हमने तीन बार उसके घर में घुसकर मारा है। उसे पता होना चाहिए कि अभी ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है। भारत अब चुनचुनकर आतंकवादियों को खत्म करना जानता है। पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार का सबसे बुरा परिणाम युवा और गरीब परिवार भुगतते हैं। हमने देखा कि शिक्षक भर्ती घोटाले में भ्रष्टाचार कैसे सब कुछ बर्बाद कर देता है। टीएमसी सरकार ने अपने कार्यकाल में हजारों शिक्षकों के भविष्य और परिवारों को बर्बाद कर दिया और उनके बच्चों को बेसहारा छोड़ दिया... पश्चिम बंगाल की पूरी शिक्षा व्यवस्था बर्बाद हो रही है। शिक्षकों की अनुपस्थिति में लाखों छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है। टीएमसी नेताओं ने इतना बड़ा पाप किया है। हद तो यह है कि आज भी वे लोग अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हैं। इसके बजाय वे अदालतों को दोषी ठहराते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा में जो कुछ भी हुआ, वह यहां की सरकार की निर्ममता का उदाहरण है... तुष्टिकरण के नाम पर गुंडागर्दी को खुली छूट दी गई। कल्पना कीजिए कि जब सरकार चलाने वाली पार्टी के लोग लोगों के घरों की पहचान करके उन्हें जला दें और पुलिस मूकदर्शक बनी रहे, तो स्थिति कितनी भयावह होगी। मैं बंगाल के गरीब लोगों से पूछता हूं, क्या सरकार ऐसे चलती है?... यहां हर मुद्दे पर अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ता है।

# आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**वृष :** इच्छित कार्य सफल होंगे। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कर्क :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्यवहारी सिद्ध होगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा।

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा।

**मीन :** आत्पक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

## जगतगुरु रामभद्राचार्य ने आर्मी चीफ से दक्षिणा में मांग लिया पीओके

**एजेंसी। नई दिल्ली**



थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मध्य प्रदेश के चित्रकूट में आध्यात्मिक गुरु जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के आश्रम का दौरा किया, जहां उन्होंने आध्यात्मिक गुरु का आशीर्वाद लिया। इस यात्रा के दौरान जगद्गुरु ने सेना प्रमुख से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत में वापस लाने का आग्रह किया। आध्यात्मिक नेता ने गुरुवार को जनरल द्विवेदी के साथ अपनी बातचीत का विवरण दिया, जो बुधवार को श्री तुलसी पीठ चित्रकूट धाम के दौरे पर आए थे। जनरल द्विवेदी के आश्रम दौरे के दौरान आध्यात्मिक नेता जगद्गुरु ने बताया कि उन्हें राम मंत्र की दीक्षा दी गई थी, जिसे भगवान हनुमान ने माता सीता से प्राप्त किया था और उसके बाद उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की थी। सेना प्रमुख ने आश्रम में संतों और छात्रों से भी बातचीत की और राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति सेना की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस यात्रा के बारे में बात करते हुए जगद्गुरु ने कहा कि भारतीय सेना प्रमुख मेरे पास आए। उन्होंने मुझसे राम मंत्र की दीक्षा ली - वही मंत्र जो हनुमान जी ने सीता जी से प्राप्त किया था और लंका पर विजय प्राप्त की थी। इसके बाद जब 'दक्षिणा' की बात आई, तो मैंने कहा कि मैं ऐसी 'दक्षिणा' मांगूंगा जो पहले किसी गुरु ने नहीं मांगी। मैंने कहा, 'मुझे पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर) चाहिए।' जिसे सेना प्रमुख ने स्वीकार कर लिया। हम पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए तैयार हैं। यह बताना उचित होगा कि थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## पासपोर्ट सेवा केंद्र में फर्जीवाड़ा, सीबीआई ने दो को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने लोअर परेल स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) में भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े के मामले में गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट (सत्यापन अधिकारी) और एक निजी एजेंट शामिल हैं। दोनों पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने और रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई के अनुसार, यह मामला 2023-2024 के दौरान सामने आया, जब पासपोर्ट सेवा केंद्र के कार्यालय सहायक और कुछ निजी एजेंटों ने मिलकर आपराधिक साजिश रची। इस साजिश के तहत उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कई लोगों को पासपोर्ट जारी किए। जांच में पता चला कि सात अज्ञात व्यक्तियों ने फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण और जन्म प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज जमा किए थे। इसके अलावा, पासपोर्ट आवेदनों में दिए गए मोबाइल नंबर भी बंद या अमान्य पाए गए।

## 43 आपराधिक मामलों को वापस लेने के खिलाफ हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

**एजेंसी। कर्नाटक**



- सिद्धारमैया सरकार के आदेश पर लगाई रोक

कर्नाटक हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के अक्टूबर 2024 के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें 2022 के पुराने हुबली दंगों से जुड़े 43 आपराधिक मामले वापस लेने का आदेश दिया गया था। इन मामलों में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता, राजनेता और अन्य प्रभावशाली व्यक्ति शामिल थे। हाई कोर्ट ने फैसले को सरकार के लिए झटका माना जा रहा है, जिसने 10 अक्टूबर को मामले वापस लेने का आदेश दिया था। इस फैसले को अधिवक्ता गिरीश भारद्वाज द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से चुनौती दी गई थी, जिन्होंने इस कदम की वैधता पर सवाल उठाया था। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जनहित याचिका स्वीकार कर ली और सरकार की कार्रवाई पर गंभीर चिंता व्यक्त की। अपने फैसले में अदालत ने वापसी के आदेश को गैरकानूनी घोषित किया और 15 अक्टूबर, 2024 की अनुवर्ती सरकारी अधिसूचना को भी रद्द कर दिया। यह फैसला कर्नाटक सरकार को इन हाई-प्रोफाइल आपराधिक मामलों को वापस लेने से रोकता है। विपक्षी भाजपा ने पहले हुबली दंगों के मामले को वापस लेने के कर्नाटक के कदम की आलोचना की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कांग्रेस सरकार मुस्लिम समुदाय को खुश कर रही है। विपक्ष के उपनेता अरविंद बेलाड ने फैसले की आलोचना करते हुए कहा, "ये वे लोग हैं जिन्होंने पुलिस स्टेशन और पुलिस पर हमला किया। उन्होंने पुलिस को जिंदा जलाने की कोशिश की। लेकिन कांग्रेस सरकार मुस्लिम समुदाय और अल्पसंख्यक वोटों को खुश करने के लिए ऐसा कर रही है। यह कांग्रेस के डीएनए में है।

## मध्यप्रदेश से भेजा सिंदूरी बेटी के कपड़े का पार्सल बिहार पहुंचा

- कपड़े मिलने पर बेटी के पिताजी ने मोबाइल कर धन्यवाद दिया
- विदिशा की बेटियों को जीने दो टीम की महिला प्रमुख ने पोस्ट ऑफिस से भेजा था पार्सल

**कटिहार/पटना/विदिशा/भोपाल**

### 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज, चंद दिनों में 700 प्लस फॉलोअर्स



सिंदूरी बेटी उसके माता-पिता के साथ में।

बेटियों को जीने दो टीम के प्रमुख दीपसिंह कुशवाह ने बताया की बेटी भूमि कुशवाह के चौथे जन्मदिन 2 सितंबर 2021 से पहल को शुरू किया है। फेसबुक पर बेटियों को जीने दो की आईडी 2022 में बनाई थी। चंद महीनों में ही 5 हजार फ्रेंड बन चुके थे। लेकिन जब सिंदूरी बेटी को कपड़े भेजेंगे की पोस्ट की तो चंद दिनों में ही 2 मिलियन से ज्यादा बार पोस्ट को देशभर में देखा गया है। और 700 से ज्यादा फॉलोअर्स बढ़ चुके हैं। यह क्रम अब भी जारी है।

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बिहार में जन्म लेने वाली सिंदूरी बेटी को विदिशा, मध्यप्रदेश से भेजे गए कपड़े का पार्सल पहुंच चुका है। 29 मई 2025 को बेटी के घर कपड़े का पार्सल पोस्टमैन द्वारा सौंपा गया। मध्यप्रदेश से बिहार तक कपड़े पहुंचने पर परिवार वाले खुश हैं। बेटी के पिताजी संतोष मंडल ने मोबाइल कर विदिशा, मध्यप्रदेश की बेटियों को जीने दो टीम की चित्रा-दीपसिंह कुशवाह को धन्यवाद दिया है। 19 मई को कपड़े भेजकर भारतीय सेना की जांबाज बेटियों कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह की वीरता के सम्मान भेजा था। विदिशा, मध्यप्रदेश की बेटियों को जीने दो टीम की महिला प्रमुख चित्रा- दीपसिंह कुशवाह ने कपड़े का पार्सल पोस्ट ऑफिस से भेजा था। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में चलाए गए सिंदूर ऑपरेशन के समय 7 मई 2025, मंगलवार को संतोष मंडल की पत्नी राखी कुमारी ने बेटी को जन्म दिया था। मंडल दंपती ने ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित होकर बेटी का नाम भी सिंदूरी रखा है। टीम की महिला प्रमुख ने विदिशा पोस्ट ऑफिस से बिहार के कटिहार जिले के कुर्सेला थाने के गांव बालथी महेशपुर में बेटी के घर कपड़े का पार्सल स्पीड पोस्ट किया था। टीम की कपड़े फ्री सेवा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, झारखंड के बाद अब बिहार तक पहुंच चुकी है। अब तक निजी खर्चे से देशभर की 1802 से ज्यादा बेटियों के लिए कपड़े सेवा की जा चुकी है। 2021 से बेटी बचाओ आंदोलन के लिए बेटियों को जीने दो टीम का बेटी के जन्म पर बेटी को देशभर में कपड़े फ्री देना जारी है।

## डबल इंजन की सरकार में विकास नहीं दिखता, वे चश्मा बदलवा लें : गिरिराज सिंह

**एजेंसी। पटना**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बिहार की दो दिवसीय यात्रा पर पटना आने वाले हैं। पीएम मोदी के बिहार आगमन को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। पीएम पटना में एक रोड शो में भी शामिल होंगे। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में जिन्हें बिहार का विकास नहीं दिखता, वे चश्मा बदलवा लें। पटना के रानी घाट मंदिर में श्री विद्या त्रिकोटी कुमकुमार्चन महायज्ञ में पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि जो माताएं यहां उपस्थित हैं, सभी पीएम मोदी को 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए आशीर्वाद दे रही हैं। आतंकवाद के खिलाफ ऐसा ऑपरेशन कभी नहीं हुआ था। आज पीएम मोदी बिहार पधार रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है। पीएम मोदी बिहार के विकास के लिए आते हैं। उनका मानना है कि बिहार के विकसित हुए बिना भारत विकसित नहीं होगा। जब से बिहार में डबल इंजन की सरकार है, प्रदेश में विकास हो रहा है। पीएम मोदी यहां कई योजनाओं की सौगात देंगे। इसी को हम देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले बक्सर जाने में चार-पांच घंटे लगते थे, अब दो घंटे में लोग चले जा रहे हैं।

## दक्षिण कोरियाई नौसेना का गश्ती विमान देश के दक्षिणी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त



**सियोल ।** दक्षिण कोरियाई नौसेना का एक विमान बृहस्पतिवार को एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में चार लोग सवार थे,लेकिन यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि दुर्घटना में कोई हताहत हुआ है या नहीं। नौसना ने यह जानकारी दी। नौसेना ने एक बयान में कहा कि यह गश्ती विमान दक्षिण-पूर्वी शहर पोहांग स्थित अपने बेस से दोपहर एक बजकर 43 मिनट पर रवाना हुआ था, लेकिन अज्ञात कारण से यह जमीन पर गिर गया। बयान में कहा गया है कि नौसेना विमान में सवार चारों लोगों की स्थिति और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पोहांग स्थित एक आपातकालीन कार्यालय ने बताया कि स्थानीय निवासियों से एक उड़ती हुई वस्तु के गिरने और धमाके की आवाज की सूचना मिलने के बाद मौके पर बचावकर्मियों और दमकल गाड़ियों को भेजा गया था। पोहांग के नामबू पुलिस थाने ने पुष्टि की कि नौसेना का एक गश्ती विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, लेकिन यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि इसमें कोई मौत या घायल हुई है या नहीं।

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल को मिला कूटनीतिक सहयोग : संजय झा



**जकार्ता (आईएएनएस)।** जनता दल यूनाइटेड (जेदयू) नेता संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया दौरे पर है। संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को इंडोनेशिया के विचारकों, विद्वानों और शोधकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की।सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "हमने आसियान के महासचिव से मुलाकात की। हम यहां के उप विदेश मंत्री और स्थानीय थिंक टैंक के प्रतिनिधियों से भी मिले। हमें बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इंडोनेशिया एक बहुसांस्कृतिक समाज है, जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, लेकिन भारत के रुख को लेकर यहां बहुत सम्मान है। हाल में भारत पर हुए हमले की यहां के राष्ट्रपति ने निंदा की थी।

## अमरनाथ यात्रा चुनौतीपूर्ण रहेगी लेकिन सभी इंतजाम किए जाएंगे : उमर अब्दुल्ला



**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद इस साल वार्षिक अमरनाथ यात्रा का आयोजन एक चुनौती होगी, लेकिन यात्रा के सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के कामकाज का आकलन करने के लिए गुलमर्ग में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की जिसमें आपातकालीन तैयारियों, पर्यटकों की सुरक्षा, खेल और साहसिक पर्यटन, मोबाइल कनेक्टिविटी तथा स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में कार्यों की समीक्षा की गई। आगामी धार्मिक पर्वों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मेला खीर भवानी, ईद, मुहर्रम और अमरनाथ यात्रा जैसे आगामी धार्मिक आयोजनों पर चर्चा करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि इस वर्ष की यात्रा विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होगी।

### शोपियां में बड़ी कामयाबी

# शोपियां में दो हाइब्रिड आतंकी हथियारों के साथ गिरफ्तार

**श्रीनगर (आईएएनएस)**



पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने कहा कि शोपियां जिले के बसकुचन इमाम साहिब इलाके में सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स, पुलिस और सीआरपीएफ की 178 बटालियन ने मिलकर ये आतंकवादी पकड़े। पुलिस ने बताया, "गिरफ्तार आतंकवादियों के पास से दो 56 राइफलें, 4 एके मैगजीन, 102 एके राउंड और 2 हैंड ग्रेनेड बरामद हुए हैं। इनके खिलाफ कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने पहलगाम आतंकी हिंसा के बाद अपने अभियान को और तेज कर दिया है। 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के समर्थन वाले आतंकवादी समूह ने बैसरन घाटी में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय टट्टू मालिक सहित कुल 26 निर्दोष लोगों को मार दिया था। स्थानीय टट्टू मालिक सैयद आदिल हुसैन की भी हत्या कर दी गई। उसने आतंकवादियों से बहस करने के बाद एक आतंकवादी से राइफल छीनने की कोशिश की थी। निर्दोष लोगों की हत्या का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसके जरिए लाहौर के पास मुरीदके, बहावलपुर और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के कोटली और मुजफ्फराबाद में आतंकवादियों के ठिकानों पर सटीक हमले कर उन्हें बर्बाद कर दिया। इसके जवाब में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नागरिक इलाकों पर भारी मोर्टार से गोलाबारी की। इस गोलाबारी में 28 नागरिक मारे गए, जिनमें से 13 पुंछ जिले में थे। पुंछ, राजौरी, बारामुल्ला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिले भी इस गोलाबारी से प्रभावित हुए।

पुंछ जिले में सबसे ज्यादा नागरिकों की जान गई और बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ। 23 अप्रैल को अपने दौरे के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सेना, सीएपीएफ और पुलिस को आदेश दिया कि वे पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने में कोई कसर न छोड़ें।

**शोपियां गिरफ्तारी और बरामदगी**

- दो हाइब्रिड आतंकवादी शोपियां में हथियारों सहित गिरफ्तार।
- 2 इंसास राइफलें, 4 एके मैगजीन, 102 एके राउंड और 2 हैंड ग्रेनेड बरामद।
- आतंकियों पर कानूनी कार्रवाई शुरू, मामला दर्ज।

**पहलगाम आतंकी हमला व प्रतिक्रिया**

- 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में लश्कर समर्थित आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या की।
- मृतकों में 25 पर्यटक और एक स्थानीय टट्टू मालिक सैयद आदिल हुसैन शामिल।

**भारतीय सेना का जवाब: ऑपरेशन सिंदूर**

- सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने मिलकर ऑपरेशन सिंदूर चलाया।
- पाकिस्तान के मुरीदके, बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में आतंकियों के ठिकाने नष्ट।

## ग्लेशियर टूटने से भीषण भूस्खलन, 300 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**बर्न ।** स्विट्जरलैंड में बुधवार को स्विस आल्प्स पर्वत का एक ग्लेशियर के टूटने से भयानक लैंडस्लाइड हुआ। ग्लेशियर से बर्फ, कीचड़ और चट्टानों का सैलाब उठ, जिससे लोत्सचेंटल घाटी के पास मौजूद ब्लैटन का अल्पाइन गांव बह गया। गांव का लगभग 90% हिस्सा बर्फ में दबकर तबाह हो गया है। रॉयटर्स के मुताबिक, इस महीने की शुरुआत में जियोलॉजिस्ट ने ग्लेशियर के टूटने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि ग्लेशियर का 15 लाख क्यूबिक मीटर हिस्सा टूट सकता है। इसके बाद इलाके से 300 लोगों और मवेशियों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। एक लोकल अधिकारी ने मीडिया को बताया कि लैंडस्लाइड के बाद 64 साल का व्यक्ति लापता है। उसकी तलाश के लिए थर्मल कैमरों वाले ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहे हैं। अधिकारियों ने घाटी में जाने वाली मुख्य सड़क को बंद कर दिया है।

### बिल से बाहर निकला पहलगाम का मास्टरमाइंड कसूरी, ने कहा-

## अब मेरा नाम पूरी दुनिया में मशहूर हो गया

**श्रीनगर। एजेंसी**

पहलगाम आतंकी हमले के पीछे कथित मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) कमांडर सैफुल्लाह



कसूरी फिर से सार्वजनिक रूप से सामने आया। उसने एक राजनीतिक रैली में पाकिस्तानी राजनीतिक नेताओं और अन्य वांछित आतंकवादियों के साथ स्टेज शेयर साझा किया। पाकिस्तान के परमाणु परीक्षणों के वार्षिक स्मरणोत्सव यौम-ए-तकबीर के अवसर पर पाकिस्तान मरकज़ी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) द्वारा आयोजित इस रैली में भड़काऊ भाषण और भारत विरोधी नारे लगाए गए। उपस्थित लोगों में लश्कर के संस्थापक हाफ़िज़ सईद का बेटा और भारत द्वारा घोषित आतंकवादी तल्हा सईद भी शामिल था। कसूरी ने पंजाब प्रांत के कसूर में आयोजित रैली में कहा कि मुझे पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड बताया गया, अब मेरा नाम पूरी दुनिया में मशहूर है।

**भड़काऊ बयान**

### हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद ने हांकी बड़ी-बड़ी डींग

**इस्लामाबाद ।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी और 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड



हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह लाहौर में एक सार्वजनिक रैली के दौरान मंच पर मौजूद पाकिस्तानी राजनेताओं की मौजूदगी में भारत के खिलाफ जहर उगलता नजर आ रहा है। 28 मई को आयोजित रैली के वीडियो क्लिप में तल्हा सईद को अन्य राजनेताओं के साथ मंच पर पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष मलिक अहमद खान का स्वागत करते हुए दिखाया गया है। हाफिज सईद के साथ-साथ फील्ड मार्शल असीम मुनीर के पोस्टर भी देखे जा सकते हैं। शीर्ष खुफिया सूत्रों के अनुसार, यह पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को संस्थागत समर्थन को दर्शाता है।

# मोदी और शी जिनपिंग की ब्राजील में हो सकती है बैठक

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को मिले चीनी सैन्य मदद के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच ब्राजील में मुलाकात हो सकती है। डेक्कन हेराल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई महीने में ब्राजील के रियो डी जनेरियो में दोनों नेताओं की मुलाकात संभव है। रिपोर्ट के मुताबिक 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच मुलाकात की संभावनों पर चर्चा है। रिपोर्ट है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हो सकती है। हालिया समय में चीन, पाकिस्तान की सैन्य ताकत को लगातार मजबूत कर रहा है और रिपोर्ट्स के मुताबिक उसने पाकिस्तान एयरफोर्स को तेजी से जे-35ए स्टील्थ लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करने के लिए प्रोडक्शन को तेज कर दिया है। उसके अलावा चीन ने पाकिस्तान को सैटेलाइट सुविधाओं के साथ साथ पीएल-15 एयर टू एयर मिसाइलें भी सौंपी थी, जिसका पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ इस्तेमाल किया था। माना जा रहा है कि नई दिल्ली का फोकस भारत व चीन के सामान्य होते रिश्तों में पाकिस्तान के मुद्दे को दूर रखने की है। यदि ब्राजील में दोनों नेताओं की बैठक होती है तो पिछले साल 23 अक्टूबर को रूस के कजान शहर में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं की ये दूसरी मुलाकात होगी। पिछले साल कजान शहर से ही भारत व चीन के रिश्तों को सामान्य करने की कोशिशें शुरू हुई थीं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू करने का फैसला लिया था, उस दौरान भारत ने बार बार चीन को अपनी स्थिति से अवगत कराया था। भारत की कोशिश संघर्ष से चीन को दूर रखने की थी।लेकिन चीन डिप्लोमेटिक तरीके पाकिस्तान के सैन्य समर्थन में उतरा, पूरा साथ दिया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद करीब 3 हफ्ते के तनावपूर्ण घटनाक्रम के दौरान चीन ने पाकिस्तान को " हर मौसम का साथी" बताते हुए उसके "संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा" में समर्थन देने की बात की। सिर्फ इतना ही नहीं, चीन ने पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट को यूनाइटेड नेशंस में बचाने की कोशिश की, जिसने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। इसके अलावा बीजिंग ने जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए 'नरसंहार' की निष्पक्ष जांच के लिए इस्लामाबाद के आह्वान का भी समर्थन किया था, जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया। पाकिस्तान ने 7-10 मई को दोनों देशों के बीच झड़प के दौरान भारतीय लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए पीएल-15 मिसाइलें भी दागीं थी। इसके अलावा चीन ने पाकिस्तान एयर फोर्स को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए पाकिस्तान को सैटेलाइट मदद भी दी थी।हालांकि अगर इन घटनाओं के बाद भी प्रधानमंत्री मोदी, शी जिनपिंग से मिलने का फैसला करते हैं तो उसका मतलब ये होगा कि भारत ब्रिक्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों को एक बहुपक्षीय सहयोग के अवसर के रूप में देखता है, और ऐसे मंचों पर चीन से बातचीत को रणनीतिक स्थिरता की दिशा में एक कदम मानता है। यही वजह है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने हाल ही में कहा था कि भारत-चीन संबंध "पारस्परिक विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता" पर आधारित होने चाहिए। वहीं, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से भी मुलाकात की थी और चीन-पाकिस्तान सुरक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान सीपीईसी 2.0 को लेकर भी दोनों देशों के बीच बातचीत की गई है।

## फ्रांस, जर्मनी, यूके और अमेरिका समेत वैश्विक सैन्य नेतृत्व से संवाद करेंगे सीडीएस

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान 30 मई से 1 जून तक सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह अमेरिका और कई यूरोपीय देशों के सैन्य प्रमुखों और संबंधित रक्षा अधिकारियों से महत्वपूर्ण वार्ता करेंगे। सीडीएस जनरल अनिलचौहान एशिया के एक प्रमुख रक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' के 22वें संस्करण में शामिल होने के लिए सिंगापुर जा रहे हैं। इस रक्षा संवाद का आयोजन हर वर्ष इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज यानी आईआईएसएस द्वारा किया जाता है। अपनी इस यात्रा के दौरान जनरल अनिल चौहान विभिन्न देशों के रक्षा प्रमुखों और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

## एलन मस्क ने छोड़ा ट्रंप प्रशासन का साथ, सलाहकार पद से दिया इस्तीफा

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में अपनी भूमिका



से हटने की घोषणा की है, जिससे सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के साथ विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख और अरबपति उद्यमी एलन मस्क को संघीय नौकरशाही को सुव्यवस्थित करने और बेकार सरकारी खर्च को कम करने के प्रयासों का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया था। बुधवार को एक्स पर हुए मस्क ने अपनी बात रखी। उन्होंने सेवा का अवसर देने के लिए आभार जताया। मस्क ने लिखा, "विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में मेरा निर्धारित कार्यकाल समाप्त हो रहा है, ऐसे में मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सरकारी खर्च को कम करने के दिए गए अवसर के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।" उन्होंने कहा, "डीओजीई मिशन समय के साथ और मजबूत होता जाएगा। मस्क की यह घोषणा ट्रंप के विधायी एजेंडे की आधारशिला की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के ठीक एक दिन बाद आई है।

सीबीएस के साथ एक साक्षात्कार में टेस्ला के सीईओ मस्क ने ट्रंप की ओर से कहे गए "बड़े सुंदर विधेयक" पर निराशा व्यक्त की, जिसमें व्यापक कर कटौती के साथ-साथ कठोर आव्रजन प्रवर्तन का प्रावधान है। इस विधेयक को "बहुत बड़ा व्यय विधेयक" बताते हुए मस्क ने कहा कि यह उनके विभाग के लक्ष्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा, "इससे संघीय घाटा बढ़ता है और डीओजीई का काम कमजोर होता है।

## काजोल अपनी बेटी को बचाने के लिए राक्षस से करेंगी लड़ाई

अभिनेत्री काजोल की अगली फिल्म 'माँ' का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है, जिसमें वह अपनी बेटी को राक्षसों से बचाती नज़र आ रही हैं। काजोल फिल्म 'मां' से हॉरर फिल्मों में डेब्यू कर रही हैं। ट्रेलर काफी दमदार है। इसकी शुरुआत काजोल से होती है, जबकि उनकी बेटी कार चला रही होती है। बाद में, मां और बेटी एक अनजान जगह पर पहुंचती हैं, जहां उन्हें एक असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। जहां 'शैतान' में हमने अजय को अपनी ऑन-स्क्रीन बेटी को आर माधवन से बचाते हुए देखा था, वहीं यहाँ काजोल अपनी बेटी को एक पेड़ पर रहने वाले एक अनजान राक्षस से बचाती नज़र आ रही हैं।




**मां का ट्रेलर :** फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत काजोल से होती है, जो अपनी बेटी को पीछे की सीट पर चुपचाप बैठाकर कार चला रही होती हैं। जैसे ही दोनों एक अनजान जगह पर पहुँचती हैं, वे जल्द ही खुद को एक अजीबोगरीब स्थिति में पाती हैं। वे एक ऐसे गाँव में पहुँचती हैं जहाँ पिछले चार महीनों से लड़कियाँ गायब हो रही हैं। इस दौरान काजोल अपनी बेटी को एक पेड़ पर रहने वाले राक्षस से बचाती नजर आती हैं, जिसका नाम है दोइतो। फिल्म में रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्ता, जितिन गुलाटी, गोपाल सिंह और सूर्य शिखा दास भी हैं। काजोल की यह फिल्म एक हॉरर, सुपरनैचुरल ड्रामा है। फिल्म का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है। फिल्म का निर्माण देवगन फिल्म्स ने किया है। फिल्म मां 27 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हिंदी के अलावा यह फिल्म तमिल, तेलुगु और बंगाली भाषाओं में भी रिलीज होगी। फिल्म मां को 'शैतान' से जोड़ा जा रहा है। फिल्म 'शैतान' में आर माधवन ने निगेटिव रोल निभाया था। इस फिल्म में आर माधवन भी निगेटिव रोल में हैं। हालांकि, अभी इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिल्म के निर्माता अजय देवगन ने भी कहा है कि इस फिल्म को 'शैतान' से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।



# राज्य के सभी पंचायतों में बनेगा मत्स्य पालन का मॉडल तालाब : शिल्पी नेहा तिर्की

- नीली क्रांति की दौड़ में आंध्र प्रदेश से आगे निकलना उद्देश्य
- राज्य में अगले 5 साल में एक हेक्टेयर में 10 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को राज्य का पहला झारखंड मत्स्य महोत्सव का उदघाटन करते हुए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा झारखंड में सरकार की सोच हर प्रखंड, पंचायत में मत्स्य पालन के लिए मॉडल तालाब का निर्माण करना है। इतना ही नहीं राज्य भर के सभी डैम में केज कल्चर पद्धति के जरिए मत्स्य पालन किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य नीली क्रांति की दौड़ में आंध्र प्रदेश से आगे निकलना है। इसके लिए अगले 5 साल में एक हेक्टेयर में 10 मीट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में एक हेक्टेयर में तीन मीट्रिक टन ही मछली का उत्पादन हो रहा है।



### किसानों को मत्स्य पालन के लिए सही गाइड करने की जरुरत : सचिव

विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीखी ने कहा कि विभाग ने नई शुरुआत की है। किसानों को मत्स्य पालन के लिए सही तरीके से गाइड करने के लिए जरूरी है। राज्य में साढ़े 3 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हो रहा है। किसानों के फीडबैक के आधार पर भविष्य की कार्य योजना तैयार की जाएगी।

झारखंड मत्स्य महोत्सव में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य के इतिहास में पहली बार इस तरह का आयोजन हो रहा है। आज 75 मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के बीच दो-दो लाख रुपए की अनुदान राशि का वितरण किया गया। समितियों के सुदृढ़ीकरण के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की राशि मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि विभाग मत्स्य पालन से जुड़े किसानों की समस्या और चुनौती का समाधान करते हुए, उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाना चाहती है। इसके लिए राज्य में तालाबों की संख्या बढ़ानी होगी। खास कर राज्य में विलुप्त हो रहे तालाब को पुनर्जीवित करना होगा। इसके लिए राज्य भर के डीसी ऐसे तालाबों की सूची उपलब्ध कराएंगे। मत्स्य पालन को संगठित क्षेत्र का रूप देते हुए इसे आगे बढ़ाने की दिशा में विभाग कार्य योजना तैयार करेगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में मछली के सीड और फीड पर बहुत काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में 80 के करीब फिश फॉर्म है जिसे मछली बीज के रूप में विकसित किया जा सकता है। फिश फॉर्म का संचालन पीपीपी मोड पर भी किया जा सकता है। हमारे पास राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए विजन भी है और इच्छा शक्ति भी।

मंत्री ने कहा कि एनएफडीबी के सहयोग से राज्य के करीब 350 मत्स्य पालकों को बेहतर प्रशिक्षण के हैदराबाद भेजा जाएगा। जबकि विभाग के अधिकारी मत्स्य पालन के क्षेत्र में नई तकनीक की जानकारी शिफा संस्थान के माध्यम से लेंगे। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक चेन तकनीक की शुरुआत की गई है। इस तकनीक के माध्यम से बीज के वितरण से लेकर मत्स्य पालन से जुड़ी हर जानकारी मत्स्य पालक बहुत आसानी से ग्रहण कर सकते है। इस तकनीक से विभाग को भी लाभुक को ट्रेस करने में मदद मिलेगा। पारंपरिक विधि के साथ- साथ आज जरूरत आधुनिक तकनीक को अपनाने की है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में 1 लाख 70 हजार किसानों का बीमा कराया गया है पर अब तक मात्र 2 किसानों को मुआवजा का भुगतान हो सका है। मत्स्य पालकों को बीमा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। ताकि विकट समय में इसका लाभ लिया जा सके। इसके साथ ही मुआवजा के लिए दावे की प्रक्रिया को भी सरल बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जुड़ी योजनाओं की समुचित जानकारी के लिए न्यूज लेटर के माध्यम से गांव- घर के लोग आसानी से योजनाओं की विस्तृत जानकारी हासिल कर सकेंगे।

## आतंकी हमले का भारत मुंहतोड़ जवाब देता रहेगा : प्रदीप वर्मा

**रांची।** भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने गुरुवार को कहा है कि भारत में आतंकी हमला हुआ तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भारत अपनी शर्तों पर जवाब देता रहेगा। प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय किए हैं। पहला आतंकी हमला हुआ तो सेनाएं समय, तरीका तय करेंगी, दूसरा एटम बम की धमकियों से भारत डरने वाला नहीं व तीसरा आतंक के आकाओं व आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। पाकिस्तान का स्टेट व नन स्टेट एक्टर वाला खेल नहीं चलेगा। सांसद ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया ने भारत के अप्रतिम शौर्य को देखा है। सांसद ने कहा कि पाकिस्तान के पत्र मोईद पीरजादा ने हमले को पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका बताया है। अंतर्राष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञ टॉम कूपर ने लिखा है कि भारत के हमलों ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। न्यूयार्क टाइम्स ने सैटेलाइट इमेज के माध्यम से पाकिस्तान में हुई व्यापक तबाही की तुलना 1991 में इराक में अमेरिका के नेतृत्व में किए गए ऑपरेशन डेजर्ट स्टार्म से किया है। द आस्ट्रेलियन टुडे ने कहा कि भारत ने सटीक हमला कर अपने लक्ष्य को हासिल किया।

## आयोग की बैठक में भाग लेंगे देवशरण और प्रवीण

**रांची।** वित्त आयोग की शुक्रवार को राजनीतिक दलों के साथ होनेवाली बैठक में आजसू पार्टी की ओर से मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर भाग लेंगे। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर केंद्रीय प्रधान महासचिव और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव को गुरुवार को सूचित किया है कि बैठक के लिए डॉ भगत और प्रभाकर अधिकृत किए गए हैं।


**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, लातेहार**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या–04/2025–26 ग्रुप संख्या–02 में अंकित योजना लातेहार जिला अन्तर्गत प्रखण्ड लातेहार नगर पंचायत, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, लातेहार के परिसर में स्थिति जर्जर भवन का स्वच्छता SLRM कार्य जिर्णोद्धार जिसका PNR No-353688 Rural Development 25_26 D है। उक्त योजना में कार्य पूर्ण करने की तिथि 03 माह अंकित है जिसे संशोधित करते हुए कार्य पूर्ण करने की अवधि 01 माह की जाती है।

शेष शर्ते यथावत रहेगी।

PR 353790 Rural Development(25-26).D

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**
**g-mail I.D. - eemid041@gmail.com**

पत्रांकः– 206 मेदिनीनगर, दिनांक– 28/05/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-03/2025-26 PR No:- 352958 Minor Irrigation (25-26)#D है। अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 06/06/2025 (04.00 PM) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23/06/2025 (03.00 PM) |
| 3 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 24/06/2025 (04.00 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 353797 (Minor Irrigation) 25-26 (D)


## गुमला की खबरें

### नगर पंचायत के डेढ़ दर्जन खराब पड़े जलमीनारों का कांग्रेस नेताओं ने किया निरीक्षण



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत के ग्रामीणों के शिकायत पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता गंगा उरांव ने नगर पंचायत के डेढ़ दर्जन खराब पड़े जलमीनार का भौतिक रूप से निरीक्षण किया। जिसमें घोड़तोपा, चरभैया, कटईदामर, लालमाटी पोड़ल टोली,लालमाटी स्कूल टोली, कुसुम टोली, सिसकारी,मेरंगबीरा खाश,मेरंगबीरा नीचे टोली,समाईध,गोन्दरोटोली, नगर खाश बजरंग मंदिर, भंडार टोली, बंगालटोली नगर, एवं गुना टोली इत्यादि गांवों के जलमीनार वर्षो से खराब पड़े हुए हैं। इन जलमीनारों को ठीक कराने के लिए कांग्रेस नेता गंगा उरांव के नेतृत्व में, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव को एक लिखित आवेदन देकर शीघ्र मरम्मत कराने के लिए कहा गया है। उरांव ने कहा - एक पंचायत के निरीक्षण में डेढ़ दर्जन खराब जलमीनार पाए गए हैं, इससे साफ जाहिर होता है कि बाकी पंचायत का भी यही दुर्दशा होगा। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से कहा कि सभी पंचायतों की जांच कर खराब पड़े जलमीनार एवं चापानल की शीघ्र मरम्मत कराएं जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। मौके पर, कांग्रेस के पूर्व मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, रामधारी सिंह, जयराम उरांव,करीम अंसारी, द्वारिका साहू अनुज साहू, रविन्द्र उरांव,गंदुर मुंडा, बिशेश्वर मुंडा, मंगलेश्वर उरांव, नंदकिशोर उरांव, कार्तिक नगेशिया, अंकलेश्वर उरांव,बंधु उरांव के अलावे ग्रामीण मौजूद थे।

### गुमला के नए एसपी हारीश बिन जमां ने संभाला पदभार, कहा– नक्सल और अंधविश्वास पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिले के नए पुलिस अधीक्षक (एसपी) हारीश बिन जमां ने मंगलवार को चांडाली स्थित समाहरणालय परिसर के एसपी कार्यालय में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान एसपी शम्भू कुमार सिंह ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया और औपचारिक रूप से पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी हारीश बिन जमां ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता कानून व्यवस्था को मजबूत करना और लोगों को त्वरित न्याय दिलाना होगा। उन्होंने कहा कि वे केवल कार्यालय में बैठकर काम नहीं करेंगे, बल्कि लोगों के बीच जाकर संवाद करेंगे और सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा देंगे। एसपी ने कहा कि गुमला नक्सल प्रभावित जिला रहा है, जहां पहले भी नक्सलवाद को खत्म करने में पुलिस ने उल्लेखनीय कार्य किया है। अब यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नक्सली दोबारा पनप न सकें। इसके लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले में अंधविश्वास की घटनाएं चिंता का विषय हैं। ऐसे मामलों पर पूरी सख्ती से रोक लगाई जाएगी। साथ ही नशे के कारोबार और नशेड़ियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, क्योंकि यही अपराध की जड़ है। एसपी ने साफ किया कि कानून का राज कायम करना और समाज में अमन-चैन बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पदभार ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र में मिश्रित मछली पालन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**बानो।** कृषि विज्ञान केंद्र, बानो में नेशनल एग्रीकल्चर डेवलपमेंट बोर्ड के तत्वावधान में पांच दिवसीय मिश्रित मछली पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण किसानों को तकनीकी जानकारी देकर मछली पालन के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाना है।कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. स्मिथ स्वेता ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रति बैंच 30 लाभुक भाग लेंगे तथा कुल 8 बैचों में 240 किसान प्रशिक्षित किए जाएंगे। किसानों को मछली पालन की वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी जाएगी जिससे वे दोगुना-तीनगुना लाभ कमा सकें।

### मनीषा की आंखों की रोशनी बनी समाज की एकजुटता और सरकार की संवेदनशीलता



**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला )।** बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत तुमसे गांव की एक गरीब आदिवासी छात्रा मनीषा कुमारी एक समय आंख की असाध्य बीमारी केराटोकोनस से पीड़ित होकर जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही थी। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार इलाज कराने में असमर्थ था और मनीषा की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे जाती रही। लेकिन कहते हैं, जब इरादे नेक हों और समाज संवेदनशील हो, तो चमत्कार भी संभव है। मनीषा के संघर्ष की शुरुआत उस समय हुई जब राजकीय मध्य विद्यालय तुमसे के शिक्षक सुधीर तिग्गा ने इस पीड़ा को समझा और अन्य शिक्षकों— सुनील भारती, उमावती कुमारी, निखिल सिंह, चरण उरांव समेत कई लोगों के सहयोग से मनीषा के इलाज के लिए आर्थिक सहायता जुटाई। इलाज की शुरुआत तो हुई, लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि केराटोकोनस का समुचित इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत संभव नहीं है, और आंख में लेंस प्रत्यारोपण के लिए अधिक राशि की आवश्यकता है। इसी बीच, मनीषा की दर्दभरी कहानी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई, जिसने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ध्यान खींचा। उन्होंने तत्कालीन गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को निर्देश दिया कि मनीषा को हर संभव सहायता दी जाए।

इसके बाद उपायुक्त के प्रयासों से गुमला रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से मनीषा को 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिली। इलाज की प्रक्रिया रांची के कोकर स्थित मातृ प्रेरणा आई हॉस्पिटल में शुरू हुई। इलाज के दौरान मनीषा और उसके परिजनों को रहने, खाने और जांच संबंधी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ऐसे समय में बिशुनपुर के मंजीरा गांव निवासी व वर्तमान में देवघर के पालोजोरी अंचलाधिकारी अमित भगत ने भी मनीषा की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। मनीषा की आंख के लिए विदेश से विशेष लेंस मंगाया गया और उसका सफल प्रत्यारोपण किया गया। आज मनीषा पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने घर लौट आई है और सामान्य रूप से देख पा रही है। भावुक होते हुए मनीषा ने मुख्यमंत्री जिला प्रशासन, रेड क्रॉस सोसाइटी, शिक्षक बृंद और अमित भगत को धन्यवाद देते हुए कहा —"मैंने तो उम्मीद ही छोड़ दी थी कि मेरी आंखें कभी ठीक हो पाएंगी, परंतु आप सब मेरे लिए भगवान बनकर आए। आज मैं पूरी तरह से देख पा रही हूं।"

### शैलपुत्री फाउंडेशन की पहल: छात्रों और माताओं को मिला खेती का प्रशिक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो स्थित शैलपुत्री फाउंडेशन ललित उरांव मेमोरियल इंटर विद्यालय में गुरुवार को पढ़ाई कर रही छात्राओं और उनकी माताओं को खेती-बाड़ी से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के तहत उन्हें हरी पत्तेदार सब्जियों की खेती करने की विधि, कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपायों और जैविक खेती के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्टेट कोऑर्डिनेटर पी. कुमार महतो ने कहा कि यह पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत एक सराहनीय कदम है, जिससे छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण भविष्य में बेटियों को स्वरोजगार से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा।

सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यालय के बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा में 100% सफलता हासिल की है, जिसमें सुमित केशरी प्रखंड का दूसरा टॉपर बनकर उभरा है। अब यह विद्यालय शिक्षा के साथ कृषि में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जहां बेटियां भी खेती के क्षेत्र में भागीदारी निभाने को तैयार हैं। शैलपुत्री फाउंडेशन के निदेशक विनय केसरी ने कहा कि संस्था द्वारा बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। यह प्रशिक्षण भी उसी दिशा में एक ठोस प्रयास है। इस मौके पर ग्रामीण महिलाएं, विद्यालय की छात्राएं और शैलपुत्री फाउंडेशन के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### नौ पंचायतों में कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**गुमला।** आज कृषि विज्ञान केंद्र गुमला द्वारा कृषि समृद्धि अभियान 2025 के तहत बिशुनपुर प्रखंड के 9 पंचायतों में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य खरीफ मौसम से पहले किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराना था, जिससे वे अपनी आमदनी बढ़ा सकें और खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर वैज्ञानिकों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा तिलहन एवं दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मॉडल विलेज की अवधारणा शुरू की गई है। देश में इन फसलों की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए यह कदम उठाया संगोष्ठी का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया।

## प्रवीण पुष्कर ने ग्रामीण एसपी के रूप में संभाला कार्यभार



**रांची।** आईपीएस अधिकारी प्रवीण पुष्कर ने रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के रूप में गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और पुलिसिंग को अधिक संवेदनशील बनाना होगा।

## वित्त आयोग की बैठक में आजसू से देवशरण भगत व प्रवीण भाग लेंगे

**रांची।** 16 वें वित्त आयोग की कल राजनीतिक दलों के साथ बैठक होने वाली है, जिसमें आजसू पार्टी की ओर से मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत तथा वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर बैठक में भाग लेंगे। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देश पर केंद्रीय प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव को सूचित किया है कि बैठक के लिए डॉ भगत एवं श्री प्रभाकर अधिकृत किए गए हैं। बैठक में आजसू पार्टी राज्य सरकार की नाकामी को मुद्दा बनाएगी तथा केंद्र के हस्तक्षेप की मांग करेगी। आजसू पार्टी का मानना है कि राज्य सरकार विकास के मुद्दे पर गंभीर नहीं है और विकास योजनाओं का पैसा लोक लुभावन योजनाओं में डायवर्ट किया जा रहा है। श्री सहिस ने कहा कि आजसू ने संघर्ष कर अलग राज्य बनवाया, लेकिन वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है।

## सेक्टर-2 में हुआ दो दिवसीय समर कैंप, बच्चों ने दिखाया जोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सेक्टर-2 गार्डन में गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को रचनात्मकता, मनोरंजन और सीख का अद्भुत संगम देने के उद्देश्य से 27 व 28 मई को समर कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 40 से 45 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कैंप में बच्चों को अबेकस और वैदिक मैथ्स की बुनियादी जानकारी दी गई जिससे उनकी गणना क्षमता, ध्यान और मानसिक विकास को गति मिली। साथ ही ब्रेन जिम, ब्रेन गेम्स, ड्राइंग प्रतियोगिता, डांस सेशन, और बेहद रोमांचक ट्रेजर हंट जैसी गतिविधियों ने बच्चों के अनुभव को और भी आनंददायक बना दिया। हर गतिविधि का उद्देश्य था बच्चों को खेल-खेल में सोचने, समझने, रचनात्मक बनने और आत्मविश्वासी बनाने की प्रेरणा देना। बच्चे दिनभर बेहद जोश और ऊर्जा के साथ सभी सेशन्स में भाग लेते नज़र आए। उनकी मुस्कान और भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल ही नहीं बल्कि यादगार बना दिया। कार्यक्रम की संचालिका वीणा देवांगन और आरती कुमारी ने पूरे समर कैंप को उत्कृष्ट रूप से निर्देशित किया। उनका उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट और बौद्धिक विकास को सही दिशा देना था, जिसमें वे पूर्णतः सफल रहीं।

## झारखंड को मिले विशेष स्वास्थ्य पैकेज, राज्य में एम्स और पांच मेडिकल कॉलेज की उठी मांग

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि राज्य की सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति और आदिवासी बहुलता को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष पैकेज दिया जाए। उन्होंने यह मांग गुरुवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा की ओर से वर्चुअल माध्यम से आयोजित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में रखी। नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आरसीएच सभागार से इस बैठक में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अंसारी ने भाग लिया। उनके साथ अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक अबु इमरान, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ. चंद्र किशोर शाही एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान, खसरा-रूबेला टीकाकरण, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन, 15वां वित्त आयोग अनुदान, और पीएसए प्लांट संचालन पर चर्चा की गई। डॉ. अंसारी ने बताया कि झारखंड में टीबी मरीजों को अब निक्षय आहार योजना के तहत 500 रुपये के स्थान पर 1000 रुपये प्रति माह पोषण सहायता दी जा रही है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
**g-mail I.D. - eemid041@gmail.com**

पत्रांकः–205 मेदिनीनगर, दिनांक– 28/05/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-02/2025-26, PR No:- 352961 (Minor Irrigation) 25-26 (D) है। अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 06/06/2025 (04.00 PM) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23/06/2025 (03.00 PM) |
| 3 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 24/06/2025 (04.00 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,
मेदिनीनगर

PR 353796 Minor Irrigation(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल,मेदिनीनगर**
**g-mail I.D. - eemid041@gmail.com**

पत्रांकः–204 मेदिनीनगर, दिनांक– 28/05/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR /B.D./S.L.I.-01/ 2025-26, PR No:- 352964 Minor Irrigation (25-26)#D है। अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 06/06/2025 (04.00 PM) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23/06/2025 (03.00 PM) |
| 3 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 24/06/2025 (04.00 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

PR 353794 Minor Irrigation(25-26).D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**शुद्धि–पत्र**

**पत्रांक–346 दिनांक–28.05.2025**

इस कार्यालय के अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID /Latehar/ F2-03/2025-26 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी जिसका PR No-353111 water Resource(25-26)D है, को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई0 निविदा बेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 31.05.2025 |
| 2 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.06.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.06.2025 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 09.06.2025 5.00 बजे अपराह्न |

नोटः– निविदा की अन्य शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 353769 (Water Resource)25-26*D

# पंजाब को हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फाइनल में



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 2016 के बाद आखिरकार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल फाइनल में जगह बनाने में सफल हो ही गई। आरसीबी 2017 से लेकर 2024 तक चार बार प्लेऑफ में पहुंची थी लेकिन आगे जा नहीं पाई थी लेकिन इस बाद मुल्लांपुर के मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ क्वालिफायर 1 को जीतते ही उन्होंने यह रिकॉर्ड बना दिया। रोचक मुकाबले में पहले खेलते हुए पंजाब टीम सिर्फ 101 रन ही बना पाई थी। आरसीबी के सुयश शर्मा और जोश हेजलवुड ने तीन-तीन विकेट ली। जवाब में खेलने उतरी आरसीबी के लिए यह मुकाबला आसान रहा। विराट कोहली 12 तो मयंक अग्रवाल 19 रन बनाकर आऊट हुए लेकिन फिल सॉल्ट ने अर्धशतक बनाकर अपनी टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी। अब आरसीबी फाइनल मुकाबले में क्वालिफायर 2 के विजेता के साथ भिड़ेगी।

**अब क्या होगा पंजाब किंग्स का ?**

पंजाब किंग्स अभी फाइनल की रेस से बाहर नहीं हुई है। अंक तालिका में टॉप करने के चलते उन्हें अब क्वालिफायर 2 खेलने का मौका मिलेगा? जोकि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। इस मैच में पंजाब की विरोधी टीम वो होगी जोकि गुजरात टाइटंस बनाम मुंबई इंडियंस के एलिमिनेटर मुकाबले में जीतेगी। क्वालिफायर 2 जीतने वाली टीम फाइनल में आरसीबी के खिलाफ अहमदाबाद के मैदान पर ही तीन जून को भिड़ेगी।

**पंजाब किंग्स : 101-10 (14.1 ओवर)**

पंजाब की शुरूआत खराब रही। प्रियांश आर्य के रूप में दूसरे ही ओवर में टीम को पहला झटका लगा जब यश दयाल ने उन्हें क्रुणाल के हाथों कैच आऊट करवा दिया। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह (18) ने 2 चौके लगाए लेकिन तीसरे ही ओवर में वह भुवी का शिकार हो गए। कप्तान श्रेयस अय्यर रन गति बढ़ाने के चक्कर में चौथे ही ओवर में केवल 2 रन बनाकर आऊट हो गए। जोश इंग्लिस को हेजलवुड ने निशाना बनाया इससे पंजाब का स्कोर पावरप्ले के अंदर ही 38 रन पर 4 विकेट हो गया। नेहल वडेहरा (8) ने आते ही एक शॉट लगाया लेकिन जल्दी ही वह यश दयाल का शिकार हो गए। इसके बाद शशांक सिंह महज 3 रन बनाकर सुयश शर्मा का शिकार हो गए। सुयश ने इसके बाद मुशीर खान की भी विकेट निकाल दी जिससे पंजाब के 60 रन पर 7 विकेट हो गए। सेट बल्लेबाज स्टोइनिस 17 गेंदों पर 26 रन बनाकर सुयश का ही शिकार हुए। यह उनकी तीसरी विकेट रही। हरप्रीत बराड़ चार रन बनाकर रोमारियो शेफर्ड और उमरजजई 18 रन बनाकर हेजलवुड का शिकार हो गए। सुयश और हेजलवुड ने मिलकर 3-3 विकेट लीं।



चेल्सी ने **यूएफा कॉन्फ्रेंस लीग** जीतकर यूरोपीय क्लब ट्रॉफियों का सेट पूरा किया

## बीबीएल-15 के लिए जेमी ओवरटन का एडिलेड स्ट्राइकर्स से करार

**एडिलेड।** बिग बैश लीग-15 के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स ने प्री-ड्राफ्ट साइनिंग का ऐलान किया है। फ्रेंचाइजी ने लगातार तीसरे सीजन इंग्लैंड के फास्ट-बॉलिंग ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को अपने साथ रखा है। एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए बीबीएल-14 चुनौतीपूर्ण रहा था, इसके बावजूद ओवरटन ने शानदार प्रदर्शन किया। इस खिलाड़ी ने बीते सीजन 11 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने एडिलेड ओवल में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ कठिन मुकाबले में 27 रन देकर 2 विकेट झटके थे। जेमी ओवरटन का योगदान सिर्फ गेंदबाजी तक ही सीमित नहीं था, उन्होंने बल्ले से भी जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 95.40 की असाधारण औसत से 191 रन बनाए। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 45 रन रहा। ओवरटन ने एक बयान में कहा, "मैं एक और सीजन के लिए एडिलेड में वापस आकर बेहद रोमांचित हूं। मुझे स्ट्राइकर्स के साथ बिताया समय और एडिलेड ओवल में फैंस से मिलने वाला सपोर्ट बहुत पसंद आया। यह एक शानदार क्लब है, जिसमें कई बेहतरीन खिलाड़ी हैं।" जेमी ओवरटन ने बीबीएल में अब तक कुल 18 मैच खेले हैं, जिसमें 8.82 की इकॉनमी के साथ कुल 27 विकेट अपने नाम किए। जेमी बल्ले से एक बेहतरीन फिनिशर रहे हैं। उन्होंने 150.82 की स्ट्राइक रेट के साथ 276 रन जड़े हैं। इस दौरान उनका औसत 69 रहा है। एडिलेड स्ट्राइकर्स के हेड कोच टिम पेन ने बीबीएल 15 के लिए जेमी को फिर से साइन करने को एक जरूरी कदम बताया है।

## सिंगापुर ओपन: सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, प्रणय और सिंधु बाहर




**एजेंसी। सिंगापुर**

भारत की पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है। वहीं दूसरी ओर एचएस प्रणय और पीवी सिंधु गुरुवार को राउंड ऑफ 16 में हारकर बाहर हो गए। बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सात्विक-चिराग ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी की। इस भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया के सबर कार्यमन गुटामा और मुहम्मद रेजा पहलवी इस्फहानी को 19-21, 21-16, 21-18 से शिकस्त दी। ये मुकाबला एक घंटे और 14 मिनट तक चला। भारतीय जोड़ी अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए वर्ल्ड नंबर 1 और दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी गोह सेज फी और नूर इज्जुद्दीन से भिड़ेगी। पुरुष एकल में एचएस प्रणय को फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय 42 मिनट तक चले मैच को 16-21, 14-21 से गंवा बैठे। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु भी चीन की चेन यू फेई से 9-21, 21-18, 16-21 से हारकर दूसरे दौर में बाहर हो गईं।

## ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट भारत का करेगी दौरा

**एजेंसी। मुंबई**



ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम सितंबर में भारत का दौरा करेगी, जिसकी पुष्टि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को कर दी। इस दौरान भारत-ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेली जाएगी, जिसे महिला वनडे वर्ल्ड कप से पहले महत्वपूर्ण तैयारी माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच सीरीज का पहला वनडे 14 सितंबर को खेला जाएगा, जिसके बाद दूसरा और तीसरा मुकाबला क्रमशः 17 और 20 सितंबर को आयोजित होगा। चेन्नई का एमए चिदंबरम स्टेडियम सीरीज के सभी तीनों मैचों की मेजबानी करेगा। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम 28 जून से इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल टूर से वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू करेगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले भारत को इंग्लैंड में पांच टी20 और तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलनी है। इसके साथ ही बोर्ड ने घोषणा कर दी है कि भारत ए पुरुष टीम सितंबर के अंत में दो मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगी।

## गुकेश ने तीसरे राउंड में वापसी की

**स्टावेंजर।** मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश डोमाराजू ने विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को बराबरी के मुकाबले में हराकर अपने खिताब की दावेदारी मजबूत कर ली है। पहले दो राउंड में दो हार के बाद भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत इससे बेहतर पल नहीं हो सकती थी। नॉर्वे शतरंज के पहले दिन गुकेश को विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद वह तनाव भरे ऑल-इंडियन मुकाबले में अर्जुन एरिगैसी से हार गए, लेकिन विश्व चैंपियन ने तीसरे राउंड में नाकामुरा पर जीत के साथ वापसी की। फैबियानो कारूआना ने पहले राउंड में हारने के बाद शानदार वापसी की है और एक और जीत दर्ज की है। इस बार उन्होंने भारतीय स्टार एरिगैसी को हराया। इस जीत के साथ, उन्होंने लाइव रेटिंग सूची में एरिगैसी से विश्व नंबर 3 स्थान हासिल किया। दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और वेई यी के बीच एकमात्र ड्रॉ हुआ।

## स्वीयाटेक ने राडुकानू को दूसरे राउंड में किया बाहर

**एजेंसी। पेरिस**

एम्मा राडुकानू का विश्व की नंबर 1 इगा स्वीयाटेक के खिलाफ संघर्ष रौलां गैरो की लाल बजरी पर जारी रहा, क्योंकि ब्रिटिश नंबर दो को बुधवार को दूसरे दौर के मुकाबले में 6-1, 6-2 से करारी हार का सामना करना पड़ा।

यह राडुकानू की गत चैंपियन से लगातार पांचवीं हार थी, जिसने एक बार फिर 2021 यूएस ओपन विजेता और महिला खेल के एलीट वर्ग के बीच अंतर को उजागर किया।



मैच की शुरुआत राडुकानू के लिए उम्मीद की किरण के साथ हुई क्योंकि उसने दूसरे गेम में ब्रेक प्वाइंट अर्जित किया। लेकिन एक बार जब स्वीयाटेक ने सर्विस को बनाए रखा, तो उनका खेल बदल गया। चार बार की रौलां गैरो चैंपियन और व्यापक रूप से 'क्वीन ऑफ क्ले' के रूप में मानी जाने वाली पोल ने पहले सेट के बाकी हिस्सों में राडुकानू की दूसरी सर्विस का फायदा उठाया और दोनों विंग से गलतियां करवाईं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## बेंगलुरु में एक्सेल का एआई समिट भारत की उभरती वैश्विक ताकत को दिखाएगा



**बेंगलुरु।** ग्लोबल वेंचर कैपिटल फर्म एक्सेल ने गुरुवार को कहा कि कंपनी 4 जून को बेंगलुरु में अपने फ्लैगशिप एआई समिट के दूसरे एडिशन की मेजबानी करेगी, जिसमें भारत और अन्य देशों से एआई में दक्ष लोग शामिल होंगे। यह एक इन्वाइट-ओनली एक्सक्लूसिव इवेंट है, जिसकी थीम 'इंजीनियरिंग इंडियाज एआई एडवांटेज' रखी गई है। इस इवेंट में लीडिंग एआई फाउंडर्स, रिसर्चर्स, टेक सीएक्सओ, पॉलिसीमेकर्स और ग्लोबल इंवेस्टर्स एक साथ मंच पर आएंगे। इस इवेंट का उद्देश्य नए विचारों, पार्टनरशिप और फ्रेमवर्क को कैटेलिस्ट करना है, जो ग्लोबल एआई लैंडस्केप को आकार देने में भारत की निर्णायक भूमिका बढ़ाने में मददगार होंगे। नैसकॉम के अनुसार, भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो 25 प्रतिशत से अधिक सीएजीआर की दर से बढ़ रहा है। यूनिक डेटा एडवांटेज और वर्टिकल एआई स्टार्टअप्स के बढ़ते बेस के साथ भारतीय इनोवेशन हेल्थकेयर, फिनटेक और रिटेल सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक्सेल के पार्टनर प्रयांक स्वरूप ने कहा, "भारत का एआई इकोसिस्टम तेजी से विकसित हो रहा है, जिसमें एप्लिकेशन-लेयर एआई अब उद्यमों को वास्तविक मूल्य प्रदान कर रहा है।" उन्होंने कहा, "फाउंडर्स, भारत के डेटा एडवांटेज का लाभ उठाकर अलग-अलग डोमेन-स्पेसिफिक मॉडल बना रहे हैं। यह समिट उस गति को उजागर करने और भारत से वैश्विक एआई कंपनियों को आगे बढ़ाने के लिए फ्रेमवर्क बनाने को लेकर है।

## विकसित भारत के लिए देश में बढ़ानी होगी श्रम उत्पादकता : सुमन बेरी

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी ने गुरुवार को कहा कि श्रम उत्पादकता में निरंतर वृद्धि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए जरूरी है।

राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट में अपने संबोधन में बेरी ने कहा कि श्रम उत्पादकता बढ़ने से अप्रयुक्त क्षमता का लाभ उठाकर और श्रम गतिविधि को बढ़ाकर उच्च मूल्य संवर्धन होगा। इससे आय बढ़ाने, देश के जीवन स्तर को ऊपर उठाने और बेजोड़ जनसांख्यिकी की क्षमता का फायदा उठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत में श्रम उत्पादकता में अपेक्षित गति से सुधार नहीं हो रहा है। क्रय शक्ति समता में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार अमेरिका के आकार का आधा है, जबकि श्रम शक्ति का आकार अमेरिका के आकार का तीन गुना है।

हमारा उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विकास को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए श्रम शक्ति का लाभ उठाना और बेहतर रोजगार पैदा करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पादकता में ठहराव की समस्या का सामना यूके और कनाडा जैसे देशों को करना पड़ रहा है, जबकि भारत में उत्पादकता बढ़ रही है, हालांकि, यह चीन और आसियान की तुलना में कम है। बेरी ने कहा, "भारत को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए आत्मनिर्भरता और वैश्विक जुड़ाव का मिश्रण अपनाना चाहिए। हमें जर्मनी जैसे देशों की तरह भारत के लघु और मध्यम उद्योगों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। भारतीय उद्योगों ने 1991 के सुधारों को सफलतापूर्वक पार कर लिया है और दुनिया में सर्वश्रेष्ठ उद्योगों के साथ प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्धा करने का आत्मविश्वास हासिल कर लिया है।"

### गेहूं की तरह बोएं धान, कम होगी लागत, उपज भी होगी बराबर

**लखनऊ।** किसानों की आय बढ़ाना डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे बढ़ाने का सबसे प्रभावी जरिया है, कम लागत में अधिक उपज। केंद्र सरकार इसी मकसद से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' शुरू कर रही है। उम्मीद है कि इस देशव्यापी अभियान का लाभ खरीफ के मौजूदा सीजन में ही मिलेगा। योगी सरकार भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए जी-जान से जुट गई है। उल्लेखनीय है कि खरीफ की मुख्य फसल धान है। नर्सरी में तैयार पौधों को कुशलता से निकालना, इनकी रोपाई के लिए खेत की तैयारी, फसल संरक्षण के उपायों से लेकर फसल की कटाई और मड़ाई तक का काम काफी श्रमसाध्य है। स्वाभाविक है कि इस सबमें अच्छी खासी लागत आती है।

## सकारात्मक वैश्विक संकेतों से हरे निशान में बंद शेयर बाजार

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 320.70 अंक या 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,633.02 और निफ्टी 81.15 अंक या 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,833.60 पर था। बाजार में तेजी की वजह सकारात्मक वैश्विक संकेतों को माना जा रहा है। अमेरिकी कोर्ट ने रेसिप्रोकल टैरिफ को रद्द कर दिया है और इसे असंवैधानिक माना है। इससे सेंटीमेंट में सुधार हुआ है। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 315.85 अंक या 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,457.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 105.40 अंक या 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,889 पर था। सेक्टोरल आधार पर मेटल, आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स हरे निशान में थे, जबकि, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी और पीएसई लाल निशान में थे। सेंसेक्स पैक में इंडसइंड बैंक, सनफार्मा, अदाणी पोर्ट्स, इटरनल, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, टाइटन कंपनी, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल टॉप गेनर्स थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिकी अदालत द्वारा डोनाल्ड ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ पॉलिसी को खारिज किए जाने के बाद ग्लोबल सेंटीमेंट में सुधार हुआ।

## अप्रैल में भारत में कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या बढ़कर 1,203.84 मिलियन हुई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन डेटा के अनुसार, भारत में कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या मार्च के अंत में 1,200.80 मिलियन से बढ़कर अप्रैल में 1,203.84 मिलियन हो गई, जो मासिक आधार पर 0.25 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। शहरी टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या मार्च के अंत में 666.11 मिलियन से बढ़कर अप्रैल के अंत में 667.19 मिलियन हो गई। इसी अवधि के दौरान ग्रामीण सब्सक्राइबर्स की संख्या भी 534.69 मिलियन से बढ़कर 536.65 मिलियन हो गई। संचार मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल के दौरान शहरी और ग्रामीण टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की मासिक वृद्धि दर क्रमशः 0.16 प्रतिशत और 0.37 प्रतिशत थी।

## यूनिफाइड डाटा टेक की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर को आईटी सर्विस देने वाली कंपनी यूनीफाइड डाटा टेक सॉल्यूशंस के शेयरों ने आज प्रीमियम लिस्टिंग और बाद में अपर सर्किट लेवल तक पहुंच कर आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 273 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 4.40 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के साथ 285 रुपये के स्तर पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने से ये शेयर कुछ देर तक गिरावट का शिकार होकर इश्यू प्राइस से नीचे 272.50 रुपये के स्तर पर भी कारोबार करता रहा, लेकिन ये दबाव अधिक देर तक कायम नहीं रहा। दोपहर 12 बजे के पहले ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण दोपहर दो बजे तक ये शेयर 299.25 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक आ गया। इस तरह पहले दिन ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 9.62 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। यूनीफाइड डाटा टेक सॉल्यूशंस का 144.47 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 से 26 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 91.12 गुना सब्सक्राइब हो गया था।

## इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और नेशनल सेमीकंडक्टर मिशन सही दिशा में उठाए गए कदम : सुनील मित्तल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने गुरुवार को उद्योग जगत से बड़े लक्ष्यों की आकांक्षा रखने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने देश के विकास में सभी हितधारकों के साथ विश्वास स्थापित करने की बात कही। राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई 'एनुअल बिजनेस समिट' में उन्होंने देश की क्षमता का निर्माण करने के लिए चार प्रमुख स्तंभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 5जी डिप्लॉयमेंट में भारत की सफलता का उदाहरण भी दिया। मित्तल ने कहा कि राष्ट्र को जनसांख्यिकीय लाभांश को पहचानना चाहिए। उन्होंने कहा, "भारत का युवा और ऊर्जावान वर्कफोर्स विकसित दुनिया के लिए एक परिसंपत्ति हो सकता है, लेकिन उद्योग और सरकार को इस टैलेंट पूल को भविष्य में नौकरी के लिए तैयार करने की दिशा में काम करना चाहिए।" सुनील मित्तल ने कहा, "भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का तेजी से विकास इसका एक स्पष्ट संकेत है।" रिसर्च और डेवलपमेंट फ्रंट पर देश को इनोवेशन के साथ-साथ डीप साइंटिफिक रिसर्च में अपने निवेश को बढ़ाने की आवश्यकता है तथा उद्योग को इसमें अग्रणी भूमिका निभाने की जरूरत है। मित्तल ने कहा कि आरएंडडी में सार्वजनिक-निजी भागीदारी भारत में मल्टीप्लायर इफेक्ट पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, "हमें उद्देश्य-संचालित उत्पाद और सेवाएं बनाने तथा अधिक वैल्यू एडिशन के साथ निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। अगले 10 वर्षों में, सही निवेश के साथ, हम एक बड़ा परिवर्तन देख सकते हैं, विशेष रूप से सेमीकंडक्टर में, जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं।" उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों का उदाहरण भी दिया, जो तेल और गैस भंडारों से समृद्ध हैं, जिनका अभी तक पूरी तरह से दोहन नहीं हुआ है। मित्तल ने आगे कहा कि सरकारी नीतियों को उद्योग की भागीदारी के साथ मिलकर बनाया जाना चाहिए तथा सीआईआई जैसे निकायों को सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए। उद्योगपति ने यह भी बताया कि मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और नेशनल सेमीकंडक्टर मिशन सही दिशा में उठाए गए कदम हैं।